देवघर संस्करण | वर्ष : 6, अंक : 19 | पंजीयन संख्या : JHAHIN/2019/78205 | website : www.awazlive.com | संवत 2081, बैशाख, कृष्ण पक्ष, दशमी | शुक्रवार, 3 मई 2024 | पृष्ठ : 16 | ₹4:00

औद्योगिक क्षेत्र का प्रमुख दैनिक (स्थापित : 15 अगस्त, 1947)

# आवाज

धनबाद, हजारीबाग, देवघर व आसनसोल (पश्चिम बंगाल) से प्रकाशित



थॉमस कप : प्रणय ने ओलंपिक मेडलिस्ट को दी मात



चांगपेंग झाओ हैं दुनिया के सबसे अमीर कैदी

### अमित शाह के डीपफेक वीडियो मामले में दिल्ली पुलिस का बड़ा एक्शन

# झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर को दिल्ली पुलिस ने किया तलब

- झारखंड कांग्रेस का 'एक्स' अकाउंट किया बंद
- झारखंड में दो अन्य लोगों के खिलाफ भी दर्ज हुई है शिकायत

**एजेंसी । 2 मई**

**नई दिल्ली :** चुनावी माहौल के बीच कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। ट्वीटर अकाउंट 'एक्स' ने झारखंड कांग्रेस के हैंडल पर एक्शन लेते हुए इस पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही कांग्रेस के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को भी 2 मई को दिल्ली पुलिस ने तलब किया था लेकिन वे दिल्ली नहीं गए। असल में कांग्रेस के इसी 'एक्स' हैंडल से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का एक 'डीपफेक मॉर्फ्ड वीडियो' पोस्ट किया गया था, जिसके बाद कानूनी कार्रवाई की मांग की गई थी। इसी मामले में ये कार्रवाई की गइर्द है। इस संबंध में कांग्रेस पार्टी के एक प्रवक्ता ने बुधवार को कहा कि झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर को दिल्ली पुलिस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के छेड़छाड़ किए गए वीडियो की जांच के सिलसिले में तलब किया है। उन्होंने कहा कि ठाकुर को 28 अप्रैल को स्पेशल सेल द्वारा दर्ज की गई एक एफआईआर के संबंध में दिल्ली पुलिस के इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) कार्यालय में जांच में शामिल होने के लिए कहा गया है। झारखंड भाजपा की तरफ से भी शाह का फर्जी वीडियो प्रसारित करने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। इन दोनों आरोपियों के नाम शैलेंद्र हाजरा और रूपेश रजक हैं। भाजपा ने अपनी शिकायत में कहा कि दोनों ने छेड़छाड़ किया हुआ वीडियो प्रसारित किया।



राजेश ठाकुर

### चीजों को बिना सत्यापित किये समन भेज देना उचित नहीं : राजेश ठाकुर

*इस मामले में झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि दिल्ली पुलिस से मंगलवार को मुझे नोटिस मिला। लेकिन यह मेरी समझ से परे है कि मुझे नोटिस क्यों दिया गया है। यह अराजकता के अलावा और कुछ नहीं है। कांग्रेस नेता ने कहा कि यदि कोई शिकायत थी तो उन्होंने सबसे पहले सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर मेरे अकाउंट में उपलब्ध सामग्री को सत्यापित करना चाहिए था। चुनाव प्रचार अपने चरम पर है और चुनाव अभियान में मेरी व्यस्तता को समझा जा सकता है। इस स्थिति में, उन्होंने मेरा लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान मांगे हैं। चीजों को बिना सत्यापित किये समन जारी करना उचित नहीं है।*

### गजेंद्र सिंह को दिल्ली पुलिस ने समन भेजा

*प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के बाद झारखंड कांग्रेस के सोशल मीडिया सेल के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह को दिल्ली पुलिस ने समन और नोटिस भेजा है। इस संबंध में पूछे जाने पर सिंह ने बताया कि तत्काल नोटिस का जवाब देना मुश्किल है। यहां तक कि उन्हें 3 मई को स्पेशल आईटी सेल के सामने पेश होने के लिए भी कहा गया है। पार्टी अपने कानूनी सलाहकारों से सलाह ले रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड कांग्रेस पर बढ़ते दबाव के कारण दिल्ली पुलिस ने एक्स से हमारा अकाउंट होल्ड करने को कहा। दूसरी ओर इस मामले को लेकर पार्टी के अंदरखाने में मंथन का दौर चल रहा है। पार्टी के पदाधिकारी इस अचानक आयी परेशानी से निपटने के लिए वकीलों से संपर्क साधने में जुटे हैं।*

### क्या है इस फेक विडियो में !

*केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के जिस फेक वीडियो को शेयर करने को लेकर यह पूरी कार्रवाई हो रही है, उसके जरिए यह बताने की कोशिश हो रही है कि भाजपा एससी-एसटी और ओबीसी के खिलाफ है और अगर वो (भाजपा) सत्ता में आती है तो इन समुदायों के लिए आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा। गृहमंत्री के इस फर्जी वीडियो को शेयर करने को लेकर सोमवार को असम पुलिस ने रीतम सिंह नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया था, जो कि असम कांग्रेस से जुड़ा हुआ है और पार्टी के 'वार रूम' का संयोजक भी है। दूसरी ओर इस मामले को लेकर कांग्रेस में हलचल मची हुई है। इस वीडियो को शेयर करने वाले अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की भी सांसे फूलने लगी है।*

# पूर्व सीएम हेमंत की क्रिमिनल रिट पर हाई कोर्ट आज सुनाएगा फैसला

**एजेंसी । 2 मई**

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका पर शुक्रवार को फैसला सुनाएगा। हाई कोर्ट ने 28 फरवरी को सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। हेमंत सोरेन का कहना था कि उनके खिलाफ जो मामला दर्ज किया गया है, वह मनी लॉन्ड्रिंग का नहीं है, जिस जमीन की बात ईडी कह रहा है वह जमीन उनके नाम कभी रहा ही नहीं। आदेश सुरक्षित रखने के बाद फैसला नहीं सुनाए जाने के खिलाफ हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दायर की है। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर ईडी से जवाब मांगा है।

### हेमंत सोरेन सहित अन्य आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ाई गई



हेमंत सोरेन

***रांची :** बड़गाई अंचल की जमीन घोटाले मामले के आरोपित जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, निलंबित उप राजस्वकर्मी भानु प्रताप प्रसाद और फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मोहम्मद सद्दाम की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में हुई। गुरुवार को कोर्ट ने तीनों की न्यायिक हिरासत की अवधि 16 मई तक के लिए बढ़ा दी है। मामले में अगली पेशी 16 मई को होगी। मामले को लेकर ईडी ने ईसीआईआर 6/2023 दर्ज किया है। मामले में भानु प्रताप प्रसाद, हेमंत सोरेन सहित पांच के खिलाफ ईडी आरोप पत्र भी दाखिल कर चुकी है । ईडी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी की रात गिरफ्तार किया गया था। मामले में ईडी ने अफसर अली, अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद को भी गिरफ्तार कर रिमांड पर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है।*

# हावड़ा के पंचायत दफ्तर में फायरिंग, उतारनी पड़ी रैफ

**एजेंसी : 2 मई**

**कोलकाता :** लोकसभा चुनाव के बीच हावड़ा जिले में तनाव का माहौल खत्म नहीं हो रहा है। अब हावड़ा के बांकड़ा इलाके में पंचायत दफ्तर के अंदर फायरिंग हुई है। रूम नंबर तीन में अचानक नकाबपोश बदमाशों ने पांच राउंड फायरिंग की। प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि हमलावर बाइक पर सवार होकर आए थे और अचानक दफ्तर में घुसकर फायरिंग करने लगे। हालांकि घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। लेकिन इस वारदात के बाद इलाके में तनाव है। सरकारी कर्मचारियों में दहशत और आसपास के लोगों में अफरा-तफरी को देखते हुए तुरंत पुलिस ने रैपिड एक्शन फोर्स (रैफ) की तैनाती की। इलाके में सेंट्रल फोर्स की भी तैनाती की गई है। किसने फायरिंग की और क्या वजह थी, यह जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त खबर

### भीषण सड़क हादसा : होमगार्ड जवान समेत चार की मौत

**रांची :** चतरा और रांची के बॉर्डर पर स्थित पिपरवार के बेलवाटांड चौक पर बुधवार की रात भीषण सड़क हादसे में होमगार्ड जवान पंकज कुमार सहित चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। पंकज एक ही बाइक पर अपने तीन बच्चों और पत्नी को बिठाकर पिपरवार की तरफ लौट रहे थे, इसी दौरान एक चार पहिया वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे बाइक पर सवार चार लोगों की तो मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका एक बेटा बुरी तरह से घायल हो गया है।

### सरकारी स्कूलों में पाठ्य सामग्री वितरण पर रोक नहीं : के रवि कुमार

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से झारखंड में अब तक 72 करोड़ 37 लाख रुपये के सामान व नकदी जब्त किये गए हैं। उन्होंने बताया कि सरकारी और सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूलों में पाठ्य सामग्री वितरण में आदर्श आचार संहिता बाधक नहीं है, बशर्ते पाठ्य सामग्री पर किसी राजनीतिक व्यक्ति की तस्वीर नहीं हो।

### पश्चिम बंगाल मामले में सुप्रीम कोर्ट में बोली सरकार

# 'केंद्र के नियंत्रण में नहीं सीबीआई'

**एजेंसी । 2 मई**

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि सीबीआई पर केंद्र का नियंत्रण नहीं है। दरअसल पश्चिम बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दावा किया है कि सीबीआई ने कई मामलों में जांच के लिए राज्य सरकार की मंजूरी नहीं ली है। बंगाल सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत केंद्र के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में मुकदमा दायर किया है। जिसमें आरोप लगाया गया है कि राज्य द्वारा सीबीआई को दी गई सामान्य सहमति वापस लेने के बावजूद भी संघीय एजेंसी एफआईआर दर्ज कर राज्य के मामलों की जांच कर रही है। संविधान का अनुच्छेद 131 केंद्र और राज्यों के अधिकार क्षेत्र से संबंधित है। केंद्र सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 'संविधान का अनुच्छेद 131 संविधान के सबसे पवित्र क्षेत्राधिकार में से एक है और इसके प्रावधानों का गलत इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। राज्य सरकार के मुकदमे में जिस मामले के बारे में बताया गया है, वह भारत सरकार ने दायर नहीं किया है, बल्कि सीबीआई ने किया था और सीबीआई, केन्द्र सरकार के नियंत्रण में नहीं है। उल्लेखनीय है कि 16 नवंबर 2018 को बंगाल सरकार ने सीबीआई को राज्य में जांच करने की मंजूरी वापस ले ली थी, जिसके तहत सीबीआई बंगाल में छापेमारी या जांच नहीं कर सकती।

# बंगाल के गवर्नर पर छेड़छाड़ का आरोप

### बोस बोले- 'ऐसी गढ़ी कहानियों से डरने वाला नहीं'

- महिला ने हेयर स्ट्रीट पुलिस स्टेशन में की शिकायत

**एजेंसी । 2 मई**

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर गुरुवार को राजभवन में अस्थायी कर्मचारी रही एक महिला ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। महिला ने हेयर स्ट्रीट पुलिस स्टेशन जाकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। कथित तौर पर आरोप है कि बोस ने महिला को उसकी नौकरी पर बात करने के लिए दो बार बुलाया था और दोनों बार उसके साथ छेड़छाड़ की गई। आरोप है कि पहले दिन महिला किसी तरह छूटकर भाग निकली, लेकिन नौकरी स्थायी करने के बहाने उसे गुरुवार को फिर बुलाया गया और कथित तौर पर फिर से छेड़छाड़ की गई। इसके बाद महिला ने शोर मचाया और बोस के खिलाफ शिकायत की। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे हेयर स्ट्रीट पुलिस स्टेशन भेजा।

**भगवान उनका भला करें : बोस**

*मामले पर टिप्पणी करते हुए राज्यपाल ने कहा कि 'सच्चाई की जीत होगी। मैं गढ़ी गई कहानियों से नहीं डरता। अगर कोई मुझे बदनाम करके कुछ चुनावी लाभ चाहता है, तो भगवान उसका भला करें, लेकिन वे बंगाल में भ्रष्टाचार और हिंसा के खिलाफ मेरी लड़ाई को नहीं रोक सकते।' गौरतलब है कि पीएम मोदी देर रात राजभवन पहुंचने वाले हैं। पीएम रात्रि विश्राम यहीं करेंगे।*

### राजनीतिक पार्टियों को चुनाव आयोग का सख्त निर्देश, कहा

# सर्वेक्षण की आड़ में वोटर्स का पंजीकरण बंद करें

- जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिया उचित कार्रवाई करने का निर्देश

**एजेंसी । 2 मई**

**नई दिल्ली :** चुनाव आयोग ने सर्वेक्षण की आड़ में प्रस्तावित लाभार्थी योजनाओं के लिए राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा पंजीकरण कराए जाने को लेकर सख्त निर्देश दिया है। चुनाव आयोग ने गुरुवार को कहा कि उसने राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा अपनी प्रस्तावित लाभार्थी योजनाओं के लिए विभिन्न सर्वेक्षणों की आड़ में मतदाताओं का विवरण मांगने को गंभीरता से लिया है, क्योंकि यह चुनाव कानून के तहत एक भ्रष्ट आचरण है। चुनाव आयोग की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि कुछ राजनीतिक दल और उम्मीदवार ऐसी गतिविधियों में लगे हुए हैं, जो वैध सर्वेक्षणों और चुनाव के बाद लाभार्थी-उन्मुख योजनाओं के लिए व्यक्तियों को पंजीकृत करने के पक्षपातपूर्ण प्रयासों के बीच की रेखाओं को धुंधला कर देते हैं। चुनाव आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों को किसी भी विज्ञापन, सर्वेक्षण या मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से चुनाव के बाद लाभार्थी-उन्मुख योजनाओं के लिए लोगों को पंजीकृत करने वाली किसी भी गतिविधि को तुरंत बंद करने और उससे दूर रहने के लिए एक सलाह जारी की। इसमें मोबाइल पर मिस्ड कॉल देकर या टेलीफोन नंबर पर कॉल करके लाभ के लिए खुद को पंजीकृत करने जैसे मामले शामिल हैं।

### आयोग ने जारी किए ये निर्देश

*इसमें कहा गया है कि चुनाव के बाद के लाभों के लिए पंजीकरण करने के लिए व्यक्तिगत निर्वाचकों को आमंत्रित करने या बुलाने का कार्य निर्वाचक और प्रस्तावित लाभ के बीच एक-से-एक लेन-देन संबंध की आवश्यकता का आभास पैदा कर सकता है। इससे एक विशेष तरीके से मतदान के लिए यथास्थिति व्यवस्था, जिससे प्रलोभन मिलता है। चुनाव आयोग ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को वैधानिक प्रावधानों के तहत ऐसे किसी भी विज्ञापन के खिलाफ उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।*



## विपक्षी दलों को पीएम मोदी का चैलेंज कहा

# 'देश में न फिर से 370 ला पाओगे न सीएए कानून को हटा पाओगे'



**एजेंसी। 2 मई**

**जूनागढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के जूनागढ़ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने खुले तौर पर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को चुनौती देते हुए कहा- मैं कांग्रेस और उनके सारे चट्टे-बट्टों को चुनौती देता हूं। आप देश में न फिर से 370 ला पाओगे, न सीएए हटा पाओगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ये चुनाव सामान्य चुनाव नहीं है... मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से ये चुनाव एंबिशन के लिए नहीं है। वो एंबिशन तो 2014 में देश की जनता ने पूरा कर दिया। 2024 का ये चुनाव मोदी के एंबिशन के लिए नहीं, मोदी के लिए 'मिशन' है और मेरा मिशन है देश के उज्जवल भविष्य का, मेरा मिशन है देश को आगे ले जाने का लेकिन कांग्रेस का एजेंडा क्या है? कांग्रेस कह रही है कि कश्मीर में जो मैंने आर्टिकल 370 खत्म कर दिया, वो कहते हैं कि 370 हम फिर से लागू करेंगे। इस देश में जो लोग आज संविधान माथे पर रख कर नाच रहे हैं न, उनकी सर्वसत्ता थी, पार्लियामेंट में उनका राज था, कश्मीर में भी उनकी सरकार थी, लेकिन वे कभी भी देश का संविधान सभी जगहों पर लागू नहीं कर पाए। मोदी के आने तक देश में दो संविधान थे।

### मोदी है मुकाबला नहीं कर पाओगे

पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस का दूसरा एजेंडा, CAA, जो लोग हमारे पड़ोस के देशों में हिंदू हैं, जो भारत मां की संतान हैं, उनका एक ही गुनाह है कि वो हिंदू धर्म, जैन धर्म, बौध धर्म, ईसाई धर्म और पारसी धर्म का पालन करते हैं इसलिए वहां से उन्हें भगा दिया जाता है। मैंने उन्हें मताधिकार देने का कानून बनाया। वे कहते हैं कि हम उसे खत्म करेंगे। मैं कांग्रेस और उनके सारे चट्टे-बट्टों को चुनौती देता हूं। आप देश में न फिर से 370 ला पाओगे, न उअअ हटा पाओगे। मैंने तीन तलाक पर कानूनी रूप से प्रतिबंध लगा दिया ताकी मेरे देश की मुसलमान बेटियों को सम्मान से जीने का हक मिले।

### कांग्रेस ने ये चुनाव भगवान राम के खिलाफ बना दिया

पीएम मोदी ने अपने भाषण में राम मंदिर का उल्लेख करते हुए कहा- ₹500 साल के बाद भगवान राम का मंदिर बन रहा था। आजादी के 75 साल बाद भी उन्होंने(कांग्रेस) रोड़े अटकाने की कोशिश की, अदालतों में भी रोड़े अटकाए। लेकिन ये मेरा सौभाग्य और आपका आशीर्वाद है कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन गया लेकिन जब उसकी प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण उन्हें दिया तो उन्होंने उसे भी ठुकरा दिया। कांग्रेस ने ये निमंत्रण ठुकरा दिया, वजह भी अब खुलकर बता दी।

# केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और दिलीप वर्मा ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया





**आवाज प्रतिनिधि। 2 मई**

**गिरिडीह।** कोडरमा लोकसभा सीट के लिए भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा के जिला निर्वाचन अधिकारी सह डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के समक्ष तीन सेट में नामांकन का पर्चा दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, भाजपा जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, कोडरमा विधायक डॉक्टर नीरा यादव, जमुआ विधायक केदार हाजरा, पूर्व विधायक नागेंद्र महतो, भाजपा नेता मुकेश जालान, संदीप डंगाईच समेत कई भाजपा नेता दोनों प्रत्याशियों के साथ मौजूद थे

वहीं गांडेय विधानसभा उपचुनाव को लेकर को भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा ने गुरुवार को पर्चा दाखिल किया। उन्होंने समाहरणालय जाकर निवार्ची पदाधिकारी गुलाम समदानी को अपना पर्चा दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ कोडरमा लोकसभा से पार्टी प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी, यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत भाजपा के तमाम बड़े नेता मौजूद थे।

# रांची में संजय सेठ ने किया नामांकन

## उत्तराखंड के सीएम ने कहा- झारखंड के लिए भी जरूरी है समान नागरिक संहिता

**आवाज प्रतिनिधि। 2 मई**

**रांची।** रांची लोकसभा सीट से एक बार फिर कमल खिलाने के लिए संजय सेठ चुनाव मैदान में उतरे हैं. समर्थकों के साथ रांची डीसी कार्यालय पहुंचे संजय सेठ ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष आज यानी 2 मई को तीन सेटों में नामांकन पर्चा दाखिल किया. इस मौके पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, आजसू प्रमुख सुदेश महतो, जदयू प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश सहित कई नेता मौजूद थे. इस मौके पर उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने संजय सेठ की जीत पक्की मानते हुए कहा कि जिस तरह से लोगों का उत्साह मोरहाबादी मैदान में आयोजित नामांकन जनसभा में देखने को मिली है उससे साफ लग रहा है कि संजय सेठ को जीतने से कोई नहीं रोक सकता. उन्होंने उत्तराखंड और झारखंड के संबंधों को बताते हुए कहा कि दोनों राज्यों का जन्म एक ही समय में हुआ है इस दृष्टि से भी खास है. उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जहां समान नागरिक संहिता लागू हुआ है. हम जिस भूमि से आए हैं वो देवभूमि है जहां से गंगोत्री निकलती है निश्चित रुप से समान नागरिक संहिता की गंगोत्री देश के अन्य राज्यों तक पहुंचेगी. झारखंड जैसे राज्य के लिए तो यह आवश्यक है.



### सभी 14 सीट के साथ 400 पार का लक्ष्य पूरा करने का दावा

नामांकन पर्चा भरने के बाद बीजेपी प्रत्याशी संजय सेठ ने दावा करते हुए कहा कि न केवल रांची बल्कि झारखंड की सभी 14 सीटों पर जीत होगी. उन्होंने 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि देश की जनता ने मोदी की गारंटी को अपनी गारंटी मानते हुए या ठान लिया है कि एक बार फिर मोदी सरकार केंद्र में लाना है यही वजह है कि मोदाबादी मैदान में आयोजित जनसभा में स्वस्फूर्त लोगों की भीड़ देखने की मिली.

# झारखंड के पूर्व सीएम की बहन अंजनी सोरेन को ओडिशा के मयूरभंज से टिकट

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) ने ओडिशा की मयूरभंज लोकसभा सीट से पार्टी के मुखिया शिबू सोरेन की बेटी और झारखंड पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की बहन अंजनी सोरेन मैदान में उतारा है. पार्टी की तरफ से बुधवार (1 मई) को इसकी घोषणा की गई है. पिछली बार भी पार्टी ने उन्हें इसी सीट से उम्मीदवार बनाया था. अंजनी का मुकाबला मयूरभंज की सीट पर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नबा चरण माझी और बीजू जनता दल (बीजेडी) के सुदाम मरांडी से है.

**क्या हुआ था 2019 में :** अगर 2019 के लोकसभा चुनावों की बात करें तो उस चुनाव मेंअंजनी सोरेन को 1,35,552 वोट मिले थे और वह तीसरे स्थान पर रहीं. वहीं बीजेपी के टुडू ने जीत दर्जकर यह सीट अपने नाम की थी. उन्हें कुल 42.1 फीसदी वोट मिले थे.

**31 जनवरी से जेल में हेमंत सोरेन :** अंजनी के भाई हेमंत सोरेन 31 जनवरी से ही जेल में बंद हैं. ईडी ने उन्हें जमीन घोटाले मामले में गिरफ्तार किया था. वहीं उनकी एक भाभी सीता सोरेन कुछ दिनों पहले बीजेपी में शामिल हो गई हैं.



### पार्टी के 'पुराने' नेता से मुकाबला

खास बात है कि बीजेडी के जिस सुदाम मरांडी से अंजनी का मुकाबला होगा, वह कभी ओडिशा में जेएमएम के मुखिया के तौर पर जिम्मेदारी निभा रहे थे. माना जा रहा है कि इसी वजह से मयूरभंज से सुदाम के खिलाफ हेमंत सोरेन की बहन को उतारा गया है. वहीं बीजेपी ने इस बार मयूरभंज सीट से मौजूदा सांसद और केंद्रीय मंत्री विश्वेश्वर टुडू को हटाकर नबा चरण माझी को टिकट दिया है.

# प्रधानमंत्री मोदी रांची में तीन मई को शाम चार बजे करेंगे रोड शो

**आवाज प्रतिनिधि। 2 मई**

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरुवार देर शाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रांची कार्यक्रम को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रांची आगमन पर स्वागत की तैयारी पर चर्चा हुई। बाद में पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी अपने दो दिवसीय झारखंड दौरे पर तीन मई को शाम चार बजे रांची पहुंचेंगे। भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से वे राजभवन जायेंगे। उन्होंने बताया कि बिरसा मुंडा राजपथ पर पूरे रास्ते, जिसमें हिनू चौक, बिरसा चौक, डीपीएस चौक अरगोड़ा चौक, भाजपा प्रदेश कार्यालय, हरमू चौक, सहजानंद चौक, कार्तिक उरांव चौक पर लोग प्रधानमंत्री का स्वागत हजारों की संख्या में कतारबद्ध होकर करेंगे। भारत माता चौक से बाल्मिकी नगर, किशोरगंज चौक, गाड़ी खाना चौक, मारवाड़ी भवन गौशाला, गिरधर प्लाजा, रातु रोड चौक तक प्रधानमंत्री जी रोड शो करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, समरी लाल, प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, सीमा पासवान, संजीव विजयवर्गीय, रमेश सिंह, कार्यालय मंत्री हेमंत दास, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता प्रतुल शाह देव, रमाकांत महतो, राफिया नाज, अशोक बड़ाइक, राहुल अवस्थी और सुबोध सिंह गुड्डू आदि उपस्थित रहे।



# तृणमूल कांग्रेस ने अब स्टार प्रसारकों की सूची से भी हटाया कुणाल घोष का नाम

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस ने गुरुवार को कुणाल घोष को एक और झटका दिया है। बुधवार को पार्टी के राज्य महासचिव पद से हटाने के बाद गुरुवार को कुणाल घोष का नाम मौजूदा लोकसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची से हटा दिया गया है। तृणमूल ने गुरुवार को भारत निर्वाचन आयोग को लोकसभा चुनाव के आगामी चरणों के लिए अपने स्टार प्रचारकों की सूची सौंपी, जिसमें घोष का नाम नहीं था। हालांकि, घोष का नाम लोकसभा चुनाव के शुरूआती चरणों के लिए पार्टी के स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल था। एक रक्तदान कार्यक्रम के लिए भाजपा नेता के साथ मंच साझा करते समय कोलकाता उत्तर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार तापस रॉय की प्रशंसा करने के कुछ घंटों बाद बुधवार को सत्तारूढ़ दल ने घोष को राज्य महासचिव के पद से हटा दिया। ताजा घटनाक्रम को तृणमूल द्वारा घोष से दूरी बनाने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, कुणाल घोष पार्टी के स्टार प्रचारकों की सूची से अपना नाम गायब होने को ज्यादा महत्व नहीं दे रहे हैं।

# बीजेपी ने रायबरेली से दिनेश प्रताप सिंह को बनाया उम्मीदवार

**एजेंसी। 2 मई**

**रायबरेली।** लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्याशी का ऐलान कर दिया है. बीजेपी ने दिनेश प्रताप सिंह को उम्मीदवार बनाया है. दिनेश प्रताप सिंह इससे पहले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और रायबरेली से सांसद रह चुकीं सोनिया गांधी के खिलाफ चुनावी मैदान में उतर चुके हैं.

हालांकि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से अभी तक उम्मीदवार का ऐलान नहीं किया गया है. सोशल मीडिया साइट एक्स पर बीजेपी ने लिखा- भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 हेतु अपनी 17वीं सूची में दो नामों पर अपनी स्वीकृति प्रदान की है. रायबरेली के अलावा बीजेपी ने कैसरगंज से भी उम्मीदवार उतारा है. पार्टी ने करण भूषण सिंह को कैंडिडेट बनाया है.

दिनेश प्रताप सिंह साल 2019 में चुनाव लड़े थे. साल 2019 की एक चुनावी सभा में जब पीएम मोदी ने दिनेश प्रताप सिंह के कंधे पर हाथ रखा. इसकी तस्वीरें भी खूब वायरल हुईं थीं. उसके बाद ही बीजेपी ने इनका कद बढ़ता चला गया. दिनेश प्रताप सिंह पहले कांग्रेस में थे. सूत्रों का दावा है कि दिनेश सिंह ने संजय सेठ के राज्यसभा चुनाव में भी अहम भूमिका निभाई थी.

**दिनेश प्रताप सिंह ने क्या कहा :** रायबरेली से प्रत्याशी बनाए जाने के बाद सिंह ने कहा कि देश के पीएम, देश के गृहमंत्री, अध्यक्ष जेपी नड्डा का और रायबरेली के भाजपा कार्यकताओं का धन्यवाद करना चाहता हूं. मैं विश्वास दिलाना चाहता हूं कि मैं कसौटी पर खड़ा उतरूंगा और कमल खिलाउंगा. मैं गांधी परिवार में जन्म नहीं लिया हूं, मैंने चांदी के चम्मच से सोने की कटोरी में खाना नहीं खाया है.

### राहुल और प्रियंका गांधी अमेठी और रायबरेली से नहीं लड़ेंगे चुनाव

**रायबरेली।** अमेठी और रायबरेली सीट से इस बार गांधी परिवार के किसी सदस्य के चुनाव नहीं लड़ने की संभावना है। राहुल गांधी को अमेठी और प्रियंका गांधी को रायबरेली से उम्मीदवार बनाने के कयास लगाए जा रहे थे। लेकिन सूत्रों के मुताबिक राहुल और प्रियंका गांधी दोनों के अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़ने की संभावना नहीं है।

**पार्टी जल्द तय करेगी उम्मीदवार :** सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी ने साफ तौर पर कहा है कि उन्होंने वायनाड सीट से चुनाव लड़ा है। उधर, प्रियंका गांधी पूरे राज्य में प्रचार करना चाहती हैं और खुद को एक सीट तक सीमित नहीं रखना चाहती हैं। वहीं सूत्रों के मुताबिक आज देर रात तक पार्टी इन दो सीटों पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर सकती है। राहुल गांधी 2004 से लगातार तीन बार अमेठी लोकसभा सीट सांसद चुने गए थे। वह 2019 में बीजेपी की नेता स्मृति ईरानी से चुनाव हार गए थे। बता दें कि शुक्रवार को अमेठी और रायबरेली सीट पर नामांकन पत्र दाखिल करने का आखिरी दिन है और इसके मद्देनजर पार्टी के आज रात तक पार्टी उम्मीदवारों की घोषणा कर सकती है। अमेठी और रायबरेली गांधी-नेहरू परिवार के पारंपरिक क्षेत्र माने जाते हैं क्योंकि इस परिवार के सदस्यों ने कई दशकों तक इन सीटों का प्रतिनिधित्व किया है।

# अधीर चौधरी पर भड़कीं ममता कहा- भाजपा के सहयोगी हैं

**एजेंसी। 2 मई**

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव से पहले एकबार फिर ममता बनर्जी ने अधीर चौधरी पर हमला बोला है। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने लोगों से यहां तक अपील कर दी कि तृणमूल को वोट देने से अच्छा है कि आप भाजपा को वोट दें। अधीर के इसी बयान पर अब ममता बनर्जी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त कर उन्हें इंडिया ब्लॉक का गद्दार तक बता दिया। उन्होंने कहा कि आमतौर पर मैं गद्दारों का नाम लेने से बचती हूं। बहरमपुर में तृणमूल उम्मीदवार यूसुफ पठान के समर्थन में आयोजित रैली के दौरान ममता ने ये बातें कहीं। हालांकि, इस दौरान उन्होंने अधीर रंजन का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा कि बरहमपुर में आज तक तृणमूल के किसी भी उम्मीदवार को जीत नहीं मिली है। कांग्रेस झूठे वादे कर भाजपा और माकपा की मदद से जीतती आई है, इसलिए मेरी आप लोगों से आग्रह है कि अपना कीमती वोट तृणमूल उम्मीदवार युसूफ पठान को देकर उन्हें विजयी बनाएं। उधर, अधीर रंजन ने मुर्शिदाबाद में एक प्रेस कांफ्रेंस में अपने बयान पर सफाई दी और कहा कि भाजपा और तृणमूल के बीच नापाक रिश्ता बन गया है। ऐसे में भाजपा और तृणमूल में किसी एक को भी वोट देना एक जैसा है। दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।



### पद जाने के एक दिन बाद मीडिया के सामने फूट-फूट कर रोए कुणाल घोष

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के महासचिव के पद से हटाए जाने के एक दिन बाद गुरुवार को कुणाल घोष मीडिया के कैमरे के सामने फूट-फूट कर रोए हैं। चिटफंड के विभिन्न मामलों में लंबे समय तक जेल में रहने के बाद तृणमूल के प्रवक्ता के रूप में वह तैनात थे। बुधवार को पार्टी ने उन्हें सभी पदों से हटा दिया जिसके बाद गुरुवार को मीडिया के सामने आते ही वह रो पड़े। अपने समर्थकों के लिए खास संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि भले ही मैं पद पर नहीं हूं लेकिन सही पथ पर हूं। कुणाल ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि वह अपनी जान देकर उनकी रक्षा करेंगे। बूथ पर काम करने के दौरान अगर उन्हें बाधा आएगी तो तृणमूल कार्यकर्ताओं के साथ खड़े रहेंगे। इशारे-इशारे में सुदीप बनर्जी और पार्टी के अन्य नेताओं पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि चमचों के जरिए पार्टी नहीं चलती है, जमीनी कार्यकर्ताओं के जरिए चलती है। उनका अपमान वह बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेंगे।




देवघर संस्करण | वर्ष : 6, अंक : 19 | पंजीयन संख्या : JHAHIN/2019/78205 | website : www.awazlive.com | संवत 2081, बैशाख, कृष्ण पक्ष, दशमी | शुक्रवार, 3 मई, 2024 | पृष्ठ : 16 ₹4:00




औद्योगिक क्षेत्र का प्रमुख दैनिक (स्थापित : 15 अगस्त, 1947)

# आवाज

धनबाद, हजारीबाग, देवघर व आसनसोल (पश्चिम बंगाल) से प्रकाशित



**मौसम**

| स्थान | अधिकतम | न्यूनतम | वर्षा |
|---|---|---|---|
| धनबाद | 38 | 21 | 0% |
| देवघर | 44 | 20 | 0% |
| हजारीबाग | 42 | 17 | 0% |
| आसनसोल | 45 | 23 | 0% |
| रांची | 41 | 20 | 0% |
| पटना | 40 | 24 | 0% |

## बंगाल के बोदरा से प्रतिदिन तेतुलिया में मंगाए जा रहे 100 टन अवैध कोयला

- बॉर्डर क्रॉस कर तस्कर मैथन चिरकुंडा, निरसा होते हुए पहुंचा रहे तेतुलिया
- जयराम और जीतन कर रहे कोयले की तस्करी



**आवाज प्रतिनिधि। 2 अप्रैल**

**धनबाद।** धनबाद में कोयला तस्करी बंद है बावजूद कुछ हार्डकोर तस्कर कोयला तस्करी कर जिला प्रशासन को चुनौती दे रहे हैं। ऐसा इसलिए की चुनावी माहौल में जिला प्रशासन जिले के सभी बॉर्डर इलाकों पर चेकिंग अभियान चला रही है ऐसे में बंगाल के बोदरा से धनबाद में अवैध कोयला की गाड़ियों का प्रवेश करना कई सवाल भी खड़े हो रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कोयला तस्कर दूसरे रास्ते का इस्तेमाले कर रहे हैं जहां अधिकारियों की नजर नहीं है। यह खेल रात के अंधेरे में अंजाम दिया जा रहा है। बताया जाता है की तस्कर अवैध कोयला लदे गाड़ियों को बॉर्डर क्रॉस कर मैथन, चिरकुंडा, निरसा होते हुए तेतुलिया कोयला पहुंचा रहे। सूत्रों की माने तो इस काले खेल को अंजाम देने में जयराम और जीतन नामक तस्कर बखूबी अंजाम दे रहे हैं। बताया जाता है कि प्रतिदिन 100 टन की कोयले की तस्करी बंगाल से धनबाद में की जा रही है। इस खेल को अंजाम देने में लोकल स्तर के सरकारी कर्मी की भूमिका संदिग्ध है।

### देर रात दो बजे के बाद चलता है कोयले का काला खेल

*कोयला तस्करी का काला खेल देर रात दो बजे के बाद शुरू होता है। सूत्रों के अनुसार बंगाल का कोयला तेतुलमारी के एक चर्चित कोयला कारोबारी के ठिकानों पर पहुंचतो है। पहले भी इनके ठिकानों पर छापेमारी हो चुकी है। सूत्रों का दावा है कि पहले जिस ठिकानों पर छापेमारी के बाद कोयला जब्त किया गया था। अब बाउंड्री गिराकर उक्त कोयले का उठाव कर वहां उसकी जगह रिजेक्शन वाला कोयला रख दिया जा रहा है। इसकी जांच हुई तो इस काले खेल का खुलासा हो जाएगा।*

## झारखंड की सलीमा टेटे बनीं भारतीय हॉकी टीम की कप्तान

- सविता पूनिया की लेंगी जगह



**एजेंसी। 2 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम में बड़ा बदलाव हुआ है। मिडफील्डर सलीमा टेटे को अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया की जगह इस महीने के आखिर में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के बेल्जियम और इंग्लैंड चरण के लिए भारत की 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम का कप्तान चुना गया है। वहीं, नवनीत कौर को उपकप्तान बनाया गया है। सलीमा ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा- मुझे खुशी है कि टीम की कप्तानी दी गई है। यह बड़ी जिम्मेदारी है और मैं इसे लेकर उत्साहित हूं। हमारे पास मजबूत टीम है जिसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, 'एफआईएच प्रो लीग के आगामी बेल्जियम और इंग्लैंड चरण में हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। हमें अपनी कमजोरियों से पार पाना है।' सविता ओलंपिक क्वालिफायर और उसके बाद प्रो लीग मैचों में भारत की कप्तान रही थीं। बेल्जियम में मैच 22 से 26 मई तक और इंग्लैंड में एक से नौ जून तक होंगे। भारत का सामना पहले चरण में दो बार अर्जेंटीना और बेल्जियम से होगा। लंदन चरण में टीम ब्रिटेन और जर्मनी से खेलेगी। भारत इस समय प्रो लीग तालिका में छठे स्थान पर है। सलीमा को हाल ही में हॉकी इंडिया सालाना पुरस्कारों में बलबीर सिंह सीनियर वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला था।

## कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा ने किया नामांकन



नामांकन पत्र सौपतीं अनुपमा सिंह

**आवाज प्रतिनिधि। 2 अप्रैल**

**धनबाद।** कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने आज जिला समाहरणालय पहुंचकर अपना नामांकन किया। उनके साथ उनके पति सह बेरमो विधायक अनूप सिंह उर्फ जय मंगल सिंह, झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, प्रत्याशी की सास रानी सिंह, ए के झा, मिथिलेश तिवारी मौजूद थे। मेमको मोड़ में कार्यकर्ताओं का हुजूम लगा रहा। अनुपमा सिंह ने कहा कि एक पड़ाव मेरा पूरा हुआ है। अब अगले पड़ाव की तैयारी में हम जुटे हुए हैं।

### भाजपा के साथ नहीं जाने वाले पर होता है झूठा मुकदमा : सीएम चंपाई



*__धनबाद।__ भ्रष्टाचार करने वाले लोग भाजपा में शामिल होते ही वाशिंग मशीन से धुल जाते हैं। जो उनके साथ नहीं जाता है, उन पर झूठा मुकदमा दर्ज करने का काम करते हैं। ईडी, सीबीआई के मामले में फंसा कर जेल भेजने का काम करते है। यह कहना है मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन का। सीएम श्री सोरेन बुधवार को धनबाद में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के नामांकन के बाद गोल्फ ग्राउंड में आयोजित सभा में कहीं। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल दिया गया। चंपाई सोरेन ने कहा कि दस साल से भाजपा की सरकार जनता से केवल झूठ बोलने का काम कर रही है। कमर तोड़ महंगाई हो या इंदिरा आवास, केंद्र ने झारखंड के साथ भेदभाव किया।*

**राघव चड्ढा हमेशा के लिए खो देते अपनी आंखों की रोशनी**

## लंदन में सर्जरी के बाद हो रही अच्छी रिकवरी



**एजेंसी। 2 अप्रैल**

**नई दिल्ली।** आप नेता राघव चड्ढा को लेकर एक बड़ी हेल्थ अपडेट चर्चा में हैं। टीओआई की रिपोर्ट के अनुसार, उनकी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने बताया कि राघव चड्ढा लंदन में आई सर्जरी के लिए गए हैं। उन्हें आंखों की गंभीर समस्या थी, जिसकी वजह से उनकी आंखों की रोशनी हमेशा के लिए जा सकती थी। एक रिपोर्ट राघव की आंखों के रेटिना में छेद होने की बात कहती है तो कुछ रिपोर्ट निजी सोर्स के हवाले से रेटिना डिटेचमेंट की जानकारी देते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक आप नेता राघव चड्ढा सर्जरी के बाद अच्छी रिकवरी कर रहे हैं। इस आर्टिकल में रेटिना डिटेंचमेंट और विट्रोक्टोमी के बारे में जानते हैं। रेटिना के बीच में एक छोटा सा छेद हो जाता है जिसे मैक्यूलर होल भी कहते हैं। इसके सटीक कारण नहीं पता लगे हैं, लेकिन एक्सपर्ट्स मानते हैं कि आंखों की चोट, रेटिना की सूजन, डायबिटीज, रेटिनल डिटेचमेंट, एक आंख से दूर ना देख पाना, मैक्यूला के ऊपर दाग बनने से इसका खतरा हो सकता है।

## चौपारण : ढाब-सलौनिया जंगल में अवैध खनन में एक की मौत

- अवैध खनन में एक की मौत
- मुवावजे की मांग पर अड़े परिजन
- देर शाम निकाला गया शव

**आवाज प्रतिनिधि। 2 अप्रैल**

**चौपारण।** चौपारण प्रखंड के गोविंदपुर पंचायत अन्तगर्त ग्राम भटबिगहा के ढाब - सलौनीया जंगल में गुरुवार को अवैध पत्थर खदान धंस जाने से एक मजदूर का दबकर मौत हो गई। घटना सुबह लगभग नौ बजे की है। वहीं अवैध खनन से जुड़े पत्थर माफिया मामला को दबाये रख मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना ग्रामीणों ने प्रशासन को दी। घटना के सूचना के बाद थाना प्रभारी, सीओ घटना स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों की मदद से शव निकालने का रेस्क्यू आरंभ करवाया। खदान लगभग दो सौ फीट से अधिक गहरा होने से नीचे पोप्लेन मशीन के सहारे शव को मिट्टी और पत्थर के नीचे दबे होने के कारण घंटो देर बाद काफी मश्कत से शव को बाहर निकाला गया। शव की पहचान छोटन सिंह उम्र 50 वर्ष पिता स्व रामाधीन सिंह ग्राम नजीरगंज थाना इटखोरी जिला चतरा के रूप में किया गया। इधर मृतक के परिजन बड़ी संख्या में घटना स्थल पर जुटे थे।सभी आक्रोशित थे। आरोपी की गिरफ्तारी तथा मुआवजा की मांग कर रहे थे मौके पर बीडीओ सह सीओ संजय कुमार यादव तथा थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह आदि के मदद से शव को बाहर निकाला गया।

## संदेशखाली मामले में हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच से जताई संतुष्टि



**एजेंसी। 2 अप्रैल**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली की घटना को लेकर खूब हंगामा हुआ था। कलकत्ता हाईकोर्ट ने संदेशखाली में महिलाओं पर हुए अत्याचार और जमीन कब्जाने के आरोपों की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। अब सीबीआई ने जांच की प्रारंभिक रिपोर्ट हाईकोर्ट को सौंप दी, जिस पर अदालत ने संतोष व्यक्त किया है। प्रधान न्यायाधीश टी एस शिवागन्नम ने न्यायमूर्ति हिरणमय भट्टाचार्य के साथ सीबीआई की रिपोर्ट की समीक्षा की। इस दौरान अदालत ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) को इस मामले में एक पक्ष के रूप में शामिल करने की अनुमति दे दी। वहीं, जानकारी को गोपनीय रखने की एजेंसी के अनुरोध को भी स्वीकार कर लिया। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को कोर्ट की निगरानी में संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ हुए अपराध, जमीन कब्जाने जैसे आरोपों की सीबीआई जांच का आदेश दिया था।

## मोबाइल पर अब दिखेगा कॉलर्स का नाम




- ट्राई ने टेलीकॉम कंपनियों को दिये निर्देश

**एजेंसी। 2 अप्रैल**


**नई दिल्ली।** अगर आपके स्मार्टफोन में किसी का नंबर सेव नहीं है और आपके पास कोई अनजान नंबर से कॉल आती है, तो आपके दिमाग में पहला सवाल यही आता है कि कॉल करने वाला कौन हो सकता है. अगर अक्सर आपके साथ ऐसा होता है तो परेशान होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने देशभर में टेलीकॉम कंपनियों को कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन लागू करने का आदेश दिया है, जिसके बाद अगर आपके फोन पर कोई अनजान व्यक्ति कॉल करेगा तो उसका नाम आपको अपने फोन की स्क्रीन पर दिखाई देगा.स्मार्टफोन यूजर्स अपने फोन में अनजान कॉल के बारे में जानकारी लेने के लिए थर्ड पार्टी ऐप्स का इस्तेमाल करते हैं, जिसमें बहुत सारे यूजर्स ट्रू कॉलर का इस्तेमाल करते हैं. थर्ड पार्टी ऐप्स अपनी सुविधाएं देने के लिए इस्टॉल होने के टाइम पर बहुत सारी परमिशन मांगते हैं, जिसमें कॉन्टैक्ट डिटेल, फोन गैलरी, स्पीकर, कैमरा और कॉल हिस्ट्री की जानकारी शामिल होती है।

### कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन का ट्रायल शुरू

*ट्राई ने देशभर में मौजूद सभी दूरसंचार कंपनियों को कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन फीचर रोलआउट करने का निर्देश दिया है. जिसके बाद देश में मौजूद मोबाइल सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों ने इसका ट्रायल शुरू कर दिया है. ट्राई के अनुसार, अगर ये ट्रायल सफल होता है तो कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन फीचर देशभर में लागू किया जाएगा. जिसके बाद आपको अननॉन नंबर के बारे में जानकारी करने के लिए किसी भी थर्ड पार्टी ऐप की जरूरत नहीं होगी।*

### हरियाणा से शुरू होगी नेम प्रेजेंटेशन फीचर

*ट्राई ने कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन फीचर को टेस्ट करने के लिए देश के सबसे छोटे सर्कल का चुनाव किया है. जिसके बाद मोबाइल सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों ने कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन फीचर की टेस्टिंग हरियाणा में शुरू करने जा रही हैं।*



## लोकसभा चुनाव को ले बढ़ा सियासी पारा, प्रत्याशियों ने तेज किया जनसंपर्क

# प्रचार प्रसार में अपनी ताकत झोकें कार्यकर्ता : निशिकांत

### सोनारायठाढ़ी प्रखंड के दर्जनों गांव में भाजपा प्रत्याशी निशिकांत ने किया जनसंपर्क



जनसभा में उपस्थित भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे

**आवाज संवाददाता**

**देवघर।** बुधवार को सोनारायठाढ़ी प्रखंड क्षेत्र के कुल 18 गांवो में गोड्डा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ निशिकांत दुबे ने जनसंपर्क कर वोट मांगा । इस क्रम में उनके द्वारा बगझोपा, मधुबन, खपचवा पहरीडीह, विराजपुर, जरका वन पंचायत के चंदना, अमजोरा, परसबोनी, झुनकी, दामाकुंडा, पंडरिया, खिजुरिया, कोल्हड़िया, रायकुण्ड, दोंदिया - नवाडीह, पोरखवा, ठाड़ीलपरा , रायकुंड पहुंचे व कार्यकताओं के घर चाय, ठंडा पानी व भोजन कर चुनाव की चर्चा की। उन्होंने कहा कि जनता की रुझान भाजपा की और है । वही प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों नेताओं ने अपने-अपने बूथ में भी ज्यादा से ज्यादा लोगों को भीड़ इकट्ठा किया था। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अनिरुद्ध झा, सांसद प्रतिनिधि रामनारायण राय, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राज्य के उपाध्यक्ष आलमगीर अंसारी,भाजपा नेता प्रभात कुमार सिंह, , महामंत्री मनोज मंडल, कामेश्वर साह, मुन्ना सिंह, संजय पांडेय, जयकान्त मंडल, हीरालाल मिस्त्री, मुरली ठाकुर, आशीष यादव, मुन्ना सिंह,जयकांत यादव,समेत दर्जनों लोग मजूद थे।



बाबा मंदिर में जलार्पण करते यूपी के डिप्सी सीएम केशव मोर्य

## भाजपा ने लोकसभा चुनाव को ले देवघर कार्यालय का किया उद्घाटन



कार्यालय उद्घाटन के बाद सभा को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी

**आवाज संवाददाता**

**देवघर।** भारतीय जनता पार्टी गोड्डा लोकसभा चुनाव को ले बाजला चौक ओएसिस गार्डन में मंत्रोच्चार के साथ चुनाव कार्यालय का उद्घाटन गोड्डा लोकसभा के सांसद डॉ निशिकांत दुबे फीता काटकर किया। इस उद्घाटन समारोह में जिला अध्यक्ष सचिन रवानी अनुकांत दुबे आजसु पार्टी ध्रुव शाह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजीव जजवाड़े रिता चौरसिया विशाखा सिंह समाज सेवी सुनील खवाड़े के साथ-साथ समाज के कई समाजसेवी एवं पार्टी के कार्यकर्ता उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह के बाद सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने अपने कार्यकताओं और शहर वासियों को अपने संबोधन में संबोधित किया और कहा मुझे विश्वास ही नहीं पूरा भरोसा है इस बार भी मैं गोडडा लोकसभा मैं आप लोग के प्रयास से भारी मतों से जीत हासिल करूंगा और इस बार फिर नरेंद्र भाई मोदी जी को देश का प्रधानमंत्री बनना है इस बैठक में सांसद डॉ निशिकांत दुबे जिला अध्यक्ष सचिन रवानी अनुकांत दुबे आजसू पार्टी के ध्रुव शाह प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजीव जजवाड़े रीता चौरसिया जिला महामंत्री अधीर चंद्र भैया पंकज सिंह भदोरिया जिला उपाध्यक्ष राकेश नरोने समाजसेवी सुनील खवाड़े विशाखा सिंह विजया सिंह पिंटू तिवारी मुकेश पाठक कनिष्कांत दुबे महीकांत दुबे देवता पांडे प्रज्ञा झा राजीव सिंह सचिन सुल्तानिया रूपा केसरी दिलीप सिंह अमृत मिश्रा अकाश सिंह ममता गुप्ता विनय चंद्रवंशी बबलू सिंह वीरेंद्र सिंह पीयूष पांडे सशदरी दुबे हरीकिशोर सिंह श्री राम सिंह चौहान सचिन मिश्रा बालानाथ सिन्हा विपिन मिश्रा सौरभ सिंह वियास मिश्रा संजय राय मनोज झा उचित राय प्रवीण राय प्रदीप झा विमल खेतान गोपाल शर्मा गुड्डू बंका सावित्री देवी विनीता पासवान अलका सोनी निशा सिंह संपा घोष कुसुम सिंह विश्वजीत बरनवाल कमलेश बरनवाल अजीत केसरी आलोक मलिक सारिका साह अभय आनंद झा कुंदन नरोने ईश्वर राय प्रेम राय प्रमोद राय चुलबुल राय एवं पार्टी के कार्यकर्ता एवं विभिन्न समाज के प्रतिनिधि मौजूद थे।

**मिशन गोड्डा लोकसभा!!**

## भाजपा का आज से तूफानी जनसंपर्क अभियान शुरू

**आवाज संवाददाता**

**देवघर।** भाजपा लोकप्रिय प्रत्याशी डॉ निशिकांत दुबे जी के पक्ष में वोट करने का अपील किया! गंगा नारायण सिंह जी ने सभी जनता जनार्दन ने एक स्वर में कहा अबकी बार मोदी सरकार। मौके पर मौजूद, बासदेव यादव, नागेश्वर यादव बिरेंद्र यादव, मेघनाथ यादव टुनटुन तुरी, नरेश सिंह राजेन्द्र सिंह, कारू सिंह सचिन तुरी रिंकू झा रुद्नारायण साही सुमित झा आदि लोग मौजूद थे। मौके पर मौजूद, बासदेव यादव, नागेश्वर यादव बिरेंद्र यादव, मेघनाथ यादव टुनटुन तुरी, नरेश सिंह राजेन्द्र सिंह, कारू सिंह सचिन तुरी रिंकू झा रुद्नारायण साही सुमित झा आदि लोग मौजूद थे।

# मधुपुर से प्रदीप को डेढ़ लाख वोट मिलेगा : हफिजुल

### महागठबंधन का कार्यकर्ता सम्मेलन, मंत्री हफिजुल हसन भी हुए शामिल



कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव व साथ में मंत्री हफिजुल

**आवाज संवाददाता**

**मधुपुर।** मधुपुर कॉलेज रोड स्थित एक निर्जों होटल के सभागार में महागठबंधन का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। उक्त सम्मेलन में सुबे के अल्पसंख्यक कल्याण युवा कार्य कला संस्कृति पर्यटक एवं निबंधन विभाग के मंत्री हफीजुल हसन, महागठबंधन के गोड्डा लोकसभा प्रत्याशी प्रदीप यादव, कांग्रेस नेत्री शबाना खातून उपस्थित हुए। महागठबंधन के सैकड़ो कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे सर्वप्रथम मंत्री एवं गोड्डा प्रत्याशी को कार्यकताओं ने बुके देखकर व माला पहनकर स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा मधुपुर विधानसभा से डेढ़ लाख वोट प्रदीप यादव को देना है। वहीं प्रदीप यादव ने कहा भाजपा कूटनीति भेदभाव जातिवाद पर चुनाव लड़ रहा है। हम सभी महागठबंधन के लोग मिलकर भाजपा को हराएंगे और गोड्डा लोकसभा भाजपा मुक्त करेंगे। कार्यक्रम में झामुमो जिला अध्यक्ष संजय शर्मा, फैयाज केसर, दिनेश्वर किसकु, फारूक अंसारी, सोहन मुर्मू, जयशंकर शरण, मकबूल फिदा, मो. राजा ,मुर्शीद अली, सोहराब अंसारी ,सुधीर मंडल, बाबूराम मुर्मू ,गुलजार अंसारी, हलीम अंसारी, जितेंद्र तिवारी ,शमीम उर्फ पप्पू हुसैन अंसारी, फैयाज आलम, महबूब अंसारी आदि मौजूद रहे।

## डॉ रित्विक ने प्रदीप के पक्ष में मांगा वोट, किया जनसंपर्क



सभा को संबोधित करते डॉ रित्विक

**आवाज संवाददाता।**

**सोनारायठाढ़ी।** गुरुवार को महागठबंधन प्रत्याशी प्रदीप यादव के पुत्र डॉक्टर रित्विक राज, समेत सोनारयठाडी के जिला परिषद सदस्य राजीव कुमार, युवा नेता आलोक यादव ,विरेन्द्र यादव महेंद्र यादव, सलाउद्दीन अंसारी, कृष्णा पासवान, गंगाधर यादव, सोरव कुमार, रोहित राउत, सुबोध राउत, संजय यादव, बरुण यादव, अशोक यादव, गोपाल यादव, कन्हैया यादव, मुखिया निवास कुमार मंडल एवं दर्जनों कार्यकर्ता ने एक साथ सोनारायठाडी प्रखंड के विभिन्न गांव में जाकर महागठबंधन प्रत्याशी प्रदीप यादव के पक्ष में वोट मांगा। वही रितिक राज ने कहा कि वह नेता नहीं बल्कि बेटा बनकर आपलोगों के बीच आए है। उन्होंने कहा कि वह आप लोगों के बीच आते थे आते हैं और आते ही रहेंगे।

# इंडिया महागठबंधन ने चुनाव को ले विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ की मंत्रणा

**आवाज संवाददाता**

**देवघर।** देवघर नगर इंडिया महागठबंधन के घटक दलों की एक विशेष बैठक होटल न्यू ग्रैंड के सभागार में कांग्रेस नगर अध्यक्ष रवि केसरी की अध्यक्षता में की गई। बैठक मुख्य रूप से गोड्डा लोकसभा चुनाव संचालन,सांगठनिक कार्यों एवं आगे की रणनीति को लेकर किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में हर वार्ड एवं बुथ स्तर पर समीक्षा करते हुए इंडिया महागठबंधन का सभी घटक दलों के बुथ कमिटियों को लेकर एक संयुक्त एवं सशक्त बुथ कमिटी गठन करने का निर्णय लिया गया, ताकि हर बुथ पर महागठबंधन के कार्यकर्ता पुरी मुस्तैदी से खड़ा रहकर लीड कराए। वार्ड स्तर की कमिटी इस बैठक में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय शर्मा,राष्ट्रीय जनता दल के जिलाध्यक्ष प्रो फणीभूषण यादव,कांग्रेस प्रदेश सचिव नागेश्वर सिंह ने कार्यकताओं को संबोधित कर सफल चुनाव संचालन तथा अपनी जीत सुनिश्चित करने के गुर निति की जानकारी दी। इस दौरान कांग्रेस जिला प्रवक्ता दिनेश कुमार मंडल, मणिकांत यादव,झामुमो के सरोज सिंह, सुरेश साह, मकसूद आलम,राहुल चंद्रवंशी,अजय मिश्रा,मनोज दास,सूरज झा,महेंद्र यादव, संजय साह, वैभव चंद्रवंशी, राजद के प्रमोद यादव,नगर अध्यक्ष पिंटू यादव, हैदर खान, विजय यादव,ममता मिश्रा,मुड़ली देवी, दिवाकर चौधरी,ज्योति देवी, हर्षिता, वार्ड पार्षद कार्तिक यादव,बिहारी यादव,राम कृष्ण पासवान, राहुल राज, कुमार बाबा, पंकज कुमार, नारायण महथा, सतेन्द्र यादव, दीपू झा, समीर कर्म्हे, श्यामा कांत झा, रंजीत मंडल, राकेश जसवाल, संजय यादव, शहनाज,सूधीर झा,जमीर अंसारी, मो आजाद,वृजभूषण राम,जयनाथ मंडल,अभिषेक आनंद झा, सुनिल महथा, रोशन सिंह, कुंदन सिंह,सुमित, सूजीत यादव, विपीन नारायण देव,रोणक शांडिल्य, आदर्श झा, अनिल पंडित, मृत्युंजय राउत, विजय दास, महादेव पासवान, अश्विनी सिंह, कृष्णकांत गुप्ता, दिलीप राम, चंदन कुमार, भूषण बरनवाल, सुशांत राय, विकास कश्यप, रामाकांत, बिहारी महथा आदि मौजूद थे।



बैठक में उपस्थित इंडिया गठबंधन के घटक दलों के प्रतिनिधि

## जमीन विवाद को लेकर महिला के साथ मारपीट

**आवाज संवाददाता।**

**देवघर।** जसीडीह थाना क्षेत्र के जोरमो नवाडी गांव में जमीन विवाद को लेकर एक महिला के साथ दुसरे पक्ष के द्वारा मारपीट कर महिला को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया. जिसके बाद स्थानीय लोगों ने महिला इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया. जहां पर ऑन ड्यूटी चिकित्सक के द्वारा महिला का इलाज कर वार्ड में भर्ती कर दिया गया. घटना के संबंध में घायल महिला के पिता ओम प्रकाश यादव ने बताया कि पिछले कई दिनों से जमीन को लेकर सौतेली देवर के साथ विवाद चल रहा था, उसी क्रम में जब घर में कोई नहीं था तो दुसरे पक्ष के लोग घर के अंदर घुस गये और गाली गलौज करते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया. जिसमें सिंधु देवी उर्म 32 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गयी. इस दौरान महिला के द्वारा हो हल्ला करने के बाद आस पड़ोस के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और लड़ाई को शांत करवाया. इसके बाद घायल के पिता ओमप्रकाश यादव ने पुत्री सिंधु देवी को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया. जहां पर इलाज जारी है घटना की जानकारी संबंधित थाना की पुलिस को दे दी गई है पुलिस मामले को लेकर जांच पड़ताल कर रही है.

## मोबाइल की मांग को लेकर किशोर ने किया विषपान

**आवाज संवाददाता।**

**देवघर।** कुंडा थाना क्षेत्र के जोगीडीह गांव में एक किशोर ने विषपान कर लिया. जिसे गंभीर हालत इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया. जहां पर ऑन ड्यूटी चिकित्सक के द्वारा किशोर का इलाज कर वार्ड में भर्ती कर दिया गया. घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि कुंडा थाना क्षेत्र के जोगीडीह के पास एक 12 वर्षीय किशोर तीन दिन से मोबाइल खरीदने का जिद कर रहा था, उसके पिता पिताजी बाहर में काम करते हैं, उनके आने पर ही मोबाइल खरीदा जायेगा. जिसको लेकर गुरुवार को घर में खाना खाकर घर से बाहर गया और जहरीला पदार्थ खा लिया. जिससे उसकी हालत खराब होने लगी।

## गैस सिलेंडर का पाइप फटने से तीन लोग घायल

**आवाज संवाददाता।**

**देवघर।** जसीडीह थाना क्षेत्र के पुनासी स्थित तेतरिया गांव में गैस सिलेंडर का पाइप फटने से एक पुरुष व दो महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी है, जिसे जख्मी हालत में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया. जहां पर ऑन ड्यूटी चिकित्सक के द्वारा तीनो का इलाज कर बर्न वार्ड में भर्ती कर दिया गया. घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि गैस खत्म हो गया था, जिसको बदलकर भरा हुआ सिलेंडर लगाकर गैस चूल्हे में लगाया, उसी क्रम में गैस पाइप फट गया और अचानक किचन आग फेल गया. जिसको बुझाने के क्रम में रविकांत सिंह, माधुरी देवी एवं नैना देवी झुलस गयी. जिसके बाद घायलों के द्वारा हो हल्ला करने पर आस पड़ोस के लोग घटना स्थल पर पहुंचे और आग को बूझकर तीनों जख्मी को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया. जहां पर डॉक्टर के द्वारा तीनों का इलाज कर बर्न वार्ड में भर्ती कर दिया गया।

## अपमान : रेलवे स्टेशन में लहरा रहा फटा तिरंगा

**आवाज संवाददाता।**



**देवघर।** केंद्र सरकार के निर्देशन पर देवघर रेलवे स्टेशन के बाहर विशाल राष्ट्रीय ध्वज लगाए गए थे। रेलवे स्टेशन पर लगा यह तिरंगा तेज हवाओं के चलते फट गया है। बताया जा रहा है कि लगभग एक सप्ताह से यह फटा हुआ ध्वज यहां पर लहरा रहा है। 100 फीट की ऊंचाई पर फटा हुआ तिरंगा लहरा रहा है जिससे तिरंगे का अपमान हो रहा है। लेकिन रेलवे के किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की नजर इस पर नहीं पड़ी। यह लापरवाही दशार्ता है कि रेल प्रशासन कितना सतर्क है। बताया कि रेलवे स्टेशन पर लगा विशाल तिरंगा लोगों को आकर्षित करता है। साथ ही लोगों का इसके प्रति सम्मान भी बढ़ता है। लेकिन पिछले कुछ दिनों से यह ध्वज फट गया है। बताया जा रहा है कि कुछ दिनों पूर्व चली तेज हवाओं के चलते तिरंगा में सबसे ऊपर लगी केशरिया पट्टी हवाओं से फट गई है और इसके ऊपर और नीचे की किनारी के कपड़े फट गए है। विदित हो कि राष्ट्रीय ध्वज संहिता के अनुसार इस प्रकार का ध्वज कहीं नहीं फहराया जा सकता है।

### क्या कहती है ध्वज संहिता

कानून के जानकार की माने तो ध्वज संहिता के अनुसार क्षतिग्रस्त, कटे फटे या फिर उड़े रंगों वाला अस्त-व्यस्त ध्वज नहीं फहराया जाना चाहिए। संहिता के अनुसार ऐसे ध्वज को एकांत में पूर्ण सम्मान के साथ जलाकर या दफना कर पूरी तरह से नष्ट कर दिया जाए ताकि राष्ट्र ध्वज की गरिमा और महिमा बनी रहे। ध्वज संहिता में तिरंगे के अपमान पर 3 साल की जेल आर्थिक जुमार्ने का भी प्रावधान है।

# ब्राउन सुगर के साथ तीन गिरफ्तार

- बंगाल से लाकर करते थे बेचने का काम
- तीनों का रहा है आपराधिक इतिहास

**आवाज संवाददाता**



**देवघर।** देवघर पुलिस ने गुप्त सूचना पर मोहनपुर थाना इलाके से ब्राउन शुगर के साथ तीन आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। तीनों के पास से 25 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। जेल गए आरोपी का नाम आशीष कुमार मंडल, कुंदन कुमार मंडल ग्राम घोरमारा थाना मोहनपुर और बूढाई थाना क्षेत्र के शरीफ शेख के नाम शामिल हैं। इसे लेकर सदर एसडीपीओ ऋतिक श्रीवास्तव ने अपने कार्यालय कक्ष में एक प्रेस वार्ता कर विशेष रूप से जानकारी दी। बताया कि देवघर पुलिस को गुप्ता सूचना मिली थी कि मोहनपुर थाना क्षेत्र के घोरमारा बाजार में दो बाइक पर सवार तीन युवकों द्वारा आसपास के इलाके में ब्राउन शुगर बेचने का काम किया जा रहा है। उक्त सूचना पर एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा छापामारी कर घोरमारा बाजार से तीनों युवक को हिरासत में लिया गया। जब उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास से 25 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया जिसका अनुमानित कीमत लगभग 50 हजार बताया जाता है। इनके पास से दो मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि यह सभी लोग बंगाल के आसनसोल से ब्राउन शुगर लाकर इलाकों में बेचने का काम करते थे। बताया कि गिरफ्तार कुंदन कुमार मंडल मोहनपुर थाना कांड संख्या 221/23 हत्या के मामले का भी आरोपी था। वहीं आशीष मंडल मोहनपुर थाना कांड संख्या 164/21, 241/23 तथा 92/23 में चोरी और एनडीपीएस एक्ट का आरोपी रहा है। जबकि शरीफ शेख बूढाई थाना कांड संख्या 99/23 में एनडीपीएस एक्ट का आरोपी रहा है।

### टीम में थे शामिल

छापेमारी टीम में सादर एसडीपीओ ऋतिक श्रीवास्तव के अलावे मोहनपुर थाना प्रभारी प्रिया रंजन, पुअनि वीरेंद्र उरांव, सअनि राजू राजवार, आरक्षी शिवराम हेंब्रम, संजय कुमार यादव, राकेश कुमार मनोज शर्मा चालक रोहित कुमार और वंशी लाल यादव शामिल थे।

# सभी राजनीतिक दलों के साथ ईवीएम का हुआ पहला रेंडमाइजेशन

आवाज प्रतिनिधि



**देवघर ।** लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने सारी तैयारी लगभग पूरी कर ली है। गुरुवार को समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विशाल सागर की अध्यक्षता में मतदान के लिए उपयोग में ली जाने वाली ईवीएम और वीवीपैट मशीनों के लिए प्रथम चरण का रेंडमाइजेशन सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया गया। तीनों विधानसभा क्षेत्रों के आधार पर आरक्षित रखी जाने वाली ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का आवंटन किया गया। साथ ही बताया कि रेंडमाइजेशन के पश्चात कुल 1245 बूथों के लिए बीयू 1405, सीयू 1405 भीभीपैट 1605 है। वही दूसरे रेंडमाइजेशन में यह मशीनों को बूथ वार आवंटित होगा। इसके अलावा प्रथम रेंडमाइजेशन की एक प्रति सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी देवघर सागरी बराल, अनुमंडल पदाधिकारी मधुपर आशीष अग्रवाल, उप निर्वाचन पदाधिकारी शैलेश कुमार, जेएमएम के प्रतिनिधि सुरेश साह , अजय नारायण मिश्रा, आजसू के जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, विभिन्न संस्थानों के मीडिया प्रतिनिधि व संबंधित विभाग व कोषांग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

## पुलिस ने डहुवा पुल पर चलाया जांच अभियान

**सारवां (आवाज)।** एंटी क्राइम अभियान के तहत सारवां थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना प्रभारी दीपक किशोर भारती की देखरेख में एसआई बैंजा उरांव व पुलिस बल द्वारा सारवां के डहुवा पुल के पास जांच अभियान चलाया गया. मौके पर चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को पकडा गया दो अंधेरे का लाभ उठा कर फरार हो गया. थाना प्रभारी के द्वारा मामला दर्ज कर गिरफतार युवक को जेल भेजा गया. दर्ज मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि रात्रि को देवघर की और से आ रहे एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों को देख रोका गया. पुलिस को देखते ही तीनों भागने लगे जिसमें एक युवक को पकडा गया व दो अंधेरे का लाभ उठा कर फरार हो गया. पकडे गये युवक की शिनख्त देवीपुर थाना के अमडीहा खेदनडीह निवासी मनोज यादव के रूप में की गई जिसके द्वारा फरार की पहचान मंअु यादव व गुडडु यादव खेदनडीह के रूप में की गई. उक्त युवक से कागजात की मांग करने पर कोई कागजात नहीं दिखा पाया कहा मधुपुर से के एक आदमी से ग्यारह हजार में खरीदा था. गाडी के चेसीस नंबर का सत्यापन करने पर व उसके ओनर के पुत्र पपु बाउरी से फोन पर पुछे जाने पर उसने बताया कि उक्त मोटरसाइकिल काषीनाथ के नाम से है जो मोगमा कोलयरी निरसा से चोरी हो गई थी . गिरफतार युवक को को जोल भेज दिया गया.

## मजदूर दिवस पर अवकाश प्राप्त रेल कर्मचारियों को किया सम्मानित

**मधुपुर (आवाज)।** मजदूर दिवस के अवसर पर स्टेशन प्रबंधक सुनील कुमार पाठक मधुपुर के नेतृत्व में शहर के लाल बहादुर शास्त्री इंस्टिट्यूट के सभागार में रेलवे सेवा से अवकाश प्राप्त रेल पदाधिकारी एवं कर्मी के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अवकाश प्राप्त कर्मचारी गण में मधुपुर स्टेशन के पूर्व स्टेशन प्रबंधक सुबोध कुमार सिंह मधुपुर मणि शंकर पूर्व स्टेशन प्रबंधक, अरविंद कुमार चौधरी पूर्व टीटीसी प्रभारी मधुपुर, नागेंद्र चौधरी पूर्व स्टेशन प्रबंधक मधुपुर मोहम्मद नैयर जमाल मुख्य गाड़ी लिपिक मधुपुर हुरो गोप पूर्व मुख्य गाड़ी लिपिक मधुपुर रामकृष्ण महतो पूर्व केबिन मास्टर मधुपुर राजकुमार महतो पूर्व केबिन मेन मधुपुर को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन सुबोध कुमार एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता के.के. पी. राय ने किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित रेल कर्मचारियों के सम्मान में लाल बहादुर शास्त्री इंस्टिट्यूट सभागार में विदाई सह समारोह आयोजित कि गई । अध्यक्षता केकेपी राय ने किया। मौके पर रेल पदाधिकारी एवं कमीर्यो के द्वारा सेवानिवृत्त रेल कर्मी को माला पहनाया और पुष्प गुच्छ एंव उपहार देकर सम्मानित कीया गया। मौके पर सेवानिवृत्त स्टेशन प्रबंधक सुबोध कुमार सिंहा ने कहा कि हम लोगों को हम लोगों के कार्यकाल से हम सभी को प्रेरणा लेने की जरूरत है। जिनके ऊपर सेवा के प्रारंभ से लेकर विदाई सह सम्मान समारोह तक विभाग के सभी के साथ मिलकर काम किया । यह प्रत्येक रेल कर्मियों एवं विभाग के लिए बड़ी बात है। कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी हैं। इन लोगों का सरल स्वभाव सभी को आकर्षित करता है। सभी के साथ अच्छे से मिलकर काम किया। कहा कि कोई ड्यूटी हो हमेशा मिलजुल काम करने को तैयार रहते थे। जूनियर अधिकारियों के बीच अपने कार्यो के प्रति समर्पित रहने के लिए यह लोग हमेशा आदर्श बने रहेंगे। अधिकारियों ने अपना उद्गार व्यक्त किया। उनके ने सभी को उन लोगों की दीर्घायु होने की ईश्वर से कामना की। मौके पर टीआई आसनसोल एमके सिंह ने कहा कि सेवा के सभी ड्यूटी के दौरान मिल जुल कर काम किया। मौके पर एके पांडे, टीआई रवि शेखर, एसके मंडल, राजेश कुमार, यूके चौधरी, अजय कुमार, एमके बरनवाल, अमन कुमार, वकील प्रसाद यादव, एमपी सिंह, आर के पांडे, गौरव कुमार, परमेश्वर यादव, पीके बरनवाल, शंकर शैलेश, कुंदन महतो, स्वास्थ्य निरीक्षक कुमार अभिमन्यु, विजय कुमार श्रीवास्तव, मनोज कुमार बुकिंग सुपरवाइजर, दिवाकर गुप्ता, के.के.मिश्रा, रमाकांत, आर.के. सिंहा, मोहम्मद नैयर जमाल, आरपीएफ के अवर निरीक्षक धर्मेंद्र प्रसाद, समेत मधुपुर के अन्य सभी रेलवे विभाग के सुपरवाइजर एवं मधुपुर के से आए सभी स्टेशन प्रबंधक उपस्थित हुए और सम्मान समारोह का आयोजन शानदार पूर्वक मनाया।

## विश्व मजदूर दिवस पर चितरा कोलियरी में कोल इंडिया के झंडोत्तोलन

आवाज प्रतिनिधि

**चितरा।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1 मई 2024 को चितरा कोलियरी में सैकड़ों मजदूरों की उपस्थिति में महाप्रबंधक ए के आनंद द्वारा एरिया कार्यालय परिसर में कोल इंडिया का झंडा फहराते हुए सलामी दी गई। साथ ही एक सभा कर मजदूर हित में संदेश पढ़ते हुए सर्वप्रथम बहुमूल्य प्राण को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया गया। जिसका मंच संचालन निजी वरिष्ठ सहायक अनवर हुसैन कर रहे थे। इस अवसर पर कोल इंडिया के कारपोरेट ध्वज को महाप्रबंधक ए के आनंद द्वारा फहराने के साथ ही सम्मान में कारपोरेट गीत गाया गया। इसके पश्चात मौके पर उपस्थित संयुक्त सलाहकार समिति के सम्मानित सदस्य माणिक यादव, बलदेव महतो, अभिषेक कुमार, योगेश कुमार राय आदि ने कोलियरी विस्तार में मजदूरों के अहमियत पर फोकस करते हुए मजदूरों द्वारा किए गए मेहनत को अनमोल श्रम का नाम देते हुए अपने बहुमूल्य विचार रखे।इस अवसर पर कोलियरी खनन अभिकर्ता यू पी चौधरी ने चितरा कोलियरी मजदूरों द्वारा दिन रात अपने अनमोल परिश्रम देने के लिए धन्यवाद दिया। मौके पर चितरा कोलियरी महाप्रबंधन ने उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए कहा कि चितरा कोलियरी के निरंतर विस्तार के लिए जीसीसी सदस्य, स्थानीय रैयत, मजदूर नेता, एवं जिला प्रशासन के सहयोग से संभव हो सका है। जिसे निरंतर विस्तारीकरण की दिशा में अग्रसर के लिए प्रयास जारी है। इस अवसर पर उत्खनन से क्षेत्रीय प्रबंधक ए के सिंह, क्षेत्रीय अभियंता असैनिक शिवम गौरव, विनय कुमार शर्मा, सहायक प्रबंधक कार्मिक मनीष कुमार, सहायक प्रबंधक कार्मिक रफाकत अंसारी, सिक्योरिटी इंस्पेक्टर रुपेश मिश्रा, अनुप कुमार, सतीश अंबस्त,परशुराम मरांडी, इम्तियाज आलम, सुमित्रा किस्कू, पुर्णिमा तुरी आदि उपस्थित रहे।

## प्रेरणा भारती के द्वारा एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय कार्यशाला कार्यशाला का आयोजन किया गया

आवाज प्रतिनिधि

**मधुपुर।** शहर के पथर चपटी स्थित स्वयं सेवी संस्था प्रेरणा भारती सभागार आसरा में बुधवार को मजदूर दिवस के अवसर पर 'असंगठित क्षेत्र एवं प्रवासी श्रमिक-एक विमर्श' विषयक एकदिवसीय प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिसमें मार्गो मुंडा,देवीपुर व मधुपुर प्रखंड के प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की कार्यक्रम में देवघर से आए असंगठित श्रमिक संगठन के समन्वयक शंकर दास ने विषय प्रवेश करते हुए असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों व प्रवासी श्रमिकों के हित सरकार द्वारा चलाई जाने वाली कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला।इससे पूर्व कल्याणी मीणा ने आगंतुक प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए मई दिवस की महता पर प्रकाश डाला।तदोपरांत अरुण कुमार निर्झर ने असंगठित क्षेत्र के मजदूर व प्रवासी श्रमिकों को सरकारी लाभ प्राप्त करने हेतु श्रम विभाग के श्रमाधान पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन कराने पर बल दिया।उन्होंने कहा कि बिना रजिस्ट्रेशन कराये मजदूर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाएंगे। इस अवसर पर पंदनिया पंचायत की उप मुखिया हीरामुनी मुर्मू,सामाजिक कार्यकर्ता आनंद मरांडी, मनरेगा श्रमिक अमृत मोहली आदि ने भी अपने विचार साझा किये। इस अवसर पर सिमोति मुर्मू,नेहा कुमारी,जास्मीन परवीन,चांदनी कुमारी,सिंपी कुमारी,पूजा कुमारी, सुभाष टुडू,जामुन मोहली सहित दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## झारखंड पेयजल व स्वच्छता के अपर सचिव आगमन को ले कोर कमेटी का गठन कर सौंप गई जिम्मेवारी

आवाज प्रतिनिधि

**पालोजोरी।** झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अपर सचिव का कचुआसोली पंचायत में निरीक्षण के लिए आगमन लेकर आवश्यक तैयारी हेतु मुखिया कुमार राजीव रंजन की अध्यक्षता में पंचायत स्तरीय कोर कमेटी गठित कर सभी को जिम्मेवारी सौंपी गई। जिसमें पांच- पांच गांव करके एक एक जॉन प्रभारी नियुक्त किया जिसे आवश्यक कार्य भर सौंपा गया।जो इस प्रकार है कि सभी ग्राम स्तर पर संग्रह किया गया प्लास्टिक को पंचायत स्तर पर बने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र तक पहुंचावाना। पंचायती गांव में निर्मित नाडेप और सोक पीट का निरीक्षण के साथ स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर पेयजल एवं शौचालय को उपयोग लायक है की नहीं रिपोर्ट समर्पित करना । साथ ही अपर सचिव का भव्य स्वागत की तैयारी करने का निर्णय आज की बैठक में ली गई ।मौके पर चन्द्र देव मोहली पीएसएस, गोतम यादव उपमुखिया, कपिल कुमार, शिला मरांडी सिनी टाटा के कर्मी, भीएलई हबीब अंसारी, हेल्प डेस्क कर्मी गंगा कुमारी आदि बैठक में मौजूद थे।

## इंटरमीडिएट के वार्षिक परीक्षा में सत प्रतिशत सफलता से क्षेत्र में खुशहाली

**चितरा (आवाज)।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल रांची के वार्षिक परीक्षा में राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय चित्र में इंटरमीडिएट की कल परीक्षा में परीक्षा में टोटल 26 छात्र-छात्राऐं एपिर हुए थे। जिसमें 06 छात्र छात्राऐं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। जबकि 16 छात्र छात्राऐं द्वितीय श्रेणी में एवं 04 छात्र छात्राऐं तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण होते हुए कला परीक्षा में सत प्रतिशत सफलता प्राप्त करने से चितरा क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। साथ ही चितरा कोलियरी क्षेत्र के राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय चितरा से इंटरमीडिएट के विज्ञान परीक्षा में 07 में से 02 प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए जबकि द्वितीय श्रेणी से 03 छात्र-छात्राएऐं उत्तीर्ण हुए।जिसमें से विज्ञान की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विकास यादव 375 अंक लाकर विज्ञान परीक्षा में विद्यालय टॉपर रहे एवं मुस्कान कुमारी 300 अंक लाकर दूसरे स्थान पर रही।

## दहेज हत्या आरोपित को चितरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

आवाज प्रतिनिधि

**चितरा ।** गत 22 अप्रैल 2024को चितरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़बाद पंचायत स्थित कांसीडीह निवासी सोहराब अंसारी द्वारा उनकी पत्नी को दहेज की मांग लेकर उन्हीं के द्वारा ही हत्या कर देने का आरोप चितरा थाना में दर्ज था। जिसको लेकर छानबीन करते हुए चितरा पुलिस द्वारा गस्ती के दौरान आरोपित को बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## सबेजोर गांव में पुराने विवाद में जमकर मारपीट

**सारठ (आवाज)।** थाना क्षेत्र के सबेजोर गांव में पुरानी विवाद को लेकर घर में घुस कर जमकर मारपीट में चार व्यक्ति गंभीर रूप से जखमी हो गया। इस संबंध में सबैजोर गांव निवासी निजाम शेख द्वारा जिला पुलिस कप्तान एवं सारठ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गई है।दिए गए आवेदन में जिक्र किया गया है कि विगत 29 अप्रैल को गांव के गुड्डू शेख, कासीम शेख,वसारत शेख एवं वसीर शेख लाठी डंडा,रड एवं तलवार लेकर मेरे घर में घुस कर गाली गलौज करने लगा जिसका विरोध करने पर मारपीट कर गंभीर रूप से जखमी कर दिया बीच बचाव करने आए मेरी पत्नी अफरीन बीबी एवं पुत्र गुड्डू शेख को भी मारपीट कर गंभीर रूप से जखमी कर दिया।हो हल्ला सुन कर बचाव करने आए मोहम्मद फिरोज को भी मारपीट कर गंभीर रूप से जखमी कर दिया। ग्रामीणों द्वारा आनन-फानन में सभी घायलों को सारठ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां ऑन ड्यूटी डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु देवघर रेफर कर दिया गया। पीड़ित निजाम शेख ने कहा कि इस संबंध में सारठ थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गई है। लेकिन सारठ थाना प्रभारी द्वारा प्रथम सूचना तक दर्ज नहीं किया गया। तो लाचार हो कर देवघर पुलिस कप्तान एवं सारठ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गई है।

## हजरत सूफी मोहम्मद हुसैन फरओहा गहमरि रहमतुल्ला अलैह का 42वां उर्स मुबारक अकीदत मनाया गया

### पूर्व विधायक चुन्ना सिंह ने उनके मजार पर की चादर पोसी

आवाज प्रतिनिधि

**मधुपुर ।** 2 मई हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मधुपुर शहर के 52 बीघा सपाहा स्थित हजरत सूफी मोहम्मद हुसैन फरओहा गहमरी रहमतुल्लाह अलैह का 42वां उर्स पाक हर्षोल्लास व अकीदत के साथ मनाया गया आपको बता दें कि प्रत्येक वर्ष 2 मई को उर्स मुबारक बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है इस मौके पर हर मजहब के मानने वाले सैकड़ों अकीदत मनदो ने हजरत सूफी मोहम्मद हुसैन फरओहा गहमरी रहमतुल्ला अलेह के मजार ए मुकद्दस पर पूर्व सारठ विधायक उदय शंकर सिंह उर्फ चुन्ना सिंह अपने परिवार के साथ चादर पोशी की और फातिहा पढ़ा साथ ही मुल्क के तरक्की और सलामती के लिए दुआएं की उर्स ए पाक में झारखंड , बंगाल सहित बिहार , उत्तर प्रदेश के अकीदतमंद शामिल हुए सुबह गुसल खानी के बाद फातिहा खानी ,चादर पोशी की गई जिसके बाद दोपहर में लंगर का भी इंतजाम किया गया वहीं मगरिब बाद उर्सकुल मुबारक का ईनकाद किया गया है जिसमें हफिजुर रहमान के द्वारा उर्सकुल का बयान किया गया। मौके पर इमामुल रहमान,हफीजुल रहमान, मो० इस्लाम, हाजी मोहम्मद सुल्तान अहमद,इम्तियाज अंसारी, राहुल सिंह, अवधेश कुमार सिंह, गौतम कुशवाहा ,राजू घोष, मोहम्मद असलम, मोहम्मद आरिफ हुसैन, मोहम्मद आसिफ हुसैन, मोहम्मद राजु, मोहम्मद कबीर, जुनैद फरहान, मोहम्मद आसिफ सहित दर्जनों महिला व पुरुष मौजूद थे।

## सारठ एसडीपीओ ने कमांडर,चितरा पुलिस समेत 45 जवानों संग बूथ में फ्लैग मार्च कर वोटर को किया जागरूक

आवाज प्रतिनिधि



डीएसपी के साथ फ्लैग मार्च करते पुलिस

**चितरा।** आगामी 1जून को होने वाले लोकसभा चुनावी पर्व लेकर सारठ एसडीपीओ रंजीत कुमार लकड़ा ने चितरा थाना क्षेत्र अंतर्गत 08 संवेदनशील बूथ एवं 02 अति संवेदनशील बूथ में 45 जवानों के साथ फ्लैग करते हुए बूथ निरीक्षण किया। जिसमें ई सीआरपी कंपनी 154 के कमांडर बलवंत सिंह, नत्थू सिंह व चितरा थाना प्रभारी संतोष कुमार, एस आई सच्चिदानंद सिंह समेत 45 जवानों के साथ सभी 10 संवेदन व अति संवेदनशील बूथ में फ्लैग मार्च करते हुए निरीक्षण किया। जिसमें से आमलाचांतर, सिकटिया, कुकराहा, तिलैया ताराबाद समेत 10 संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बुथों में फ्लैग मार्च करते हुए निरीक्षण कर वोटरों को आगामी 01 जून को होने वाले लोकसभा चुनावी पर्व में अधिक से अधिक संख्या में अपने मतदान केंद्र पहुंच कर अपने अपने बहुमूल्य मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। जिसको लेकर एसडीपीओ ने उपस्थित वयस्क ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव एक महापर्व है। जिसमें आप सभी नागरिकों द्वारा अपने बहुमूल्य अधिकार के रूप में मतदान देने का सौभाग्य प्राप्त है। इसलिए आप सभी निश्चित रूप से अपने-अपने बहुमूल्य अधिकार का सदुपयोग करते हुए इस लोकतंत्र के महापर्व में भागअवश्य लें ।

## टोटों के पलट जाने से तीन महिला घायल एक की हुई मौत

**सारवां (आवाज)।** थाना क्षेत्र के विशनपुर पुल के पास टोटों के पलट जाने से सहिया चंद्रमा देवी, इंदिरा देवी, पेसेंट रेखा देवी घायल हो गई. ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को इलाज के लिये देवघर भेजा गया. जहां अहले सुबह घायल इंदिरा देवी की मौत सदर अस्पातल में हो जाने से परिजनों में मातम छा गया. ग्रामीणों ने नौखिला गांव से रेखा देवी डिलेवरी पेंसेंट को लेकर सहिया इलाज के लिये देर रात को टोटो पर सवार होकर जा रही थी इसी क्रम में विषनपुर पुल के समीप टोटो पलटी खा गई. घटना की सूचना प्राप्त होते ही टीम बादल के द्वारा मृतका का पोस्टमार्टम करा कर शव गांव भेजा गया. शव के गांव पहुंचते ही मातम छा गया

## विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

आवाज प्रतिनिधि

**मधुपुर ।** सेवानिवृत्त वरिष्ठ अभियंता गाड़ी पर डिपेंड कार्यालय मधुपुर में टेक-1 गोविंद प्रसाद यादव के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें विभाग की ओर से विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित कि गई । मौके पर विभाग के वरिष्ठ अभियंता एवं कमीर्यो के द्वारा सेवानिवृत्त गोविंद प्रसाद यादव को माला पहनाया और पुष्प गुच्छ एंव उपहार देकर सम्मानित की गई । मौके पर विभाग के वरिष्ठ अभियंता शंकर कोल ने कहा कि श्री प्रशाद के कार्यकाल से हम सभी को प्रेरणा लेने की जरूरत है। ये ऐसे कर्मी हैं जिनके ऊपर सेवा के प्रारंभ से लेकर विदाई समारोह तक विभाग के सभी के साथ मिलकर काम किया कर्मियों एवं विभाग के लिए बड़ी बात है। कर्तव्यनिष्ठ रहे। इनका सरल स्वभाव सभी को आकर्षित करता है। सभी से मिलकर काम किया। कहा कि कोई ड्यूटी हो हमेशा मिलजुल कर काम करने को तैयार रहते थे। जूनियर से लेकर सिनियर के बीच अपने कार्यो के प्रति समर्पित रहने के लिए वे हमेशा आदर्श बने रहें। अधिकारियों ने अपना उद्गार व्यक्त किया। उनके स्वस्थ एवं दीघार्यु होने की ईश्वर से कामना की। मौके पर सेवानिवृत्त गोविंद प्रसाद ने कहा कि सेवा के दौरान सभी का सहयोग मिला। ड्यूटी के दौरान मिले प्यार को हम भूल नहीं सकते। मौके पर विदाई समारोह में सीनियर टेक राजेंद्र प्रसाद, विजय प्रसाद यादव, मोहम्मद जमालुद्दीन अंसारी, दिलीप सोरेन, चंद्र महतो, श्रीमती कालो देवी, नरेश प्रसाद यादव, बी रावत उर्फ गुड्डु, मदन दास, अजय दास, कुलदीप कुमार दास, संदीप कुमार, अरुण कुमार चौधरी दुमका, उमेश कुमार यादव जसीडीह, भुवनेश्वर महतो दुमका, सहित सेवानिवृत्ति कर्मचारियों को शुभकामनाएं एवं उनकी लंबी आयु की कामना की।

## कोलियरी व बीएमएसी संगठन विस्तार के लिए अधिकारियों एवं रैयतों से तालमेल बनाने पहुंचे प्रदेश मंत्री



आवाज प्रतिनिधि

**चितरा।** चितरा कोलियरी में संयुक्त सलाहकार समिति सदस्य का चयन के साथ-साथ कोलियरी प्रबंधन एवं रैयतों के साथ तालमेल बनाने के लिए संथाल परगना कोलियरी कर्मचारी संघ के प्रदेश मंत्री अंगद उपाध्याय की अध्यक्षता में कार्यक्रम चलाई गई। जिसको लेकर उन्होंने कोलियरी महाप्रबंधक ए क के आनंद, खनन अभिकर्ता यू पी चौधरी व रैयतों के साथ गहन वार्ता किया। ताकि चितरा कोलियरी विस्तार में सभी अटके हुए जमीन अधिग्रहण व विस्थापन कार्य को गति मिल सके। साथ ही संथाल परगना कोलियरी कर्मचारी संघ संगठन विस्तार के अलावे संयुक्त सलाहकार समिति गठन के लिए भी गहन वार्ता की गई। ताकि ऑफिशियल कॉपोर्रेट जेसीसी सदस्य सह बीएमसी के प्रदेश मंत्री अंगद उपाध्याय द्वारा आज के दौरे सकारात्मक हो सके। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कोलियरी महाप्रबंधक, खनन अभिकर्ता, एवं रैयतों के साथ जमीन अधिग्रहण कर विस्थापन के लिए बात की गई। साथ ही अपने संगठन के विस्तार के संबंध में शाखा अधिकारियों एवं सदस्यों के साथ वार्ता की गई। मौके पर संथाल परगना कोलियरी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गोविंद कुमार, अभय कांत चौधरी, संगठन कोषाध्यक्ष राजकिशोर मिश्रा, सचिव वरुण कुमार सिंह, आरपी मंडल, अमित कुमार आदि बीएमएस अधिकारी व सदस्य सहयोग में डटे रहे।

## बाराती से लौट रहे मारुति अनियंत्रित होकर पेड़ में मारी टक्कर, घटनास्थल पर एक की मौत



आवाज प्रतिनिधि

**पालोजोरी ।** गत दिनों अहले सुबह करीब तीन बजे सारठ पालोजोरी मुख्य सड़क बसाहा के पास दुमका सिंदुरिया से बरात से लौट रहे एक मारुति के सड़क किनारे एक पेड़ में टक्कर मार देने से घटनास्थल पर ही एक की मौत हो गई वहीं दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मृतक गोपेश सिंह सारठ सेंट्रल बैंक में गार्ड थे। जो खुद अपना गाड़ी चलाकर आ रहे थे। घटना के संबंध में बताया जाता है की सारठ बंगाली टोला के जीवन दे का एकलौता पुत्र नारायण दे का शादी दुमका के सिंदुरिया सिंदुरिया गांव में लगा था। वही बारात में कुल चार-पांच गाड़ी गए थे जिसमें एक मारुति टाटा पंच जो सारठ सेंट्रल बैंक में गार्ड रहे गोपेश सिंह खुद ड्राइव करके वक्त अपने साथ कुछ लोगों को लेकर बाराती से आ रहे थे की अचानक सामने से कोई बड़ा गाड़ी डिम डीपर लाइट जलाया जिससे संतुलन खो जाने से सड़क किनारे पेड़ में टक्कर मार दिए जिसमे घटना स्थल पर ही गार्ड गोपेश सिंह के मृत्यु हो गई ।वही गाड़ी में सवार कुंदन मंडल एवं बबलू राउत गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वही स्थानीय लोग एवं प्रशासन द्वारा घायलों को देवघर भेज दिया गया ।वही दोनो घायलों का देवघर में एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## चितरा डीएवी में नए प्रचार्य के पदभार ग्रहण करते ही विद्यालय में बेहतर शिक्षा की जगी उम्मीद

आवाज प्रतिनिधि

**चितरा।** चितरा डीएवी में नए प्राचार्य ने संभाला पदभार। जिस विद्यालय में बेहतर शिक्षा की जगी उम्मीद। चितरा स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में आज बुधवार को नए प्राचार्य डॉ राघवेंद्र तिवारी ने पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित छात्र-छात्राओं ने पुष्प गुच्छ देकर उन्हें सम्मानित किया। वहीं शिक्षक अरुण कुमार मिश्र के अगुवाई में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। बता दें कि नए प्राचार्य डॉ तिवारी का डीएवी जैसे प्रतिष्ठित संस्था में लगभग 22 वर्षों का लंबा अनुभव है। उन्होंने साल 2003 में पहली बार डीएवी उर्जानगर गोड्डा में गणित शिक्षक के रूप में अपना योगदान दिया। वहीं 1 जनवरी, 2018 से वे एस डी डीएवी जामताड़ा में कार्यरत थे। इस अवसर पर शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी लोगों के सहयोग से हम इस विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक लेकर जाएंगे। यहाँ के छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास हो सके इसके लिए हम सभी को अपना शत प्रतिशत योगदान देना होगा। उन्होंने यह भरोसा जताया कि ईसीएल प्रबंधन एवं अभिभावकगण का हमे सहयोग मिलता रहेगा। वहीं दूसरी ओर शिक्षक प्रभारी सह वरिष्ठ शिक्षक सुशील कुमार ने बताया कि हम सभी शिक्षक नए प्राचार्य के साथ मिलकर बच्चों के विकास के लिए प्रयत्नशील रहेंगे।उन्होंने छात्र- छात्राओं को कठोर परिश्रम करने की बात कही।इस मौके पर शिक्षकगण जे के महंता, एस एस आचार्या, नवीन कुमार, राजेश कुमार तिवारी, महामाया पांडे, आर के सिंह, वी एन चौधरी, अर्चना सिंह, बिंदु कुमारी, ऋचा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, प्रीति सिंह, रूपा कुमारी व मीडिया प्रभारी विद्यालय शिक्षक मुकेश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।



चितरा डीएवी में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के साथ नए प्राचार्य

**संक्षिप्त खबर**

### पोक्सो एक्ट मामले में दिल्ली पुलिस पहुंची साहिबगंज

आवाज प्रतिनिधि।

**साहिबगंज।** दिल्ली के गोविंदपुरी थाना के दो सब इंस्पेक्टर जिरवाबाड़ी थाना पहुंचकर पोक्सो एक्ट मामले की जानकारी प्राप्त किए। वही मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली पुलिस ने महाराजपुर मस्कल्लिया के रहने वाले एक युवक की जानकारी लेकर तालझारी थाना पहुंच कर, तालझारी थाना कि मदद से सत्यापन करने को लेकर मसकल्लिया पहुंची। वही मामले का सत्यापन करने के बाद दिल्ली पुलिस वापस चली गई।

### फरार अभियुक्त को पुलिस ने भेजा जेल

आवाज संवाददाता।

**मोहनपुर।** गुप्त सूचना के आधार पर मोहनपुर थाना प्रभारी प्रियरंजन कुमार ने बुधवार को एससी एसटी एक्ट के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट पेशी के बाद जेल भेज दिया। गिरफ्तार युवक का पहचान बाराकोला गांव निवासी रामलाल ठाकुर के पुत्र आर्यन उर्फ छोटू ठाकुर के रूप में हुई है जानकारी के मुताबिक काफी लंबे समय से फरार चल रहे थे। बता दें कि थाने में उसके विरुद्ध जमीन माफिया, आर्म्स एक्ट, मारपीट, छिंतई समेत कई मामले दर्ज हैं। इस मामले अभी तक एक अभियुक्त सुभाष मंडल फरार चल रहा है।

### कुआं से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

आवाज प्रतिनिधि।

**देवघर।** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत देवघर कॉलेज मैदान स्थित एक कुआं से बुंधवार को अज्ञात युवक का शव बरामद किया गया। आशंका है कि युवक की हत्या कर फेंका गया। मृतक की उम्र करीब 25 वर्ष बतायी जाती है और उसने गहने नीले रंग का पैंट व हल्के हरे रंग का सर्ट पहना हुआ है और उसके गले में लाल रंग का धागा बंधा हुआ है। मृतक के मुंह में साड़ी का फटा हुआ टुकड़ा बंधा हुआ मिला है। ऐसा संभवतः इसलिए किया गया कि वह शोर न मचा सके।मृतक के एक हाथ में मंगल एवं सविता और दूसरे हाथ में एमजी लिखा गोदना किया हुआ है। वहीं उसका हाथ पीछे की ओर बंधा हुआ था। जिस रस्सी से उसका हाथ बंधा हुआ था उसी से उसका दोनों जूता भी बंधा हुआ मिला है। वहीं सिर के दांयी ओर आंख के उपर गहरे जख्म का निशान है। शव काफी खराब हो चुका है।

### सोने के चेन की छिनतई

आवाज प्रतिनिधि।

**देवघर।** नगर थाना क्षेत्र के राजबाड़ी कास्टर टाउन इलाके की रहने वाली एक 70 वर्षीय बुजूर्ग महिला का इवनिंग वॉक करने के दौरान बाइक सवार बदमाशों ने करीब डेढ़ भर का सोने की चेन की छिनतई कर ली। घटना 29 अप्रैल की की शाम की बतायी जाती है। पीड़िता का नाम ज्योत्सना सिंह है जो राजबाड़ी कास्टर टाउन की रहने वाली है। बताया जाता है कि वह इवनिंग वॉक कर रही थी। जैसे ही वह सुभाष चौक से पुरनदाहा पुल की तरफ 50 कदम आगे बढ़ी थी कि बाइक सवार दो लड़कों ने घटना को अंजाम दिया। इसे लेकर पीड़िता ने नगर थाने में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

# अवैध खनन करने वाले संचालकों पर करें कारवाई : उपायुक्त

## जिले में 69 खनन पट्टा संचालित, अवैध परिवहन करने वालो पर हो रही कारवाई : डीएमओ

आवाज प्रतिनिधि


फोटो कैप्शन: बैठक में शामिल डीसी, एसपी, डीएफओ, डीएमओ समेत अन्य पदाधिकारी

**साहिबगंज।** जिले में अवैध खनन और परिवहन कोकर ईडी, सीबीआई का दबिश अब भी बरकार है। इसको लेकर समाहरणालय सभागार में गुरुवार को उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। अवैध उत्खनन के रोकथाम को लेकर बैठक में शामिल संबंधित पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिया गया। जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बिना वैध कागजात के परिवहन करते वाहनों को पकड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त अवैध खनन पर प्राप्त शिकायतों की जांच जिला खनन टास्क फोर्स के माध्यम से करवाई की जाने वाली अपेक्षित है जिसमें सभी सदस्यों अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है।

जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में जिला खनन पदाधिकारी ने बताया गया कि जिला अंतर्गत लघु खनिज के कुल 114 खनन पट्टे अवस्थित हैं जिसमें 69 खनन पट्टे संचालित हैं। जिला में बालू, ईट मिट्टी, पत्थर इत्यादि के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम हेतु टास्क फोर्स के सभी सदस्यों सभी अनुमण्डल पदाधिकारी को निरंतर छापामारी, स्थलीय निरीक्षण की संख्या बढाते हुए सघन कार्रवाई करने के दिए निर्देश के अनुपालन के सम्बंध में बताया गया कि जिलान्तर्गत विभिन्न मार्गों पर औचक वाहन चेंकिग अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी साहेबगंज एवं अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल को निर्देशित करते हुए कहा गया कि संबंधित चेक नाको पर जा रहे वाहनों का प्रपत्र चेक करें, उन्हें अपने पास संग्रहित करेंगे और सीसीटीवी वीडियो फुटेज समर्पित करेंगे। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार तिवारी, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम,अनुमंडल पदाधिकारी साहेबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार, अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल कपिल कुमार,, जिला खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू, जिला परिवहन पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी सम्मिलित रहे।

## एक देसी कट्टा व दो जिंदा कारतूस के साथ पुलिस ने एक को दबोचा


प्रेस कॉन्फ्रेंस करते डीएसपी व अन्य

आवाज प्रतिनिधि

**साहिबगंज।** मुफस्सिल थाना पुलिस ने एक युवक को हथियारों के साथ दबोचने में सफलता हासिल की है।मुफ्फसिल थाना परिसर में बुधवार को मुख्यालय डीएसपी विजय कुशवाहा ने प्रेस वार्ता कर बताया कि 30 अप्रैल को संध्या के समय गुप्त सूचना मिली कि मुग्गासिल थाना क्षेत्र के महादेवगंज बैरियर के पास में एक व्यक्ति हथियार के साथ घूमते देखा गया है। सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना पुलिस ने महादेवगंज गौशाला के पास वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान मांझी कोला निवासी तालु सोरेन (22) को रोक उसकी तालशी ली गई। वही तलाशी के दौरान युवक के पास से एक देसी कट्टा व दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इस मामले में मुफस्सिल थाना कांड संख्या 35/24 के तहत युवक को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया गया है। वही छापामारी दल में मुफस्सिल थाना प्रभारी शशि सिंह, पुअनि ब्रजेश कुमार, आरक्षी उमेश कुमार यादव व शशि भूषण सिंह शामिल थे।

# लोकसभा चुनाव में बूथों पर मूलभूत सुविधाएं और ट्रांसपोर्टेशन को लेकर हुई समीक्षा


बैठक में शामिल डीसी, एसपी समेत अन्य

आवाज प्रतिनिधि

**साहिबगंज।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 अन्तर्गत समहरणालय सभागार में उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के संयुक्त अध्यक्षता में बूथो पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करानी एवं ट्रांसपोटेशन प्लान एवं चुनाव की तैयारियों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व में दिए गए निर्देशों पर चर्चा की गई लोकसभा चुनाव की तैयारी के लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। उपायुक्त द्वारा सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से सभी प्रखण्डों में संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथों की जानकारी ली। जहां अतिरिक्त सुरक्षा बल लगाया जाए एवं अतिरिक्त ऐसे कुछ बूथ हैं, जहां अतिरिक्त सुरक्षा बल की आवश्यकता है। उपायुक्त ने कहा कि दुर्गम क्षेत्रों में एवं लंबी दूरी तय करने वाले बूथो पर पहुंचने के लिए उचित वाहनों का प्रयोग किया जाए ताकि पोलिंग पार्टी को कोई असुविधा का सामना न करना पड़े। सभी बूथों पर मूलभूत सुविधा उपलब्धता को लेकर चर्चा किया गया जिसमें शौचालय, बिजली, पंखा, चार्जिंग, स्टॉल, रैंप की व्यवस्था का जल्द उपलब्ध करने का निर्देश दिया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अनुमंडल पदाधिकारी साहेबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार, अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल कपिल कुमार, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी एसडीपीओ एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

## लोस चुनाव को लेकर थाना प्रभारी ने संवेदनशील बूथों का किया निरीक्षण


मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते थाना प्रभारी समेत अन्य

आवाज प्रतिनिधि

**बरहरवा/साहिबगंज।** आगामी आम लोकसभा चुनाव को लेकर जिले भर में प्रसाशनिक विधिव्यवस्था व सुरक्षा हेतु विभिन्न अभियान संचालित किए जा रहे हैं। जिससे चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सुनिश्चित की जा सके। इसी क्रम में गुरुवार को बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के मधूवापाड़ा, अग्लोई सहित विभिन्न बूथों में निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना प्रभारी ने बताया कि वर्तमान में आचार संहिता लागू है। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से पूर्ण किया जा सके इसको लेकर विभिन्न संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व कानूनी व्यवस्था संतुलित बनाये रखने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च व बूथों का निरीक्षण किया जा रहा है।मौके पर बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह,एएसआई जीडी सुरजो लाल चकमा,एएसआई सुदामा सिंह सहित दर्जनों एसएसबी के जवान शामिल रहे।

## बीएलओ एवं मतदान मित्र ने मतदान के प्रति लोगों को किया जागरूक



आवाज प्रतिनिधि

**उधवा/साहेबगंज।** प्रखंड के दक्षिण पलाशगाछी पंचायत के टापू पर स्थित बानूटोला बूथ संख्या 347 में बीएलओ एवं मतदान मित्र के द्वारा मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर बीएलओ एवं मतदान मित्रों ने मतदाताओं से कहा कि लोकतंत्र में अपना बहुमूल्य वोट का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने का काम करे। कहा कि मतदान लोकतन्त्र का सबसे बड़ा पर्व है, मतदान करना हम सबका फर्ज है। आपका वोट आपकी ताकत है। सारा काम छोड़ कर सबसे पहले वोट दे। हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने परिवार एवं मोहल्ले के लोगों को मतदान के दिन अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित करें। ताकि राज्य एवं देश के विकास के लिए एक मजबूत लोकतंत्र का निर्माण हो सके। मौके पर बीएलओ शबनम परवीन, जेएसएलपीएस की फिरदौशी खातून, आसीरोन बीबी, लूसी खातून, बूथ एंबेसडर मो० बाबुल शेख, मो० तैसुद्दीन सहित अन्य मौजूद थे।

## बस की चपेट में आया 8 वर्षीय बच्चा, घायल

आवाज प्रतिनिधि।



**बरहेट/साहिबगंज।** मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार के सुबह थाना क्षेत्र के सोनाजोरी गांव निवासी सराजुल अंसारी का पुत्र 8 वर्षीय अनसुर अंसारी अपने घर से निकलकर कहीं जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही बस की चपेट में आ गया। जिससे बच्चा सड़क किनारे गिर गया घायल हो गया।ग्रामीणों के सहयोग से उसे इलाज के लिए बरहेट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर अनंत कुमार पंडित ने घायल बच्चे का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिसके बाद वाहन मालिक के द्वारा उपचार के लिए बच्चे को गोड्डा इलाज के लिए ले गया । डॉ आनंद कुमार ने बताया कि बच्चों को सिर में चोट पहुंची है।

# मजदूर दिवस पर बीडीओ, सीओ ने किया रक्तदान


रक्तदान करते बीडीओ समेत अन्य

आवाज प्रतिनिधि।

**बोरियो/साहिबगंज।** मजदूर दिवस के अवसर सीएचसी बोरियों में बीडीओ तथा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी नागेश्वर साव व अंचलाधिकारी विजय हेमराज खालको ने सीएचसी में रक्तदान किया, साथ प्रखंड कर्मी सहित ग्यारह लोगों ने रक्तदान किया। बीडीओ तथा सीओ ने लोगों को प्रोत्साहित करते हुए कहा, सभी को जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए, इस मौके पर डा पंकज कुमार, डॉ विवेक भारती,मनोहर पंडित, दनियाल, सहित अन्य मौजूद रहे।

## हम तो हैं मजदूर, हर गम से हैं दूर...

आवाज प्रतिनिधि

**बोरियो/साहिबगंज।** हम तो मजदुर है, हर गम से दूर है कुमार शानू के द्वारा गाया गया मजदूर फिल्म की यह गीत समाज के वर्तमान सच्चाई को दर्शा रही है, आज मजदुर दिवस पर कई जगह मजदूरों के सम्मान में कई जगह कार्यक्रम आयोजित की गई तो मजदूरों के हक की बातें की गई। परंतु धरातल में मजदूरों की स्तिथि ज्यों ही बनी है। आज इसी कड़ी में निमार्णाधीन मकान में कार्य कर रहे मजदूरों से बात करने पर मजदूरों अपना दुख प्रकट करते हुए कहा,मजदुर दिवस क्या होता है, उन्हें जानकारी भी नहीं है, उन्हें तो बस दो जून की रोटी की फिक्र है। मजदूरों ने बात करते हुए कहा हमे तो बस पर्त्येक दिन रोजगार मिल जाए यहीं बहुत बड़ी बात है, प्रत्येक दिन रोजगार मिलने से अपने परिवार के बीच रहेंगे।


मजदूर दिवस पर कड़े धूप में बिना सेफ्टी के कार्य करते मजदूर

### काम न मिलने से सैंकड़ों मजदूर करते हैं पलायन

मजदुर सांझला हेंब्रम, दनियाल, श्यामचरण ने बताया उनलोगो को काम नहीं मिलता है, जिसके कारण साल के छह महिना गाजियाबाद जाकर काम करना पड़ता है। जिसके आड़ लेकर कई ठेकेदार द्वारा बार मजदूरों को भी बाहर काम करने लेकर चल जाते है, तो कई कई वर्षों तक बाहर रह जाते है। मनरेगा योजना भी नहीं बदल सके मजदूरों की किस्मत। सरकार ने मजदूरों को सौ दिन की रोजगार गारंटी हेतु मनरेगा योजना लाई गई।

# अगलगी में एक घर जलकर हुआ खाक

आवाज प्रतिनिधि


आग को बुझाते ग्रामीण

**बोरियो/साहिबगंज।** अंचल क्षेत्र के बिचपुरा पंचायत के दनवार गांव में बुधवार तड़के दोपहर को आग लगने से एक घर जलकर खाक हो गया। आग लगने से घर के सारे सामग्री जलकर खाक हों गई। पीड़ित साबिर अली ने बताया कि हम लोग घर में सोए हुए थे और अचानक आग लग गई। जिसमें घर के सारे सामग्री जल के राख हो गई, आग लगने से पूरे गांव में अफरा तफरी का माहौल था शोर शराबा के बाद पूरे गांव के लोग पहुचे और गांव वाले की मदद से आग पर काबू पाया गया। पीड़ित परिवार ने बताया कि हमें मदद की सख्स जरूरत है। मेरे छोटे छोटे बच्चे हैं, मेहनत मजदूरी करके जीवन यापन करते थे। कपड़े का बिजनेस करते थे वो सारे कपड़े भी जल कर खाक हो गया, जिसके कारण जीवन यापन के सभी साधन नष्ट हो गए। पीड़ित ने अंचल कार्यालय में मुआवजे को लेकर अंचल कार्यालय में आवेदन देने की बात कही।

# तेतरिया में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

आवाज प्रतिनिधि



**मंडरो/साहेबगंज।** बुधवार को मंडरो प्रखंड क्षेत्र कें तेतरिया पंचायत स्थित हनुमान मंदिर के निकट भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा हनुमान मंदिर मंदिर परिसर से शुरू हुई और कजरैल, बेलुआ से होते हुए मिजाचौकी मंडरो मुख्य सड़कों पर निकाली गई। जहां रास्ते में गोड्डा जिला क्षेत्र के ठाकुरगंगटी उत्तरी जिला परिषद निरंजन पोद्दार के आवास पर उनके द्वारा भक्त जनों के लिए दहीं से बने शरबत का व्यवस्था कराई गई थी। वह खुद उनकी धर्मपत्नी शुभ हाथों से कलश यात्रा में शामिल भक्त जनों को शरबत पिलाया गया कलश यात्रा वापस हनुमान मंदिर परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला, बच्ची, कुंवारी कन्याएं, पुरषों द्वारा श्रद्धालु पीले वस्त्र पहन कर व महिलाएं सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। इससे पूर्व कथा स्थल पर हवन पूजन किया गया। कलशयात्रा में सामिल भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। एक मई से सात मई तक कथा का आयोजन किया जाएगा इसके पुर्व उसी स्थान पर 2019 में भागवत कथा का आयोजन किया गया था, दुसरी बार शुभारंभ करते हुए कथावाचक साध्वी पूजा बृज किशोरी जी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा, ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दशार्ती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद्भागवत कथा के श्रावण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। कलश यात्रा में शामिल ठाकुरगंगटी उत्तरी जिला परिषद निरंजन पोद्दार, अध्यक्ष रतन साह, बरहदेव साह, आनद वरमा, राजीव शर्मा, कैलाश राय, पवि मंडल, पवन जयसवाल, पिकु ठाकुर, पवन साह, राकेश साह, गोपी मडल, आदि भक्त जनों सामिल थें।

# ईवीएम-वीवीपैट का हुआ फर्स्ट रेंडमाइजेशन



उपस्थित डीसी व अन्य।

**आवाज प्रतिनिधि**

**पाकुड़ :** मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग झारखंड के निर्धारित शेड्यूल के अनुसार लोकसभा आम चुनाव में इस्तेमाल होने वाले ईलेक्ट्रानिक वोटिंग मशिन (ईवीएम)-वीवीपैट का एनआइसी कक्ष में गुरुवार को फर्स्ट रेंडमाइजेशन किया गया। यह कार्य जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल की अध्यक्षता में हुई।

आयोग द्वारा निर्धारित निदेर्शों के अनुरूप जिले में लोकसभा चुनाव के तहत इस्तेमाल होने वाले ईवीएम (कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट) एवं वीवीपैट का फर्स्ट रेंडमाइजेशन किया गया। जिले में कुल 1014 मतदान केंद्रों पर निर्वाचन के लिए 1362 वीवीपैट, 1231 बैलेट यूनिट एवं 1220 कंट्रोल यूनिट का रेंडमाइजेशन किया गया।

मौके पर परियोजना निदेशक, आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण केरकेट्टा, भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीष कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी अभिषेक सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार, डीआईओ रवि प्रकाश एवं विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# मजदूर दिवस के अवसर पर सीपीआईएम लोकल कमेटी की ओर से कार्यक्रम आयोजित




**आवाज प्रतिनिधि**

**कुंडहित (जामताड़ा) :** अंतर्राष्ट्रीय मई दिवस के अवसर पर जामताड़ा जिले के कुंडहित प्रखंड अंतर्गत सियारसोली तथा अंबा गांव में सीपीआईएम कुंडहित लोकल कमेटी के सचिव सुकुमार बाउरी के नेतृत्व में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमो का शुभारंभ अमरीका के शिकागो शहर के मजदूर शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पण करते हुए झंडा उत्तोलण के साथ किया गया । उपस्थित लोगो ने - ₹शिकागो के अमर शहीदों को लाल सलाम₹, ₹ शहीदो तेरे अरमानो को मंजिल तक पहुंचाएगे₹ आदि नारों के साथ शहीदों को याद किए। तत्पश्चात मई दिवस के महत्व के बारे में सुकुमार बावरी ने अपनी बातों को रखते हुए कहा कि1883 में जब पूरी अमेरिका पूंजीवादी संकट में जूझ रहा था ठीक उसी समय ₹फेडरेशन आफ ऑगेर्नाइज्ड लेबर एंड ट्रेड यूनियन₹ की बैठक में मजदूर संगठनों के द्वारा निर्णय लिया गया कि ₹वे अब कहीं और कभी भी 8 घंटा से अधिक काम नहीं करेंगे, 1886 की पहली मई तारीख से ही। ₹अमेरिका में इसको लेकर व्यापक तैयारियां शुरू हो गई थी ।पूरे अमेरिका में हड़तालें चल रही थी । 1 मई को मैंक करमीक रीपर कारखाना के हड़ताली मजदूरों की रैली में पुलिस की गोली से दो मजदूरो की मौत हो गई थी ।इसी के विरोध में तमाम मजदूर संगठन के लोग गरज उठे 3 और 4 मई को शिकागो के हे मार्केट स्क्वायर में मजदूरों ने एक शांतिपूर्ण रैली का आयोजन किया था। जब रैली की समाप्ति होने को था ठीक उसी समय पुलिस की गोली से और चार मजदूरों की मौत हो गई थी। पुलिसों की गोली से मजदूरों के खून से उनके कपड़े लाल हो गए । इस लाल कपड़े को डंडे में लेकर मजदूरों ने नारा बुलंद करने लगा।तब से यही लाल निशान मजदूरों का लड़ाई का निशान भी बन गया। बाद में इस लाल झंडे पर मजदूरों का हथोड़ा और किसानों का हंसुवा चिन्ह जोड़कर मजदूर -किसान एकता एवम संघर्ष का प्रतीक बनाया गया। इसी सभा में से चार मजदूर नेता स्पाइस ,परसेंस, फिसार और एंगेल्स को गिरफ्तार कर लिया गया था और एक विचार की नौटंकी की गई थी। सन 1887 को 11 नवंबर के दिन इन्हे फांसी की सजा दे दी गई थी। फांसी की तख्त पर चढ़कर मजदूर नेता स्पाइस ने कहा था ₹कब्र के अंदर की हमारी चुप्पी कहीं ज्यादा और जोरदार एवम मुखर होगा जो मजदूर वर्ग के अंतिम लड़ाई तक के लिए विजय का प्रेरणा स्रोत होगा, जो मजदूर वर्ग के इतिहास में अमर रहेगा।

1890 के 1 मई से पुरी दुनिया मे पहली मई को मजदूर दिवस के रूप मे मनाए जाने का निर्णय लिया गया औरमनाए जाना भी लगा। भारत में 1923 को मद्रास मे मजदूर नेता सिंगूरबेलु चेटीयर के नेतृत्व मे मजदूरो द्वारा पहला मई दिवस मनाया गया था। मौके पर कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# सक्षम ऐप करेगी दिव्यांग मतदाता को सहयोग : डीसी

**आवाज प्रतिनिधि**

**पाकुड़ :** दिव्यांगजन भी आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कर सकें इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग अथक प्रयास कर रही है। मतदान करने हेतु दिव्यांगजनों को विशेष सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सक्षम ऐप विकसित किया गया है। सक्षम ऐप दिव्यांगजनों को मतदान के लिए पंजीकरण करने, अपना मतदान केंद्र को खोजने और वोट डालने में मदद करने के लिए कई सुविधाएं प्रदान करेगी।

उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने कहा कि राजमहल लोकसभा क्षेत्र के दिव्यांग मतदाता सक्षम ऐप का इस्तेमाल कर आसानी से मतदान कर सकेंगे। यह ऐप विशेष रूप से दिव्यांगजनों के लिए विकसित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग हर संभव प्रयास कर रही है कि दिव्यांगों को मतदान करने में कोई परेशानी न उठानी पड़े।देश का हर दिव्यांग नागरिक भी अपने-अपने बूथों पर जाकर आसानी से मतदान कर सकें और देश के निर्माण में अपना योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि सक्षम ऐप को गूगल प्ले स्टोर से आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है।




# सीओ ने राजस्व ग्राम प्रधानों के साथ की बैठक



ग्राम प्रधानों के साथ बैठक करते अंचलाधिकारी।

**आवाज प्रतिनिधि**

**नाला :** नाला अंचल कार्यालय कक्ष में अंचलाधिकारी किशोरी यादव की अध्यक्षता में राजस्व ग्राम प्रधानों की बैठक हुई ।इस दौरान अंचलाधिकारी किशोरी यादव ने राजस्व तथा चुनाव से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान अंचलाधिकारी किशोरी यादव ने लगान वसूली करने का भी राजस्व ग्राम प्रधानों को निर्देश दिए कहा कि जिसका भुगतान बांकी है उनका लगान वसूली यथाशीघ्र करें इसके अलावा उन्होंने लोकसभा निर्वाचन को लेकर भी विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की और कहा कि जिस प्रधानी मौजा में चुनाव में कोई दिक्कत हो तो उसकी सूचना दें साथ ही सरकारी जमीन पर अवैध रूप से दखल व अतिक्रमण करने वाले पर भी आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस क्रम में उन्होंने लोकसभा निर्वाचन को लेकर शत-प्रतिशत मतदान करने को लेकर भी सभी राजस्व ग्राम प्रधानों को अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए निर्देशित किए। इसके अलावे आदर्श आचार संहिता के अनुपालन को लेकर भी चर्चा करते हुए क्षेत्र के हर गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त कराने के लिए भी निर्देशित किए। इस अवसर पर शांति घोष ,विजय मंडल,दिनू दास ,परिमल मंडल, मोतीलाल राय ,काजल सिंह , शाहिना बानु सहित अन्य राजस्व ग्राम प्रधान मौजूद थे।

# 6 को नियमित टीकाकरण और भीपीडी कार्यशाला का होगा आयोजन : प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी

**आवाज प्रतिनिधि**

**नाला :** 6 मई को नाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में नियमित टीकाकरण एवं भीपीडी कार्यशाला आयोजित की गई है। इस आशय की जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर लियाकत अंसारी ने पत्र निर्गत कर दी। इस संबंध में उन्होंने कहा है कि उक्त कार्यशाला 6 मई को पूर्वाह्न 10:00बजे नाला सीएचसी के सभागार में आयोजित की गई है तथा इस बैठक में सभी सीएचओ, एएनएम,बीटीटी एवं सहिया साथी भाग लेंगे। इस दौरान उन्होंने उक्त कार्यशाला में ससमय भाग लेने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर डॉ० रामकृष्ण बाबु,फिल्ड मॉनिटर शिवधन मरांडी,एमटीएस अहमद रजा परवेज, डाटा ऑपरेटर बबलू पाल सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।



कार्यशाला की जानकारी देते प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ लियाकत अंसारी।

## हत्यारोपित को पुलिस ने पकड़ा, जेल

**आवाज प्रतिनिधि**

**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़) :** हत्या के आरोपी राजा सोरेन को पुलिस ने कुकुरडूबा गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि लंबे समय से फरार चल रहे नामजद हत्यारा राजा सोरेन को घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. उन्होंने बताया कि चार महीना पूर्व जमीन विवाद को लेकर कुकुरडूबा गाव में दो पक्षों में मारपीट हुई थी. मारपीट में घायल हुए फिलिप किस्कू के इलाज के दौरान मौत हो जाने पर भाई सुशील किस्कू द्वारा 16 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था. जिसमें पुलिस ने पहले ही तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. एक व्यक्ति कोर्ट में आत्मसमर्पण किया है. इस मामले में अभी तक पांच लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है. बाकी बचे हत्यारे को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

# अवैध लकड़ी के साथ एक गिरफ्तार

**आवाज प्रतिनिधि**

**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़) :** वन विभाग ने बुधवार रात्रि कुंजबोना पंचायत के मधुबन गांव के समीप से एक भूटभूटिया वाहन में सात बोटा लकड़ी समेत एक लकड़ी तस्कर को गिरफ्तार किया है. वन प्रमंडल पदाधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुंजबोना क्षेत्र में पश्चिम बंगाल के लकड़ी तस्कर जुगाड़ वाहन से लकड़ी ले जाने की तैयारी में है। इसकी जानकारी फोरेस्टर बबलू देहरी को दिया गया। बबलू देहरी ने एक टीम बनाकर मध्य रात्रि में छापामारी किया। मधुबन के समीप एक जुगाड़ गाड़ी में सात बोटा लकड़ी लेकर भाग रहे फरक्का थाना क्षेत्र के लहरिया निवासी रफीकुल शेख को टीम ने दबोच लिया। जबकि एक वन माफिया अंधेरा का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा।जप्त लकड़ी को वन कार्यालय लिट्टीपाड़ा में रखा गया है। फोरेस्टर ने बताया कि दोनों लकड़ी तस्कर पर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा.



## मुखिया संघ बैठक को लेकर पालोजोरी प्रखंड मुखिया संघ ने बनाई रणनीति

**आवाज प्रतिनिधि**



**पालोजोरी :** आगामी 5 मई 2024 को मुखिया के 29 अधिकारों को उपयोग कर पंचायती राज में संपूर्ण विकास की मंसा लेकर प्रमंडलीय स्तरीय मुखिया संघ की बैठक पालोजोरी प्रखंड अंतर्गत ठेंगाडीह में की जाएगी। जिसमें 200 से भी अधिक मुखिया गण भाग लेंगे। जिसको लेकर गुरुवार को पालोजोरी प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष नौशाद हक की अध्यक्षता में बैठक कर आगमी 05मई होने वाली प्रमंडलीय स्तरीय मुखिया संघ सम्मेलन की तैयारी लेकर रणनीति बनाई गई। जिसमें सभी प्रकार की व्यवस्था को लेकर जिम्मेवारी सौंपी गई। मौके पर पालोजोरी मुखिया संघ अध्यक्ष नौसाद हक, सचिव कुमार राजीव रंजन, के अलावे शोएब अंसारी, अंसुक साधु, नीतू कुमारी, इंताज आलम, फुरकान अंसारी आदि मुखिया ने इस तैयारी बैठक में भाग लेते हुए सर्वसम्मति से दिए गए प्रभार को ग्रहण कर पूरी तरह से उसे निभाने का भार लिया।

# हरिनाम संकीर्तन का हुआ समापन

**आवाज प्रतिनिधि**

**कुंडहित (जामताड़ा) :** बुधवार को प्रखंड के बाबूपुर गांव में 24 प्रहर हरिनाम संकीर्तन कुंजविलास व नर नारायण सेवा के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद सदस्य भजहरी मंडल उपस्थित थे ।पश्चिम बंगाल के 24 परगना जिला के हुगली निवासी कीर्तनिया अशोक दास बाबा जी एंव सहयोगी द्वारा भगवान श्री कृष्ण के लीला का वर्णन,नृत्य आदि प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने जीव जगत को शिक्षा देने के लिए ये लीलाएं की। कलियुग में जीवों का अल्प आयु के कारण उद्धार का एकमात्र उपाय हरिनाम संकीर्तन है। दिन भर अपने कर्म करते हुए कम से कम एक बार सच्चे मन से भगवान का स्मरण करना चाहिए। लीला के क्रम में उन्होंने कहा कि गौरांग महाप्रभु जात पात ऊंच नीच का भेदभाव से ऊपर उठकर समाज को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि हम सभी सांसारिक जीव को हमेशा सत्कर्म व जीवों के प्रति दया भाव रखना चाहिए। कहा सभी जीवों में भगवान का अंश है। अक्सर लोग बिना कुछ सोचे समझे गलत कार्य कर बैठते हैं तथा अच्छे फल प्राप्ति की आशा करते हैं जो कदापि संभव नहीं है। कहा कि सुंदर समाज निर्माण के लिए सत्संग व सत्कर्म करना चाहिए। अक्सर लोग बिना कुछ सोचे समझे गलत कार्य कर बैठते हैं तथा अच्छे फल प्राप्ति की आशा करते हैं जो कदापि संभव नहीं है। कहा कि सुंदर समाज निर्माण के लिए सत्संग व सत्कर्म करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान भक्तजनों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर बाबूपुर के अलावे आसपास गांव के लोग 3 दिनों तक भक्ति रस में डूबे रहे।

# सड़क, पुल और विद्यालय आदि समस्याओं को लेकर भेड़ों के ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार करने का लिया निर्णय

**आवाज प्रतिनिधि**

**नाला :** कुलडंगाल पंचायत अंतर्गत भेड़ो गांव के ग्रामीणों ने सड़क, पुल तथा विद्यालय आदि की समस्याओं को लेकर वोट ना देने का निर्णय लिया। इस संबंध में ग्रामीण विभीषण पाल ने कहा कि मुख्यालय जाने के लिए उपयुक्त सड़क तथा पुल नहीं है फलस्वरूप बरसात के दिनों में आने जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, ऐसा कि कोई डिलिवरी इमर्जेंसी पेसेंट होता है तो अस्पताल ले जाने के लिए मौत से जूझना पड़ता है।

ग्रामीणों ने यह भी कहा कि वर्ष 2000 में उत्क्रमित प्रा० विद्यालय भेड़ो की स्थापना हुआ था उसको मार्ज कर दिया गया जबकि यहां का आवादी कम से कम पांच सौ है बावजूद सरकार व विभाग का निर्णय सही नहीं है । ग्रामीणों ने कहा कि सरकार से हमलोग न्याय चाहते हैं, जबतक यहां सड़क, पुलिया विद्यालय चालू करने का गारंटी नहीं देगी तब तक हमलोग यहां का मतदान बायकट व बहिष्कार करने का निर्णय लिए हैं । कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में यहां के बुथ का मतदान पूर्णरूपेण बायकट होगा ।कोई भी वोटर अपना वोट नहीं देंगे। वहीं ग्रामीण शशंकर माजी ने कहा कि हमारे यहां सड़क की बहुत बड़ी समस्या है हमारे यहां पहाड़ी टोला भी है यहां यातायात की बहुत असुविधा है । हम लोगों को मुख्यालय 20 कि.मी दूरी घूम के जाना पड़ता है। इस दौरान ग्रामीण समीर पाल ने कहा कि हमारे गांव में लगभग 500 बच्चे हैं विद्यालय दूर होने के कारण इस विद्यालय में पहुंचाना फिर ले जाना बहुत दिक्कत होता है ।सड़क हमारा 2 किलो मीटर तक अत्यंत खराब है, फलस्वरूप रास्ता में आवाजाही बंद है। बरसात के दिनों में तो बहुत ज्यादा कठिनाई हो जाती है। जबतक इन समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता तब तक वोट नहीं दिया जाएगा। वहीं ग्रामीण संजय पाल ने कहा कि यह सड़क भेड़ो से नाला जाती है जो भेड़ो से नवडीहा होते हुए नाला की ओर जाती है बीच में 2 किलो मीटर कच्चा सड़क है और इसी 2' के बीच में एक नदी भी है जहाँ एक पुल तक नहीं है। कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में वोट नहीं देने का फैसला हमलोगों ने लिया है। इस अवसर पर विभीषण पाल, शशंकर माजी, शुभंकर घोष, मस्तराम पाल, अक्षय पाल, दिलीप पाल,तापस पाल, अमित पाल ,रबिन पाल, समीर पाल ,प्रफुल्ल माजी, राजीव माजी सहित अन्य ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में वार्ड सदस्य मामनी मान्ना तथा प्रतिनिधि मिहिर मंडल से पूछने पर उन्होंने बताया कि वाकई गांव में सड़क की भीषण समस्या है सड़क नहीं होने के कारण गांव टापू जैसा बना हुआ है। कहा कि इस संबंध में स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा अन्य पदाधिकारी को भी पूर्व में अवगत कराया गया है। परंतु समस्या जस की तस बने होने के कारण हम ग्रामीण अब ऊब गए हैं।



पुल ,सड़क तथा विद्यालय की मांग करते ग्रामीण।

# मनरेगा योजनाओं में बरती जा रही है व्यापक अनियमितता

## रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र में जारी है योजनाओं में गड़बड़ी का सिलसिला

**आवाज प्रतिनिधि । 2 मई**

**दुमका।** सरकार द्वारा संचालित तमाम योजनाओं का मुख्य उद्देश्य गरीब,शोषित तथा वंचित लोगों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए होता है। लेकिन यदि ऐसे में गरीब टपके को सरकारी योजनाओं का लाभ न मिल पाए, यह तमाम योजनाएं भ्रष्टाचार का शिकार हो जाए तो बस सिस्टम को कोसने के अलावा और दूसरा कोई उपाय नहीं है। जिले में कई जगहों पर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में गड़बड़ी के मामले को लगातार उजागर किया जाता रहा है, ताजा मामला दुमका जिले के रामगढ़ प्रखंड से है जहाँ मनरेगा संचालित योजनाओं में गड़बड़ी रुकने का नाम ही नहीं ले रही है। विशेष कर सिंचाई तालाब योजनाओं में अनियमितता चरम पर है।सिंचाई तालाब योजनाओं में किए गए कार्य से कई गुना अधिक राशि की निकासी आम बात है।ताजा मामला बड़ी रणबहियार गांव का है। बड़ी रणबहियार गांव के ललीन बेसरा के नाम से वित्तीय वर्ष 2021-2022 में मनरेगा के तहत एक यूनिट सिंचाई तालाब की स्वीकृति विभाग द्वारा दी गई थी।योजना की प्राक्कलित राशि 474021 रुपए थी। अब तक इस योजना में 442912 रुपए की निकासी हो हो चुकी है।तालाब की गहराई 10 फुट होनी चाहिए थी।जबकि तालाब की खुदाई मात्र ढाई फीट से 3 फीट की गई है।सूचना पट्ट भी तोड़ दिया गया है।



जानकार सूत्रों के अनुसार प्राक्कलित राशि का ज्यादातर हिस्सा बिचौलियों एवं संबंधित मनरेगा कर्मियों द्वारा बंदर बांट कर लिया गया है। ऐसे में सहज रूप से समझा जा सकता है कि बिचौलिया तथा ऐसे कर्मी अपने जेबें भरने के लिए गरीबों के अधिकार को भी छीनने से बाज नहीं आते है। ऐसे मामले में डीडीसी द्वारा जाँच की आवश्यकता है ताकि बिचौलियों तथा कर्मियों के द्वारा मनरेगा योजनाओं में खुली लूट का भांडाफोड़ हो सके।

साथ ही साथ मनरेगा आयुक्त को भी इन तमाम संचालित योजनाओं में हस्तक्षेप की आवश्यकता है अन्यथा मनरेगा योजना मरेगा योजना में तब्दील हो जाएगी।

# नशे में धूत पति ने पत्नी को बेहरमी से पीट कर कर दी हत्या

## आरोपी पति को गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**आवाज प्रतिनिधि । 2 मई**

**काठीकुंड।** काठीकुंड प्रखंड के भिलाईकांदर गांव में पति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से लाठी-डंडे से पीट पीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद इतना बढ़ गया कि नशे में धुत पति ने पहले पत्नी को बुरी तरह पीटा। इसके बाद टांगी से शरीर के कई हिस्से पर वार कर मौत के घाट उतार दिया। खबर मिलते ही काठीकुंड पुलिस मौके पर पहुंची। इस घटना के संदर्भ में थाना प्रभारी त्रिपुरारी कुमार ने कहा की ग्रामीणों के मुताबिक मंगलवार दोपहर से दोनों पति-पत्नी के बीच आम तोड़ने की किसी बात पर विवाद हो गया था। शाम को पति रामेशल हासदा नशे की हालत में घर आया और अपनी पत्नी 53 वर्षीय सुशीला सोरेन से उसी बात को लेकर झगड़ने लगा। इसी बीच गुसाइये पति ने अपने पत्नी को टांगी से वारकर पत्नी को मौत के घाट उतारा दिया,घटना के वक्त घर में सिर्फ पति-पत्नी ही थे'बताया जा रहा है कि हत्या की वारदात के वक्त पति-पत्नी के अलावा घर पर कोई नहीं था। बड़ा बेटा अपनी ससुराल में घर जमाई के रूप में रहता है. जबकी छोटा बेटा रोजगार के लिए बाहर गया हुआ है। काठीकुंड थाना प्रभारी ने बताया कि सुबह घटना की जानकारी मिलते ही गांव पहुंच कर शव को कब्जे में लिया गया। मामले में हत्या के आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।




# ईवीएम/वीवीपैट का प्रथम रैंडमाइज़ेशन कार्य संपन्न

**आवाज प्रतिनिधि । 2 मई**

**दुमका।**लोकसभा चुनाव 2024 के लिए ईवीएम/वीवी पैट का प्रथम रैंडमाइजेशन का कार्य गुरुवार को एनआईसी दुमका के सभाकक्ष में संपन्न हुआ।

इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी,सभी एआरओ एवं विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि की उपस्थिति में विधानसभावार यथा 07 शिकारीपाड़ा,10 दुमका,11 जामा,12 जरमुंडी के ईवीएम तथा वीवी पैट का रैंडमाइजेशन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे की देखरेख में ईवीएम/वीवीपैट के प्रथम रैंडमाइजेशन के उपरांत 07 शिकारीपाड़ा,10 दुमका,11 जामा,12 जरमुंडी के कुल 1117 मतदान केंद्रों के लिए बैलेट यूनिट,कंट्रोल यूनिट तथा वीवी पैट का चिन्हितिकरण किया गया। इसके उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे ने ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया।इस दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।



# लोस प्रत्याशी सीता सोरेन का रामगढ़ में तूफानी दौरा

## जनसम्पर्क कर विकास के नाम पर मांगा वोट

**आवाज प्रतिनिधि । 2 मई**

**रामगढ।**दुमका लोस के भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने रामगढ़ प्रखंड के महुबना ,ठाडी हाट ,जीयापानी डांडो,अमडापहाडी सिलठा बी, केंदुआ,बासदूमा ठाडी, बंदरजोडा दुधवा समेत डेढ़ दर्जनों क्षेत्रों में लोगों से जनसंपर्क कर विकास कै नाम पर वोट मांगा।महुबना में लोगों से जनसंपर्क करते सीता सोरेन ने कहा कि आप लोग मुझे जामा विस से लगातार तीन बार झामुमो से विधायक बनाये।अब हमें भाजपा से दुमका लोक सभा सीट से भारी मतों से जितायें। कुछ युवाओं ने सीता सोरेन से पुछा कि आपके 15 साल के विधायक के रहने के बादजुद युवाओं के नौकरी और स्वरोजगार में कोई कदम नहीं उठाया।सीता सोरेन ने कहा की हेमंत सोरेन की सरकार भ्रष्टाचार करप्शन,लुटपाट का राज चल रहा था मेरी कुछ भी नहीं चलता था।मान सम्मान से आहत होने पर मैंने भाजपा ज्वाइन किया हूं उन्होंने मोदी जी द्वारा चलाए गए सभी कल्याणकारी योजनाओं को गिनाया।

उन्होंने कहा आप मुझे दुमका लोस से सांसद बनाये मै विकास की झडी लगा दुंगा।शिक्षा स्वास्थ्य,युवा ओ के लिए भाजपा पहल करेगी उन्होंने हेमंत सोरेन पर कटाक्ष करते कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार युवाओ को पांच लाख नोकरी देने के बादे कर अपने वादे से मुकर गए।मेरी एक बात भी नहीं चली। उन्होंने कहा मुझे सांसद बनाये दुमका में विकास दिखेगा।मोके पर सुरेश मुर्मू,झुणु सिंह, रामगढ़ के निरंजन मंडल, नलीन सोरेन, चुनी राय समेत दर्जनों भाजपाई मौजूद थे।



# नही रहे महाबीर जी आश्रम के पुजारी बासुदेव मुनी,क्षेत्र में शोक

**आवाज प्रतिनिधि । 2 मई**

**रणीश्वर।** सादीपुर स्थित महाबीरजी आश्रम के पुजारी बासुदेव मुनी उर्फ तिवारी बाबा का गुरुवार के अपराह्न में देहांत हो गया हैं। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी है।आश्रम से जुड़े लोगों ने बताया कि पंचमदोल महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित होने के बाद से ही वो बीमार चल रहे थेआश्रम समिति के सचिव धूर्जटी महंत,सुजीत महातो,तापस बागति,विद्युत बाउरी,झुनू गोराई,भंडी लायेक ने पुरोहित को सिउड़ी के सदर अस्पताल में भर्ती कराया था। सोमवार के देर शाम उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी। गुरुवार को उनका देहांत हो गया हैं।जानकारी के अनुसार शाम में मयूराक्षी नदी के सादीपुर घाट पर उनके पार्थिव शरीर का दाह संस्कार किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार तीन दशक से वो आश्रम के पुजारी थे।



## हरिपुर ग्राम पंचायत के कितुड़ी दुर्गा मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय हरिनाम संकीर्तन सम्पन्न

**रानीश्वरः** हरिपुर ग्राम पंचायत के कितुड़ी स्थित दुर्गा मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन गुरुवार को सम्पन्न हो गया।बीरभूम जिला के प्रख्यात कीर्तनिया बिष्णु बंदोपाध्याय ने गुरुबार पाला कीर्तन किया।तत्पश्चात यहां भंडारे का आयोजन किया गया,जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में उत्तम दास,बासुदेव दास,सुबोध दास,सचिन साहा,नरेश माझी ने बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लिया।अतनु सेन ने बताया कि बैशाख महीने में यहां बर्षो से अखंड हरिनाम कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है।

# स्वीप के तहत जरमुंडी प्रखंड मुख्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन

**आवाज प्रतिनिधि । 2 मई**

**जरमुंडी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निदेश पर स्वीप कोषांग द्वारा जरमुंडी प्रखंड मुख्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।इस रक्तदान शिविर में 20 लोगों ने रक्तदान किया एवं मतदाताओं से 1 जून को अपने अपने मतदान केंद्र जाकर लोकतंत्र के महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। 05-वटर खुटहरी (राजसिमारिया) की बीएलओ सुनीता देवी ने भी शिविर में पहुंचकर रक्तदान किया।उन्होंने कहा कि अपने आस-पास के सभी मतदाताओं को 1 जून को मतदान करने के लिए प्रेरित करूँगी। इसी क्रम में दिनांक 4 मई को मसलिया,6 मई को रानेश्वर के प्रखंड मुख्यालय एवं 8 मई को इंडोर स्टेडियम दुमका में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।



# जामा थाना क्षेत्र में पलाश के पेड़ से लटका मिला 21 वर्षीय युवती का शव ,जांच में जुटी पुलिस

**आवाज प्रतिनिधि । 2 मई**

**जामाः** जामा थाना पुलिस ने गुरुवार को भूटोकोड़िया पंचायत के रांगा गांव के पास गोरा चपत जंगल से पलाश के पेड़ से लटका हुआ 21 वर्षीय युवती का शव बरामद किया है।घटना स्थल से युवती के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए फुलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका भेज दिया है। मामले में थाना प्रभारी अजित कुमार ने बताया कि प्रथम द्दष्टया हत्या का मामला प्रतीत होता है।मृतक युवती के गले में निशान पाया गया है,जिससे पता चलता है कि उसकी गला दबाकर हत्या की गयी है।इसके उपरांत शव को लाकर जंगल में पेड़ से लटका दिया गया है।थाना प्रभारी ने बताया कि शव की शिनाख्त रांगा गांव के बाबुशल बेसरा की पुत्री मेरिनीला बेसरा उम्र 21 वर्ष के रूप में की गयी है।उन्होंने प्रेम प्रसंग में युवती की हत्या होने की आशंका जतायी है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच में जुट गयी है।

# रक्तदान हैं महादान, इससे बड़ा कोई दान नहीं : प्राची

**आवाज प्रतिनिधि । 2 मई**

**दुमकाः** रक्तदान को महादान यूं ही नहीं कहा जाता, रक्तदान से कई मरीजों की जान तत्काल बचाई जा सकती है' वर्तमान में भले ही सभी लोग रक्तदान को लेकर इतने जागरूक न हो लेकिन दुमका जिले में कई ऐसे लोग हैं जो रक्तदान के महत्व को समझते हैं तथा अपना सर्वस्व समर्पण समाज की भलाई के लिए कर देते हैं। इसी में से एक नाम दुमका के रहने वाले रक्त वीर वत्स सेवा समिति के अध्यक्ष चंचल सिंह का है जिनकी सहायता से न जाने अब तक कितने ही मरीजों की जिंदगी बचाई जा चुकी है। बताते चलें कि दुमका के रहने वाले एक युवक जिनका ट्यूमर फट गया और जो जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा था तथा रक्त के अभाव में शायद क्या होता कहना मुश्किल था। लेकिन जैसे ही यह जानकारी चंचल सिंह को मिली तो इन्होंने तुरंत प्राची कुमारी से संपर्क किया और मानवता की मिशाल के रूप में एक लड़की होकर स्वयं ब्लड बैंक आकर चंचल सिंह के आग्रह पर रक्तदान कर मरीज की जान बचाने में अपनी भूमिका निभाई और समाज के लिए एक संदेश दिया कि आपातकाल समय में रक्तदान करने के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए न धूप न रात तथा अस्पताल में चिकित्सकों के अनुसार उन्हें तुरंत एक यूनिट बी पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता थी।मरीज के परिजन रक्त की व्यवस्था कर पाने में असमर्थ थे। अतः मरीज के परिजन ने रक्तदान हेतु चंचल सिंह से संपर्क किया। रक्तदान के पश्चात प्राची ने कहा की 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को रक्तदान अवश्य करना चाहिए, लोगों की मदद करना ही मानवता का सबसे बड़ा धर्म है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार का कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है।



# असमाजिक तत्वों ने जंगलों में लगायी आग, वन विभाग बेखबर

**आवाज प्रतिनिधि । 2 मई**

रामगढ़।इन दिनों रामगढ़ प्रखंड में विभिन्न क्षेत्रों में लकड़ी माफिया सक्रिय हैं तथा जंगल में आग लगाकर कितनी लकड़ियां जब झुलस कर मर जाती है तब लकड़ी माफिया उस कीमती लकड़ियों को काटकर आरा मिल पहुंचा कर बेचकर माला माल हो रहे हैं।हंसडीहा भतोडिया दुमका रेलखंड के किनारे लकड़ी माफिया सक्रिय होकर जंगल में आग लगा रहे हैं। रामगढ़ प्रखंड के भतोडिया रेलवे स्टेशन के बगल में लकड़ी माफिया आग लगाकर कीमती पेड़ों को झुलसा कर बाद में काटकर स्थानीय आरा मील पहुंचाकर मालामाल हो रहे हैं।इस मामले में नोनीहाट वन विभाग अनजान बना हुआ है।



# स्वरोजगार से जोड़ने को आरसेटी जामा में महिलाओं को दिया गया मुर्गी पालन का प्रशिक्षण

**आवाज प्रतिनिधि । 2 मई**

**जामा।** इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी)जामा, द्वारा महिलाओं को स्वरोजगार की ओर अग्रसर करने के लिए आरसेटी जामा में मुर्गी पालन का 10 दिवसीय निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया गयोजिसमें दुमका जिले के विभिन्न प्रखण्डों से कुल 33 महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन आरसेटी के निदेशक पंकज कुमार चौधरी एवं संकाय सदस्य ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। आरसेटी के निदेशक पंकज कुमार चौधरी ने सभी प्रशिक्षणर्थियों को उधम स्थापित करने में सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि आरसेटी का प्रशिक्षण उन सभी के लिए बेहतर प्लेटफॉर्म है,जो सफल उधमी बनकर खुद का रोजगार करना चाहते है। इस तरह वह खुद के साथ दूसरों को भी रोजगार दे सकते है। उन्होंने कहा कि समूह की महिलाएं आसानी से मुर्गी पालन कर अपनी आर्थिक स्थिति सुधार कर सकती है।उन्होंने कहा कि मुर्गी पालन एक ऐसा व्यवसाय है, जिसको कम पूंजी में,कम समय में,कम मेहनत में और कम जगह में शुरू किया जा सकता है।महिला प्रशिक्षिका सुनीता हेमब्रम ने सभी प्रशिक्षुओं को मुर्गी पालन से सम्बंधित मुगीयों के रखरखाव, टीकाकरण, मुगीयों में होने वाली सामान्य बीमारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।अंत में आरसेटी के कार्यालय सहायक अभिषेक कुमार ने बताया कि आने वाले दिनों में संस्थान द्वारा दीदी की दुकान,साबुन सर्फ बनाने,सेल फोन रिपेयरिंग, पॉली हाउस और शेड नेट फार्मिंग, कृषि उद्यमी,वाणिज्यिक फूलों की खेती, दो पहिया मरम्मती आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस मौके पर आरसेटी के संकाय सदस्य उत्पल कुमार लाहा,कार्यालय सहायक अभिषेक कुमार,मनोज कुमार सिंह,संजय सोरेन एवं अन्य उपस्थित थे।



# आग की चपेट में आने से दर्जनों घर जलकर राख, दमकल की गाड़ी एक घंटा पहुंची लेट



आग से जलता हुआ घर।

आवाज प्रतिनिधि

**मेहरमा :** गोड्डा जिले के मेहरमा प्रखंड क्षेत्र के अमरसिंहकित्ता गांव में करीब 10:00 बजे भयंकर आग लग गई। आग लगने से हड़कंप मच गया। इस घटना में दर्जनों से अधिक घर जलकर खाक हो गई। आग की लपेटे इतनी भयावा था कि देखते ही देखते दर्जनों घरों को अपने आगोश में ले लिया। हालांकि आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि किन कारणों से आग लगा है। इस घटना में किसी के हताहत होनें की खबर नहीं है। लेकिन सभी अपने-अपने घर से बाहर निकल गए थे। लेकिन घर में रखे सामान मोटरसाइकिल अनाज पैसे खाने पीने के सारे सामान जलकर खाक हो गया है। अग्निशमन विभाग को जानकारी दे दिया गया था। लेकिन दमकल की गाड़ियां आने में लेट हो गई। तब तक इधर घर जलकर राख हो गया था। अग्निशमन विभाग 1 घंटे लेट से घटनास्थल पर पहुंची। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिनव कुमार इस घटना को लेकर दुख जताया है और उन्होंने कहा आग की लपेट बहुत भयावाह था। अग्निशमन विभाग को जानकारी दे दिया गया था। उनको आने में लेट हुई। क्योंकि वह लोग रास्ता नहीं देखा था। यही वजह से अग्निशमन विभाग घटनास्थल पर तुरंत नहीं पहुंच पाया। आधा दूर आने के बाद रेलवे लाइन तक पहुंचा। लेकिन रेलवे लाइन के बाद फिर अग्निशमन की गाड़ी घूमार ललमटिया चला गया। दमकल की गाड़ी रास्ता भटक गया। क्योंकि सभी लोग उसमें नया था। प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिनव कुमार ने कहा आग पर काबू पा लिया गया है। सरकार की ओर से जो भी मुआवजा होगा, वह दिया जाएगा।

## आग लगने से दर्जनों घर जलकर हुआ राख



आग लगने के बाद बुझाने में जुटे लोग।

आवाज प्रतिनिधि

**महागामा :** गोड्डा जिले के बलबड्डा थाना अंतर्गत अमरसिंह कित्ता गांव में आग लगने से करीब एक दर्जन घर जलकर राख हो गया। घटना गुरुवार दोपहर की बताई जाती है। आग की उच्ची लपेट और आसमान छूती धाआ की गुब्बारा देख ग्रामीण दौड़ते हुए घटना स्थल पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आसपास पानी की प्रयाप्त व्यवस्था नहीं होने और तेज पछुआ हवा चलने की वजह से आग पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका। हालांकि घटना की सूचना मिलते ही बलबड्डा पुलिस दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर आग बुझाने में ग्रामीणों की मदद करते हुए आग बुझाने के लिए एनटीपीसी, ईसीएल और झारखंड सरकार की तीन अग्निशमन वाहनों को घटनास्थल पर बुलाया गया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। आग लगने से दर्जनों गरीबों का आशियाना धू धूकर जल गया। आग लगने से घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना में लाखों का नुकसान बताया जाता है। आग लगने के बाद पीड़ित परिवार के चीख पुकार से माहौल गमगीन हो गया।इधर, घटना की सूचना मिलते ही मेहरमा प्रखंड प्रशासन भी घटनास्थल पर पहुंचकर घटना के संबंध में पीड़ित परिवार से जानकारी ली।

## गांव के पास जंगल में लगी आग अफरा-तफरी का रहा माहौल



गांव से सटे जंगल में लगी आग।

आवाज प्रतिनिधि

**पोड़ैयाहाट :** कसमा टोला के ग्रामीणों की सूझबूझ व एकजुटता से बड़ी हादसा होते-होते टल गया। दरअसल गांव से महज 500 सौ मीटर पर स्थित जंगल में तकरीबन 9:00 बजे एकाएक आग लगने से अफरा तफरी का माहौल बन गया। तेज पछुआ हवा से आग बेकाबू होने लगा। ग्रामीणों को अपना घर बचाने की चिंता सताने लगी। देखते ही देखते पूरा गांव एकजुट होकर आग बुझाने का प्रयास करने लगा। लेकिन आग था कि कम होने का नाम नहीं ले रहा था।आग इतनी तेजी से पछुआ हवा के बहने से जंगल में फैल रहा था कि पास के गांव के लोग काफी भयभीत हो चुके थे। इसके बाद ग्रामीणों ने घटना की जानकारी अग्निशामक को दी। इधर ग्रामीणों ने भी आग बुझाने का प्रयास किया ताकि आग गांव की ओर न बढ़ सके। जब तक अग्निशामक का दाल नहीं पहुंचा तब तक ग्रामीण आग को गांव की तरफ बढ़ने से रोक रहा था सभी कोई पानी लेकर आग बुझाने का प्रयास कर रहा था। अग्निशामक के टीम घटनास्थल पहुंचकर आग पर काबू पाया। हालांकि दमकल को घटना स्थल जाने में काफी मशक्कत करना पड़ा।कसमा टोला गांव होकर अग्निशमन वाहन सड़क के दोनों किनारे घर नजदीक रहने व कोई रास्ता नहीं होने के कारण नहीं जा पाया। इसके बाद अग्निशमक वाहन को काफी घुमकर खेत होते हुए पहुंचा।काफी मशक्कत के बाद जंगल में लगी आग पर गांव तक आग पहुंचने के पूर्व काबू पाया गया। जंगल में लगी आग के कारण सैकड़ो बास एवं कीमती पेड़ जलकर राख हो गया है।

## झारखंड आंदोलनकारी सह पूर्व मुखिया सुफल किस्कू का हुआ निधन

आवाज प्रतिनिधि

**पोड़ैयाहाट :** दिसोम गुरु शिबू सोरेन के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने वाले 94 वर्षीय सुफल किस्कू अब लोगों के बीच नहीं रहे। सुफल किस्कू झारखंड मुक्ति मोर्चा के गठन से लेकर अपने जीवन पर्यन्त झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के संगठन को धारदार बनाने एवं इस इलाके में झारखंड मुक्ति मोर्चा का परचम लहराने के लिए लगे रहते और वे एक नेक इंसान थे। झारखंड राज्य के गठन के लिए हुए आंदोलन में उनकी अग्रणी भूमिका रही थी। वह एक सफल किसान के साथ सामाजिक कार्यकर्ता भी थे। समाज में फैले कुरीतियों के खिलाफ हमेशा आंदोलन करते रहते थे और आने वाली पीढ़ी को अपने कर्तव्य पथ पर चलने के लिए जागरूक भी करते रहते थे। 94 वर्ष के इस उम्र में अपने द्वारा लगाए गए आम के बगीचा में काम करते हुए इस भीषण ताप्ती गर्मी में लू के शिकार हुए और उनका देहांत हो गया। वे चार भाई थे जिसमें वे सबसे छोटे थे। इनके तीन पुत्र हैं। एक बेटा सेना में हैं।और दो किसान है। आज उनकी अंत्येष्टि संथाल समाज के अनुसार उनके पैतृक ग्राम कुसल टोला भटौंधा में किया गया। जहां इलाके के सैकड़ो लोग उपस्थित थे। उनकी मृत्यु से झारखंड मुक्ति मोर्चा ने एक कर्मठ कार्यकर्ता को खोया है।जिसकी भरपाई करना संभव नहीं है। इनके निधन से पूरे इलाके में शोक का लहर दौड़ गया है। उनकी अंत्येष्टि में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व केंद्रीय सचिव प्रोफेसर प्रेम नन्दन कुमार, जिला उपाध्यक्ष घनश्याम यादव, प्रखंड अध्यक्ष अवध किशोर हंसदा ,सचिव मुन्ना भगत, श्यामलाल हेंब्रम, नोमेन किस्कू, युवा मोर्चा अध्यक्ष राजेश हांसदा, बुधन किस्कू, प्रकाश किस्कू, महादेव किस्कू, हेलमेट किस्कू, मांझी हड़ाम नन्दलाल मुर्मू,कमल मरांडी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## मतदान को लेकर मतदाताओं को किया जागरूक

आवाज प्रतिनिधि

**पोड़ैयाहाट :** लोकसभा आम चुनाव में मतदान की प्रतिशत को बढ़ाने को लेकर बीडीओ फुलेश्वर मुर्मू के अगुवाई में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत भटौंधा पंचायत के हाथी हरियारी गांव में स्वयं सहायता समूह के दीदी के द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु रैली का आयोजन किया गया। उक्त रैली के माध्यम से सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त रंगोली का भी आयोजन किया गया जहां महिला स्वयं सहायता समूह की दीदी लोगों ने शपथ ग्रहण लेकर ज्यादा से ज्यादा मतदान करने को लेकर अशाश्वत किया। पहले मतदान, फिर जलपान के नारा को बुलंद



मतदाताओं महिलाओं को जागरुक करते प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्य।

किया। बीडीओ फुलेश्वर मुर्मू ने संताली भाषा आदिवासी लोगों को महिलाओं को समझाया कि आप सभी मतदान अवश्य करें। मतदान के दिन घर में नहीं बैठें ।पहले जाकर मतदान करें फिर घर का कामकाज करें। मतदान अवश्य करना चाहिए। यह आपका अधिकार है और इस अधिकार का प्रयोग एक-एक लोगों को करना चाहिए। न सिर्फ आप बल्कि आपके पड़ोस में कोई भी लोग जो मतदान करने नहीं जाते हैं उन्हें भी समझाएं कि वह मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान अवश्य करें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीडीओ फुलेश्वर मुर्मू, पोड़ैयाहाट,जेएस एलपीएस के आशीष रंजन, बीपीएम,समूह की दीदी आदि मौजूद थे।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से बाइक सवार सहित चार लोग हुए गंभीर

आवाज प्रतिनिधि

**महागामा :** महागामा थाना अन्तर्गत देवड़ी केबिन के समीप तेज रफ्तार बाइकों की टक्कर से बाइक सवार चार लोग गंभीर हो गए। घायलों में तीन की स्थिति नाजुक बताई जाती है। जबकि एक को मामूली चोटे आई है। घटना के संबंध में बताया जाता है। बाइक सवार चंदन कुमार, रितेश कुमार और उदय कुमार एक बाइक पर सवार होकर बाराहाट से पथरगामा घर जा रहा था। जबकि दुसरा बाइक सवार पितांबर गुप्ता अपना घर बकनपुर जा रहा था। इसी दौरान देवड़ी केबिन के पास दोनों बाइकों के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। घटना में बाइक सवार चारों सड़क पर इधर-उधर जा गिरे। घटना की सूचना मिलते ही महागामा पुलिस पहुंची और स्थानीय लोगों के द्वारा चारों घायलों को ऑटो में बिठाकर महागामा अस्पताल लाया गया। जहां ऑन ड्यूटी चिकित्सक प्रभारी संजय कुमार मिश्रा और चिकित्सक अभिषेक सानू के द्वारा चारों घायलों का प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज के लिए गोड्डा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सक ने बताया कि तीनों घायलों की स्थिति नाजुक हैं। घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस क्षतिग्रस्त दोनों बाइकों को थाना लेकर आई है।

## डीसी ने पेयजल की समस्या के निदान के लिए प्रखंड स्तरीय हेल्पलाइन टीम का किया गठन

आवाज प्रतिनिधि

**गोड्डा :** गोड्डा जिला में भीषण गर्मी के कारण जल स्त्रोत सूख जाने के कारण आम लोगो के लिए पेयजल की समस्या के निदान एवं त्वरित निष्पादन हेतु उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जिशान कमर के द्वारा प्रखण्ड स्तरीय हेल्पलाईन टीम का गठन किया गया है। हेल्पलाइन टीम के प्रतिनियुक्त कर्मियों को आदेश दिया गया है कि पानी की समस्या से संबंधित प्राप्त आवेदन व शिकायत को आवेदन पंजी में संधारित करते हुए त्वरित निष्पादन कराना सुनिश्चित करेंगे। वहीं, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि गठित कोषांग की सूचना सभी पंचायत सचिवालय के सूचना पटट् पर आम जनता के जानकारी हेतु प्रकाशित करेंगे एवं प्रचार प्रसार भी करायेगें। प्रखण्ड स्तर से पेयजल समस्या का निष्पादन नहीं होने अथवा विलम्ब की स्थिति में कार्यपालक अभियंता पेयजल एंव स्वच्छता प्रमंडल, गोड्डा एवं अधोहस्ताक्षरी की गोपनीय शाखा, गोड्डा में अविलंम्ब सुचित करेंगे। ताकि समस्या का निदान के संबंध में अग्रतर कार्रवाई की जा सके। यह आदेश तत्कालिक प्रभाव से लागू किया गया है। प्रखंडवार इस बावत जवाबदेही दी गई है।

## मजदूरों की मेहनत पर ही विकास की बुनियाद : डा. प्रदीप



कार्यक्रम में सचिव डॉ प्रदीप कुमार व अन्य।

आवाज प्रतिनिधि

**गोड्डा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर जिले के विभिन्न प्रखंडों में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार की टीम ने मजदूरों को कानूनी जानकारी एवं सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी । इस अवसर पर व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डा. प्रदीप कुमार ने कहा कि मजदूरों की मेहनत पर ही विकास की बुनियाद है। सरकारी व गैर सरकारी उद्योगों में 80 प्रतिशत असंगठित मजदूर कार्य करते हैं। समय के साथ- साथ मजदूरों के कल्याणार्थ अनेक योजनाएं संचालित की गई। मनरेगा के तहत देश के असंगठित मजदूरों के लिए कम से सौ दिनों के रोजगार की गारंटी दी गई है।

मनरेगा को कानूनी दर्जा भी दिया गया है। इसके अलावा श्रम विभाग की ओर से भी मजदूरों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित हो रही हैं। श्रम कार्ड व ई-श्रम कार्ड के तहत भी अनेक प्रकार के लाभ व पेंशन का प्रविधान है। इस संबंध में जागरुक रहने की जरुरत है। इस दौरान मध्यस्थ दिलीप कुमार झा, अधिवक्ता मृगेन्द्र कुमार झा, मध्यस्थ गौरी प्रिया, प्रदीप साह , पीएलवी नवीन कुमार, पूजा, रश्मि आदि ने भी विचार व्यक्त किये। इधर रंगमटिया में बासुदेव मणी नंदन कुमार, इंतेखाब आलम, जायसवाल मांझी, बसंतराय में मो. हसीब एवं मंजरी बीबी, पोड़ैयाहाट में शंकर चंद्र सेन एवं मीनू बेसरा ,पथरगामा में जुबाती मुर्मू एवं अजय टुडू , मेहरमा में विमल टुडू एवं दयानंद यादव ,सुंदरपहाड़ी में दिलीप यादव एवं चुनका मूर्मू, ठाकुर गंगटी में मुन्नी रानी एवं जयकृष्ण यादव, महागामा में रामविलास महतो, पोड़ैयाहाट में शंकर चंद्र सेन व मीनू बेसरा आदि ने विधिक सेवा के बारे में विस्तर से जानकारी दी। शिविर में आसपास क्षेत्र के दर्जनों मजदूर उपस्थित थे।

## क्षेत्र में कार्यरत मजदूरों के लगनशीलता और मेहनत के बदौलत राजमहल क्षेत्र नई ऊंचाई को छू रहा : एएन नायक

आवाज प्रतिनिधि

**महागामा :** राजमहल हाउस ऊर्जा नगर में क्षेत्रीय महाप्रबंधक राजमहल क्षेत्र एएन नायक के मार्गदर्शन में मजदूर दिवस हर्ष व उत्साह के साथ मनाया गय। मजदूर दिवस पर सर्वप्रथम एएन नायक द्वारा झण्डा तोलन किया गया। तत्पश्चात राजमहल क्षेत्र में कार्यरत ड्राइवर के लिए आराम हेतु निर्मित रेस्ट रूम का उद्घाटन एएन नायक द्वारा फीता काट कर किया गया। साथ ही पर्यावरण सुरक्षा हेतु वृक्षारोपण भी किया गया। तत्पश्चात, राजमहल हाउस में विभिन्न विभागों में कार्यरत क्रमचारियों को उनके राजमहल क्षेत्र के उत्पादन में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया गया। मजदूर दिवस पर क्षेत्रीय महाप्रबंधक एएन नायक के अतिरिक्त विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं यूनियन के प्रतिनिधियों द्वारा सभा को संबोधित किया गया। इस अवसर पर एएन नायक ने अपने सम्बोधन में कहा कि क्षेत्र में कार्यरत मजदूरों के लगनशीलता एवं मेहनत के बदौलत राजमहल क्षेत्र नई ऊंचाई को छू रहा है और आने वाले दिनों में और भी बेहतर प्रदर्शन के लिए आशा व्यक्त करते हुए उनको शुभकामनाएं दी उन्होंने मजदूरों को और भी बेहतर सुविधा सुनिश्चित करने का भी आश्वासन



नये पेड़ में पानी देते क्षेत्रीय महाप्रबंधक।

दिया। इसी क्रम में यूनियन प्रतिनिधियों ने एएन नायक के कार्यों का सराहना करते हुए कहा कि मौजूदा प्रबंधन का नजर बेहतर सुविधा देने हेतु अंतिम मजदूरों तक है जो कि बहुत सराहनिय है।। इस मौके पर ओपी चौबे, महाप्रबंधक (खनन)/अभिकर्ता (हुरासी परियोजना), एसके अंबष्ट क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक, एमके चंदेल क्षेत्रीय अभियंता समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# आचार संहिता और व्यय संधारण को ले डीसी ने की बैठक



सभागार में बैठक में शामिल डीसी और अन्य।

आवाज प्रतिनिधि

**जामताड़ा :** समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, जामताड़ा कुमुद सहाय की अध्यक्षता में जिले के विभिन्न मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आहूत किया गया।

बैठक के दौरान लोकसभा निर्वाचन 2024 के निमित्त सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को व्यय संधारण, विधि-व्यवस्था, आचार संहिता, एमसीएमसी, पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान प्रक्रिया, दूर-संचार माध्यमों से प्रचार-प्रसार संबंधी आयोग द्वारा समय-समय पर निर्गत निदेशों से अवगत कराया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने राजनीतिक दलों द्वारा आदर्श आचार संहिता का अनुपालन, चुनावी खर्च सहित अन्य बिंदुओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि आप सभी अवगत हैं कि जिले में आदर्श आचार संहिता लागू है, ऐसे में हर कार्यक्रम के आयोजन के लिए राजनीतिक दल को अनुमति लेना अनिवार्य है। इसके लिए सुविधा पोर्टल पर आसानी से ऑनलाइन आवेदन देकर अनुमति प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हरेक कार्यक्रम में वीडियो सर्विलेंस टीम मौजूद रहेगी।

वहीं बैठक के दौरान उन्होंने भारत चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों से राजनीतिक दलों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कहा कि चुनाव के दौरान किए गए खर्च की सही जानकारी सभी प्रत्याशी उपलब्ध कराएंगे। जांच में खर्च का ब्यौरा गलत पाए जाने पर उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द भी हो सकती है उन्होंने सभी से आदर्श आचार संहिता को लेकर सतर्क रहने और भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों का पालन करने का निर्देश दिया।

वहीं इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार द्वारा आदर्श आचार संहिता से जुड़े सभी प्रावधानों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया।

जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्रीमती रश्मि सिन्हा ने मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मीडिया मॉनिटरिंग के संदर्भ प्री मीडिया सर्टिफिकेशन एवं पेड न्यूज के संदर्भ में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी दिया। इसके अलावा कोषागार पदाधिकारी श्री संतोष कुमार ने निर्वाचन व्यय से जुड़े बिंदुओं के बारे में जानकारी दिया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी , उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए जुगनू मिंज, अपर समाहर्ता पूनम कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी कृष्ण कन्हैया कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता ओम प्रकाश मंडल, जिला आपूर्ति पदाधिकारी कीर्तिबाला लकड़ा, उप निर्वाचन पदाधिकारी अनिता केरकेट्टा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रश्मि सिन्हा, कोषागार पदाधिकारी संतोष कुमार, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी संतोष कुमार घोष सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## डीसी की अध्यक्षता में विभिन्न राजनीतिक दलों के उपस्थिति में बीयू, सीयू वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न



सभी राजनीतिक दलों के साथ बैठक करते डीसी।

आवाज प्रतिनिधि

**जामताड़ा :** एनआईसी वीडियो कांफ्रेंसिंग सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त जामताड़ा कुमुद सहाय की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बीयू, सीयू व वीवीपीएटी का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। जिसमें जामताड़ा जिला अंतर्गत दोनों विधानसभा 08 नाला एवं 09 जामताड़ा के कुल 698 मतदान केंद्रों के लिए आगामी लोकसभा चुनाव के प्रयोजनार्थ हेतु ईवीएम का आकलन (15 अभ्यर्थी होने की स्थिति में) के बारे में जानकारी दी गई कि दुमका लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत जामताड़ा जिले में 838 बीयू, 838 सीयू एवं 873 वीवीपैट का प्रयोग किया जायेगा। इस हेतु वर्तमान में 844 बीयू, 936 सीयू एवं 940 वीवीपैट उपलब्ध है। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए जुगनू मिंज, अपर समाहर्ता पूनम कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी कृष्ण कन्हैया कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता ओम प्रकाश मंडल, जिला आपूर्ति पदाधिकारी कीर्तिबाला लकड़ा, कोषागार पदाधिकारी संतोष कुमार, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी संतोष कुमार घोष सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## फिंगरप्रिंट लेने के बाद भी नहीं हुआ राशन वितरण, लाभुकों में आक्रोश


आक्रोशित लाभुक, लाभुक से बात करते पंचायत प्रतिनिधि।

आवाज प्रतिनिधि

**मेहरमा :** जिले के बोआरीजोर प्रखंड के कुसुमघाटी पहाड़िया टोला का है। जहां डीलरों की मनमानी चरम पर है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत आदिम जनजाति (पहाड़िया) समुदाय के लोगों के लिए विशेष राशन मुहैया कराती हैं। लेकिन अधिकारी पहाड़िया समुदाय के लोगों से फिंगरप्रिंट लेने के बावजूद भी राशन वितरण नहीं करते हैं। सही समय पर राशन वितरण नहीं किये जाने से लाभुकों में आक्रोश है। वही, लाभुकों का कहना हैं कि 2-3 महीना का फिंगर प्रिंट ले लेते हैं और कभी 1 महीना का तो कभी 2 महीना का राशन देते हैं। वही, स्थानीय लोगों का कहना हैं कि हमलोग पहाड़िया समुदाय से हैं। इसीलिए हमलोगों का शोषण कर रहे हैं। वही, कुसुमघाटी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विनोद आर्यन बेसरा ने प्रखंड आपूर्ति अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जब हम फोन करेंगे, तब वह राशन वितरण करते हैं और नहीं करते हैं तो सारा राशन गायब हो जाता हैं।

पहाड़िया समुदाय के लोग उतने शिक्षित नहीं हैं, तथा जानकारी का भी अभाव हैं। जिसके कारण न बोल पाते हैं न शिकायत कर पाते हैं। इस मामले को लेकर उपायुक्त गोड्डा को भी ज्ञापन सौपा गया हैं और अधिकारी के ऊपर कानूनी करवाई कार्रवाई करने की मांग किया है। वही, पिछले महीना 3 बार फिंगर प्रिंट लेने के बावजूद भी दाल नहीं दिए गये।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मजबूत राष्ट्र निर्माण का आधार : प्राचार्य


कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

आवाज प्रतिनिधि

**गोड्डा :** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय गोड्डा में सीएमपी, निपुण के कार्यान्वयन पर संकुल स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन तथा स्वागत गान से किया गया। तदोपरांत स्थल प्राचार्य रजनीश कमल के संबोधन भाषण से कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत हुई। प्राचार्य ने अपने समोधन में कहा की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मजबूत राष्ट्र निर्माण का आधार है। बुनियादी भाषा के विकास के लिए हर बच्चे की साक्षरता और संख्यात्मक कौशल पर ध्यान देने की जरुरत है, ताकि उन्हें बेहतर पाठकों और लेखकों के रूप में विकसित करने में मदद मिले। कार्यक्रम में गोड्डा सहित कुल सात केंद्रीय विद्यालय ने अपनी उपस्थित को सुनिश्चित किया। सभी विद्यालय से दो-दो शिक्षकों ने इसमें अपनी सहभागिता दी। केवि जामताड़ा से सुभाष चंद्र यादव, इफ्तेखार अहमद, केवि मधुपुर से अंकिता झा, आरती राघव, केवि सिंघरसी से सोनाली बसाक, सचिन शर्मा, केवि गिरिडीह से गोपाल कृष्ण दर्बे, राहुल कुमार, केवि दुमका से सहदेव, अशोक कुमार, केवि साहेबगंज से विश्वेश्वर पासवान, अभिलाष कुमार और केवि गोड्डा से अरविंद कुमार मंडल तथा राकेश रंजन मिश्रा मौजूद थे। बैठक में 2024-25 के शैक्षणिक योजना, कक्षा एक में विद्या प्रवेश, एफएलऐन तथा विषय संवर्धन क्रियाकलाप आदि जैसे महत्वपूर्ण तथ्यों पर बिंदुवार व विस्तार से चर्चा की गई।

आनन्दमय अधिगम हेतु शिक्षण अधिगम में कला,खेल एकीकृत शिक्षा के कार्यान्वयन पर कला शिक्षक राज कुमार तांती ने विस्तारपूर्वक चर्चा की। कार्यक्रम में शिक्षक वंशी लाल, शशांक भारती, संतोष कुमार, सपन कुमार मंडल, मौसुमी डे, रूचि भदोरिया, सुप्रिया प्रजापति, प्रदीप प्रजापति, नेहा कुमारी मौजूद थे।

## नामजाद अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**पोड़ैयाहाट (आवाज) :** थाना कांड संख्या 54/24 के नामजाद अभियुक्त पुराना बाजार वर्तमान पता गोड्डा नगर थाना क्षेत्र के चित्रगुप्त कॉलोनी निवासी सुमित आनंद 27 वर्षीय एवं विक्की गुप्ता 26 वर्षीय बजार निवासी को धारा 341,323,324,307,504,506, 34 आईपीसी के तहत जेल भेज दिया है। जानकारी हो की पोडैय़ाहाट गांव निवासी दीपक दाँ के पुत्र राज कुमार दाँ उम्र 19 वर्षीय ने थाना मे लिखित आवेदन देकर उक्त दोनों अभियुक्त के विरोध कार्रवाई का मांग किया था।लिखित आवेदन में उल्लेख किया था कि बुधवार शाम लगभग 4 बजे में अपने चाचा के चाय दुकान में था। अचानक एक सदा रंग का स्कॉर्पियो वाहन संख्या जे एच 040-2759 अज्ञात अपराधी चढ़े हुए थे। मेरे पास रोक दिया और गाली गलौज करते हुए खुलेआम मारपीट करना शुरू कर दिया। इस दौरान बाजार में लोगों की भीड़ होने के कारण घटना की जानकारी पुलिस प्रशासन को और दोनों युवक पकड़ा गए। आवेदन में यह भी उल्लेख किया है कि हमें जान से मारने की नीयत से गला दबाने का प्रयास किया। इस संबंध में थाना प्रभारी विपिन कुमार यादव ने बताया कि लिखित आवेदन प्राप्त के बाद मामला दर्ज कर दोनों नामजाद अभियुक्त को न्यायिक हिरासत सुसंगत धाराओं के साथ भेज दिया है। दोनों युवक डेविल्स ग्रुप के सदस्य हैं। बीते बुधवार को कई जगह उक्त दोनों अभियुक्त के द्वारा कुछ लोगों को गाली गलौज धमकी देने की घटना को अंजाम दिया था।

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, साहेबगंज
जिला गोपनीय शाखा
(विधि-व्यवस्था एवं आदर्श आचार संहिता कोषांग )
लोक सभा आम चुनाव–2024

आदेश

लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के अवसर पर विधि–व्यवस्था संधारण, जन शांति बनाए रखने व निष्पक्ष निर्वाचन हेतु सभी लाईसेंसी शस्त्रों को जमा कराया जाना है। उक्त के आलोक में आगामी लोक सभा आम चुनाव, 2024 हेतु मैं, उपायुक्त–सह–जिला दंडाधिकारी, साहेबगंज, जिले के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को यह आदेश देता हूँ कि वे अपनी शस्त्र /शस्त्रों (कारतूस सहित) को स्थानीय थाना अथवा अधिकृत शस्त्र व कारतूस विक्रेता के पास विज्ञापन प्रकाशन के 7 (सात) दिनों के अंदर विधिवत् जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

इस आदेश के उल्लंघन की स्थिति में भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई तथा शस्त्र अधिनियम व नियमावली के आलोक में उनकी अनुज्ञप्ति रदद् करने की कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त–सह–जिला दंधाधिकारी,
साहेबगंज।

PR.NO.324296 District(24-25):D

## छात्राओं ने लिया ग्रामीण कृषि कार्य का अनुभव

आवाज प्रतिनिधि

**जामताड़ा :** तिलका मांझी कृषि महाविद्यालय, गोड्डा के चतुर्थ वर्ष के सप्तमी सेमस्टर के छात्राओं ने ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव के तहत जामताड़ा जिले के प्रखंड जामताड़ा सोनबाद पंचायत के मोहरा गाँव में किसानों का सर्वेक्षण किया। उसके साथ ही किसान उपयोगी बहुदिवसीय कार्यक्रम जो कि डॉ सुप्रिया सिंह एवं नीलेश कुमार झा के उपस्थिति में प्रारंम्भ हुआ इसके अंतर्गत किसानों के समस्याओं को जाना गया, विभिन्न खेती करने की पद्धति भी देखने को मिली। इस कार्यक्रम को लेकर किसानों में काफी उत्साह देखने को मिला। छात्राओं ने किसानों के साथ मिलकर उनके खेतों में हाथ बटाया एवं छात्राओं द्वारा किसानों से कृषि संबधी जानकारी भी प्राप्त कि गई। इसमे विद्यार्थी श्वेता भारती, रितु मेद्या, शिल्पा तिर्की ,अराधना कुमारी, आस्था सृजा, अनन्या पुरती और किसान अचिनतो विश्वास, निशापती टुडु , पार्वती किस्कू, अब्दुल जलाल व अन्य उपस्थित थे।



परिभ्रमण के दौरान ग्रामीणों के साथ छात्र-छात्राएं।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, दुमका
Email:- eengbcddumka-jhr@nic.in

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–01/2024–25

1 विज्ञापनदाता का नाम – कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, दुमका।
2 परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय – **10.05.2024** 1:00बजे अपराहन तक।
3 मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – **11.05.2024** 3:00बजे अपराहन तक।
4 मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय – **11.05.2024** 3:30बजे अपराहन।
5 परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान –
(क) अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दुमका का कार्यालय।
(ख) कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, दुमका का कार्यालय।
(ग) सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमण्डल, दुमका का कार्यालय।
6 निविदा प्राप्ति का स्थान – क्रमांक 5 में वर्णित स्थानों पर।
7 कार्य की विवरणी – **लोक सभा चुनाव 2024 हेतु।**

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Construction of Strong Room, Counting Hall for Lok Sabha Election 2024 at Govt. Engineering College at Dumka | Rs. 18,76,600.00 | रू0– 38,000.00 | रू0– 5,000.00 | 25.05.2024 तक |

1. नोट :– निविदा में वैसे स्थानीय संवेदक भाग ले सकते है, जो चुनाव से संबंधित Strong Room का कार्य किये हैं। विगत चुनावों का Strong Room निर्माण कार्य का अनुभव प्रमाण–पत्र स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करने पर ही परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा।

निविदा की शेष शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल,दुमका

PR 324292 Building(24-25)#D

## कैसरगंज से बृजभूषण शरण सिंह की जगह बेटे को टिकट

# रायबरेली से दिनेश प्रताप पर बीजेपी ने खेला दांव



**एजेंसी। 2 मई**

**यूपी :** यूपी की हॉट सीट कैसरगंज और रायबरेली से बीजेपी ने अपने उम्मीदवारों के नाम का एलान कर दिया है. कैसरगंज से बीजेपी ने बृजभूषण शरण सिंह की जगह उनके बेटे करण भूषण सिंह को टिकट दिया है. वहीं, रायबरेली से यूपी सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को टिकट मिला है. कैसरगंज से बृजभूषण शरण सिंह की जगह बेटे को टिकट, रायबरेली से दिनेश प्रताप सिंह पर बीजेपी ने खेला भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश की दो अहम सीट कैसरगंज और राय बरेली की सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है. बीजेपी ने कैसरगंज से मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के बेटे करण भूषण सिंह को उम्मीदवार घोषित किया है. वहीं, पार्टी ने रायबरेली लोकसभा सीट से दिनेश सिंह को टिकट दिया है. इस बात के कयास कैसरगंज से बृजभूषण शरण सिंह की जगह बेटे को टिकट, रायबरेली से दिनेश प्रताप सिंह पर बीजेपी ने खेला दांवपहले से ही लगाए जा रहे थे कि बीजेपी कैसरगंज में मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह का टिकट काट सकती है. गुरुवार को यह खबर भी सामने आई थी कि बीजेपी हाईकमान ने कैसरगंज लोकसभा को लेकर बृजभूषण शरण सिंह के बातचीत की. जिसके बाद अब टिकट का ऐलान किया गया है. हाल ही में बृजभूषण सिंह ने बीजेपी को इशारों ही इशारों में संकेत दिया था कि अगर पार्टी उन्हें टिकट नहीं देती है तो वह अन्य विकल्प तलाश सकते हैं. कैसरगंज सीट से दोबारा मैदान में उतारने के फैसले में देरी के लिए उन्होंने मीडिया को जिम्मेदार ठहराया था. टिकट में हो रही देरी पर उन्होंने कहा था, ये मेरी चिंता है, न कि आपकीआपकी वजह से मेरे टिकट में देरी हो रही है.

**2019 में सोनिया गांधी से हार गए थे दिनेश सिंह**

बीजेपी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में दिनेश सिंह को रायबरेली लोकसभा सीट से ही मैदान में उतारा था. हालांकि, दिनेश को कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के हाथों हार का सामना करना पड़ा था. दिनेश प्रतायर सिंह अभी योगी सरकार में मंत्री भी हैं. कभी वो सोनिया गांधी के करीबी नेता हुआ करते थे.

**टिकट मिलने पर क्या बोले दिनेश सिंह?**

राष्ट्रीय नेतृत्व ने मुझपर भरोसा किया है. मैं विश्वास दिलाना चाहता हूं कि रायबरेली में कमल खिलेगा. कैसे दु:ख में शामिल हुआ जाता है मैं जानता हूं. मैं गांधी परिवार में नहीं पैदा हूं. गरीब का दु:ख कैसे बांटा जा सकता है दिनेश सिंह भले भांति जानता हैं. रायबरेली से नकली गांधी की विदाई तय है. कांग्रेस अपने पत्ते खोले या न खोले लेकिन जो भी हो उनका हारना तय है. गांधी परिवार से कोई भी आए रायबरेली में हारकर जायेगा.

**उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष हैं करण भूषण**

करण भूषण सिंह बृजभूषण शरण सिंह के छोटे बेटे हैं. करण डबल ट्रैप शूटिंग के नेशनल खिलाड़ी भी रह चुके हैं. मौजूदा वक्त में करण भूषण उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष हैं. एक तरह से करण की राजनीति में एंट्री है. उनकी एंट्री पिता की सीट से हो रही है. बृजभूषण शरण सिंह कैसरगंज सीट से लगातार तीन बार से सांसद हैं. कैसरगंज लोकसभा सीट पर पांचवें चरण में वोटिंग होनी है. 20 मई को वोट डाले जाएंगे. यहां नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 3 मई है. ऐसे में बीजेपी को आज हर हाल में उम्मीदर का ऐलान करना था।

**यौन शोषण का आरोप**

दरअसल, राष्ट्रीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर कई महिला पहलवानों ने यौन शोषण का आरोप लगाया है. कई पहलवानों ने उनके खिलाफ यौन शोषण के केस भी दर्ज कराए हैं. इसमें एक नाबालिग महिला पहलवान भी शामिल थी, हालांकि, बाद में वो अपने बयान से मुकर गई. दिल्ली पुलिस ने मामले की जांच भी की है और बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह को क्लीन चिट भी दे चुकी है. फिलहाल यह मामला अदालत में लंबित है.

**बीजेपी ने बेटे को क्यों दिया टिकट !**

बताया जा रहा है कि इन आरोपों की वजह से ही बीजेपी उनको टिकट देने में कतरा रही थी. यह भी डर था कि विपक्षी पार्टियां कहीं इसको चुनावी मुद्दा न बना दें. ऐसे में बीजेपी ने बृजभूषण सिंह की जगह उनके बेटे करण को टिकट देना ज्यादा बेहतर और उचित समझा है. हालांकि, टिकट के ऐलान से पहले ही बृजभूषण शरण सिंह धुआंधार चुनाव प्रचार कर रहे थे. उन्होंने कहा था कि बीजेपी के टिकट पर कैसरंगज से जो भी लड़ेगा वो बंपर वोटों से जीतकर संसद पहुंचेगा।

# गोलियों की तड़तड़ाहट से दहला बिहार शरीफ बदमाशों ने की 25 से 30 राउंड फायरिंग



**एजेंसी। 2 मई**

**नवादा :** बिहार शरीफ में गुरुवार को एक दर्जन से अधिक बदमाशों ने 25 से 30 राउंड फायरिंग की घटना को अंजाम दिया है. इससे इलाके में दहशत का माहौल हो गया है. फायरिंग की आवाज से लोगों में भय व्याप्त हो गया है. घटना की सूचना मिलने के बाद भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचे. बदमाशों ने फायरिंग करते हुए मौके से भाग निकले. सभी बदमाश अपने-अपने चेहरे ढके हुए थे. पूरा मामला लहेरी थाना इलाके के काशी तकिया मोहल्ले का है. इस मोहल्ले में बीते दिन पीसीसी सड़क ढलाई हुई थी उस रास्ते से ट्रिपल लोड बाइक सवार बदमाश गुजर रहे थे जब मोहल्ले वालों ने उन्हें रोका तो बदमाशों ने अपने साथियों को फोन कर बुलाया और फिर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया है.

**पीसीसी सड़क ढलाई से जुड़ा है मामला**

जख्मी मो. अरशद ने बताया कि सभी बदमाशों के चेहरे पर नकाब था और हथियार से लैस थे. देखते ही देखते सभी ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी. इस बीच मारपीट भी हुई, जिसमें काशी तकिया निवासी मो. अरशद जख्मी हो गया. इसके अलावा इसी मोहल्ले का रहने वाला राजा भी चोटिल हो गया है. उन्होंने यह भी बताया कि मोहल्ले में पीसीसी सड़क की ढलाई की गई थी, जिसके कारण आने-जाने के लिए लोगों को रोका जा रहा था. घटना की सूचना मिलने के बाद लहेरी थाना के प्रभारी रंजीत कुमार रजक अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे. तब तक बदमाश मौके से भाग निकल चुके थे.पुलिस ने मौके से खोखा बरामद किया है. पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है. बदमाशों की पहचान के लिए इलाके के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है.

**सदर डीएसपी ने दी जानकारी**

सदर डीएसपी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि काशी तकिया मोहल्ले में मारपीट हो रही है. इसकी सूचना पुलिस को मिली. पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची. पूछताछ के क्रम में पता चला कि अरशद मियां रोड ढलाई का कार्य करवा रहे थे. उसी बीच में शहनवाज खॉ बाइक से विपरीत दिशा से आ रहा था. अरशद ने शहनबाज को ढलाई हो रहे रोड से जाने के लिए मना किया तो इस पर दोनों के बीच हाथापाई एवं मारपीट हुई है. शहनबाज खां ने अपने दोस्तों के साथ आकर फायरिंग की।

## कानपुर में सरेआम पीटा गया 'पिल्ला डॉन' कभी फैलाता था दहशत



**उत्तर प्रदेश :** कानपुर में सोशल मीडिया पर इन दिनों एक वीडियो वायरल हो रहा है. 24 सेकंड के इस वीडियो में एक अर्द्धनग्न युवक की पिटाई होती दिख रही है. ये वीडियो जमकर वायरल हो रहा है. ये वीडियो जिसका है वह कभी कानपुर के शातिर अपराधियों में गिना जाता था. ये वीडियो है पिल्ला डॉन का. वीडियो में पिल्ला डॉन को सरेआम पीटा जा रहा है. हालांकि ळश्9 भारतवर्ष इस वीडियो के संबंध में कोई पुष्टी नहीं करता. कभी कानपुर के कलेक्टर गंज बादशाही नाका थाना इलाकों में आतंक का दूसरा नाम रहा पिल्ला डॉन, की पिटाई का वीडियो करीब 12 घंटे पहले सोशल मीडिया पर अपलोड हुआ है. इसमें एक युवक पिल्ला डॉन को दो डंडों से जमकर पीटता नजर आ रहा है. बताया जा रहा है कि पीटने वाला शख्स उसका ही भाई है. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की पारिवारिक विवाद के चलते ही डॉन की पिटाई हुई है.

**पिल्ला डॉन पर 16 से ज्यादा मुकदमे**

वहीं दूसरी ओर कानपुर कमिश्नरेट पुलिस ने वीडियो को देखे जाने के बाद जांच की बात कही है. आपको बता दे पिल्ला डॉन पर कानपुर के कई थानों में 16 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं जिसमें रंगदारी वसूलने और गैंगस्टर एक्ट जैसे गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं. पिल्ला डॉन कानपुर के बादशाही नाका थाना क्षेत्र का रहने वाला है. वीडियो के वायरल होने के बाद जब मौके पर जाकर पड़ताल की गई तो जानकारी मिली की डॉन का अपने पारिवारिक विवाद के चलते उसके भाई ने उसकी जमकर झगड़ा हुआ, जिसमें उसकी पिटाई हुई.

# औरंगजेब ने जजिया कर लगाया था, कांग्रेस विरासत टैक्स लगाएगी :सीएम योगी



**एजेंसी। 2 मई**

**उत्तर प्रदेश :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को फिरोजाबाद की सभा से कांग्रेस पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि ये औरंगजेब की औलाद आ गए हैं, जो विरासत टैक्स लगाएंगे, जैसे औरंगजेब ने जजिया टैक्स लगाया था. ये आपके हक पर डकैती है. उन्होंने कहा कि आज ये कांग्रेस और समाजवादी पार्टी बाबा भीमराव अंबेडकर के लिखे काम के ठीक उल्ट कर रहे हैं. धर्म के आधार पर आरक्षण देंगे और पिछड़े और दलितों का आरक्षण छीनने की साजिश रच रहे हैं. उन्होंने कहा कि यहां पर कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने भी और बीएसपी ने भी अपना प्रत्याशी उतारा है. बस इतना कहना चाहूंगा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के लोग अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करा सकते थे क्या? जो आपकी आस्था का सम्मान नहीं कर सकता तो आप उसे जबरदस्ती गले का हाल बनाएंगे क्या? उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोग कहते थे कि ये लोग राम मंदिर नहीं बना सकते हैं. समाजवादी पार्टी कहती थी कि परिंदा पर भी नहीं मार सकती है.

**आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरा**

सीएम योगी ने कहा कि कल्याण सिंह के त्याग, पीएम मोदी के नेतृत्व और आप सभी के आशीर्वाद से श्री अयोध्या धाम में प्रभु श्री रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण हो गया है. कल देश की राष्ट्रपति भी राममंदिर में दर्शन करने गईं. पहली बार भारत की कोई राष्ट्रपति राम मंदिर का दर्शन करने गईं. पूरा देश अभिभूत होकर यह दृश्य देख रहा था. भगवान राम के प्रति द्रोह करने वाले और राम भक्तों की टोली भी आपके पास हैं. जिन लोगों ने कल्याण सिंह का अपमान किया.. याद करिए कल्याण सिंह प्रदेश के सीएम थे. कल्याण सिंह राज्यपाल भी रहें. सांसद भी रहें.. जब उनकी दुखद मृत्यु हुई तो समाजवादी पार्टी ने संवेदना के दो शब्द भी नहीं व्यक्त किए. हमारे नेता को अपमानित करने वाली और राम को नकारने वाली समाजवादी और कांग्रेस क्या आपका वोट पाने का अधिकारी है क्या?

**कांग्रेस-सपा पर जमकर बरसे योगी**

योगी ने कहा कि कांग्रेस-सपा का गठबंधन दो काम करने आया है. कांग्रेस कहती है कि सत्ता में आएंगे तो पिछड़ी जाति का आरक्षण काटकर मुस्लिमों को देंगे. यह बाबा भीमराव अंबेडकर का अपमान है. कांग्रेस जानबूझ कर देश का इस्लामीकरण करने और तालिबान व्यवस्था लाने की कोशिश कर रही है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा को दिया जाने वाला कोई भी वोट ह्यमहापापह्ण का कारण बनेगा और हम यह पाप नहीं होने देंगे, यह सभी का संकल्प होना चाहिए.

## लगी भीषण आग में सैकड़ों परिवारों के घर जले, करोड़ों की संपत्ति राख

**एजेंसी। 2 मई**

**पूर्णिया।** जिले के अमौर प्रखंड क्षेत्र के ज्ञानडोव पंचायत के वार्ड नंबर 12 खाड़ी बासोल बावनडोव एवम रंगरैया लालटोली पंचायत के वार्ड नं 13 खाड़ी टोल भगताहीर में गुरुवार को सैकड़ो घर में आग लग गयी। वार्ड सदस्य प्रतिनिधि परवेज आलम एवम सरपंच प्रतिनिधि मो मुदस्सिर नजर ने बताया कि गुरुवार को दोपहर12.15 बजे अचानक मो सज्जाद के घर से आग की लपटें उठीं । जो देखते ही देखते दोनों पंचायत के 150 परिवारों के घर जलकर राख हो गया । तेज पछुआ हवा ने आग में घी का काम किया । देखते ही देखते पूरा गांव आग की लपटों में घिर गया । ग्रामीणों सहित जनप्रतिनिधियों ने सीओ एवम थाना को सूचना देते हुए दमकल गाड़ी भेजने की मांग की लेकिन दमकल गाड़ी डेढ़ घंटा लेट पहुंचीं ।ग्रामीणों सहित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि दमकल गाड़ी समय पर पहुंच जाती तो आग से कम नुकसान पहुंचता । ग्रामीणों ने कहा कि सिलेंडर फटने से आग और बेकाबू हो गया । आग लगी की घटना में ग्रामीणों के घरों में रखे हुए रुपए, कपड़ा, बर्तन, अनाज, फर्नीचर सहित मोटरसाइकिल एवं माल मवेशी जले.घटना की सुचना मिलते ही सीओ सुधांशु मधुकर, थानाध्यक्ष अवधेश कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ितों की सुधि ली । डीसीएलआर सह आपदा पदाधिकारी टेस लाल ने बताया कि पीड़ित परिवारों का आकलन किया जा रहा है। घटना बड़ी है तत्काल पीड़ित परिवारों को सरकारी राहत के तहत प्लास्टिक शीट दिया जा रहा है एवम कम्युनिटी किचन शुरू किया गया है।

# एआई के जरिए सीएम योगी का बनाया डीप फेक वीडियो, आरोपी गिरफ्तार




**एजेंसी। 2 मई**

**नोएडा :** लोकसभा चुनाव के बीच दिग्गज नेताओं के फेक वीडियो बनाने के मामले सामने आ रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह के फेक वीडियो के बाद अब यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का डीप फेक वीडियो बनाने के मामला सामने आया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एक डीप फेक वीडियो सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर अपलोड कर दिया गया। इस मामले में नोएडा एसटीएफ ने साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया और पोस्ट करने वाले आरोपी श्याम किशोर गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, 1 मई को नोएडा बरोला के रहने वाले श्याम किशोर गुप्ता ने एक्स हैंडल पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का डीप फेक वीडियो अपलोड किया था। इस डीप फेक वीडियो में पुलवामा के वीर जवानों की पत्नियों का मंगलसूत्र आदि की बात की जा रही है। नहीं चाहिए भाजपा। भाजपा हटाओ, देश बचाओ, आदि बातें कहीं जा रही हैं। ट्विटर हैंडल पर पोस्ट करने वाले ने लिखा कि क्या यह वीडियो सही है। अगर सही है तो जनता अंधभक्त है। वीडियो को यूपी भाजपा, पीएमओ, सीएम यूपी आदि को टैग किया गया है। नोएडा एसटीएफ के एसीपी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि एसटीएफ की तरफ से इस मामले में साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है और इस मामले में बरोला नोएडा के निवासी श्याम गुप्ता को गिरफ्तार किया गया है। प्राथमिक जांच में यह पता चला है कि यह डीप फेक वीडियो है और एआई जेनरेटेड है।

## बिहार : लोकसभा प्रत्याशी को एमपी का फुल फॉर्म नहीं पता, वीडियो वायरल

**पटना :** देश में जनप्रतिनिधियों की शैक्षणिक योग्यता की अनिवार्यता के लिए संविधान में संशोधन की मांग लंबे समय से हो रही है। अब इस बहस को बिहार के एक वायरल वीडियो से गति मिलेगी। एक घरेलू महिला राबड़ी देवी को सीधे मुख्यमंत्री की कुर्सी पर स्वीकार करने वाले बिहार में अब सत्तारूढ़ जनता दल यूनाईटेड की एक महिला प्रत्याशी का वीडियो वायरल किया जा रहा है। इस वीडियो में कुछ लोकल यूट्यूबर सीवान की जदयू प्रत्याशी विजयलक्ष्मी देवी से 'एमपी' का फुल फॉर्म पूछ रहे हैं। वह सांसदी का चुनाव लड़ रही हैं और मेंबर ऑफ पार्लियामेंट नहीं बता पा रही हैं। इस वीडियो को उनके प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशियों से जुड़े कार्यकर्ता खूब वायरल कर रहे हैं। विजयलक्ष्मी इससे पहले उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी में थीं और जदयू में आते ही इन्हें टिकट दिया गया था। इनके पति रमेश कुशवाहा विधायक रह चुके हैं।


**अब जानिए कौन हैं विजयलक्ष्मी कुशवाहा**

जीरादेई से पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा की पत्नी विजयलक्ष्मी कुशवाहा ने उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी छोड़कर जदयू का दामन थाम लिया था। 2015 में वह जदयू की टिकट पर जीरादेई सीट विधयक चुने गए थे। 2020 में उन्होंने जदयू छोड़ दी गई थी। लोकसभ चुनाव के एलान के बाद वह जदयू में शामिल हो गए। इसके बाद उनकी पत्नी विजयलक्ष्मी कुशवाहा को टिकट दिया गया।

**इस बार चर्चा में है सीवान लोकसभा सीट**

इस लोकसभा चुनाव में सीवान सीट काफी चर्चा में है। राजद से टिकट नहीं मिलने पर दिवंगत बाहुबली शहाबुद्दीन की पत्नी हीना शहाब निर्दलीय चुनावी मैदान में हैं। वहीं राजद प्रत्याशी अवध बिहारी चौधरी भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। जदयू ने इस बार कविता सिंह का टिकट काटकर विजयलक्ष्मी देवी को उम्मीदवार बनाया है।

# यूपी में पहले बनते थे दसी कट्टे, अब बन रहा डिफेंस कॉरिडोर : अमित शाह



**एजेंसी। 2 मई**

**उत्तर प्रदेश :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यूपी के बरेली में एक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस और इंडिया अलायंस पर निशाना साधा. अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे ने भारत जोड़ो यात्रा से चुनाव की शुरूआत की थी, लेकिन 4 जून के बाद 'कांग्रेस ढूंढो' यात्रा से इसका समापन होने वाला है. दो चरण के चुनाव में कांग्रेस पार्टी दूरबीन लेकर भी नजर नहीं आ रही है, जबकि मोदी जी सेंचुरी मारकर आगे निकल गए हैं. उन्होंने आगे कहा, "2010 और 2012 में बरेली में भीषण दंगे हुए, लेकिन कांग्रेस और सपा वाले बरेली वालों के साथ नहीं थे. 2017 में आपने बीजेपी की सरकार बनाई और पार्टी ने योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री बनाया. इतने कम समय के अंदर योगी आदित्यनाथ ने यूपी को दंगामुक्त कर दिया. बरेली के युवा का भला केवल नरेन्द्र मोदी कर सकते हैं."

**बीजेपी के राज में यूपी का हो रहा विकास**

उन्होंने आगे कहा कि सपा के शासन में यूपी में केवल देशी कट्टा बनता था लेकिन बीजेपी सरकार आने के बाद से यूपी में 14 एस्सप्रेव बने, काशी विश्वनाथ का कॉरीडोर बनाया गया, जिसे औरंगजेब ने तोड़ दिया था. यूपी के सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज बनाने का काम नरेन्द्र मोदी ने किया है. आज यूपी में डिफेंस कॉरीडोर बन रहा है.

**अमित शाह ने साधा सपा-कांग्रेस पर निशाना**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मुताबिक, 10 साल तक केंद्र में सोनिया-मनमोहन की सरकार थी, जिन्होंने 10 साल में यूपी को मात्र 4 लाख करोड़ रुपये दिये थे, लेकिन मोदी सरकार ने 10 साल में यूपी को 18 लाख करोड़ रुपये दिये हैं. सोनिया-मनमोहन की सरकार ने यूपी को क्या दिया, मैं अखिलेश यादव से पूछता हूं. उन्होंने कहा कि मोदी को तीसरी बार पीएम बनाना है. मोदी ने गांरटी दी है 2047 में देश के हर एक एरिया में विकास होगा.

## जीजा से शादी रचाने के लिए पत्नी ने करा दी अपने पति की हत्या

**पूर्वी चंपारण।** पकड़ीदयाल थाने के सिरसा गांव में दो दिन पूर्व राजेश कुमार उर्फ किरिम कुमार के हत्या कांड का पुलिस ने उदभेदन कर लिया है.इस हत्याकांड में गिरफ्तार पत्नी प्रियंका कुमारी ने पुलिस के समक्ष राज का खुलासा किया है। 30 अप्रैल को सिरसा बंसवारी में सूखें पते से एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया, जिसकी पहचान सिरसा के कपिल देव प्रसाद के पुत्र राजेश कुमार के रूप में हुई थी। हत्या के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक सुबोध कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था। जहां तकनीकी अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने मुतक के पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया, जहां उसने स्वीकार किया कि उसकी शादी मार्च 24 में राजेश कुमार से हुई , किंतु चार साल पूर्व से ही वह मधुबन में रह रहे अपने जीजा शंभू प्रसाद से प्रेम करती है,जिससे शादी करना चाह रही थी। इस बीच परिवार वाले शादी नही होने दिए और उसकी शादी राजेश से कर दी गई। प्रेम प्रसंग की भनक उसके पति राजेश को लग गयी जिससे वह उससे दूरी बनाते हुए बोल - चाल भी बन्द कर दिया। इसको लेकर वह अपने जीजा व उसके कुछ सहयोगी के साथ मुजफ्फरपुर के कांटी से राजेश को अगवा कर हत्या करने के बाद शव को बांसवारी में छिपा दी। पुलिस घटना में शामिल अन्य लोगो की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुटी है।

## बेपटरी हुई मालगाड़ी परिचालन रहा बाधित

**पटना।** बिहार के दरभंगा जिले में एक मालगाड़ी बेपटरी हो गयी। यहां बेला मोड़ स्थित रैक पॉइंट पर मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए। इस घटना के बाद रेल परिचालन बाधित रहा। साथ ही बेला- मनीगाछी रूट पूर्णत बाधित हो गया है। दरअसल, दरभंगा रैक पॉइंट पर जा रही मालगाड़ी के डिब्बे गुरुवार देर रात में डीरेल हो गए थे। सुबह करीब साढ़े आठ बजे उक्त जगह से आवाजाही शुरू की जा सकी। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी अभियंताओं के एक दल के साथ मौके पर पहुंच कर पटरी को दुरुस्त करने के प्रयास में लगे है। फिलहाल एक बोगी को पटरी पर लाया गया है। दुर्घटना के बाद से अप लाइन से कुछ गाड़ियों को पास कराया जा रहा है।

# आरा में वर्चस्व को लेकर बालू माफिया भिड़े

- **कई राउंड फायरिंग, 2 मजदूरों की मौत**



**एजेंसी। 2 मई**

**भोजपुर :** बिहार में फायरिंग आम बात है. आए दिन किसी ना किसी मामले को लेकर गोलीबारी की घटना सामने आती रहती है. इसमें लोगों की जान भी जाती है. इसी क्रम में भोजपुर में जबरदस्त फायरिंग हुई है. जिसमें दो लोगों की जान चली गई है. पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है.

**आरा में 50 राउंड फायरिंग :** दरअसल, बुधवार देर रात को बालू माफियाओं के बीच वर्चस्व को लेकर लड़ाई हुई. यह लड़ाई खूनी खेल में तब्दील हो गया. इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि लगभग 50 राउंड फायरिंग की गई. जिसमें दो मजदूरों की मौत हो गई है. इसके बाद अफरा-तफरी का माहौल हो गया. **छपरा के दो मजदूरों की मौत :** मृतकों की शिनाख्त विकास महतो (20) और सुदर्शन राय (40) के रूप में हुई है. दोनों छपरा के रहने वाले थे. ज्योंहि मृतकों के परिवार तक खबर पहुंची लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया. इस गोलीबारी में एक शख्स घायल भी हुआ है. जिसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां से स्थिति गंभीर होने पर बेहतक इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया.

"मेरा बेटा कमालूचक बालू घाट पर मजदूरी करने के लिए गया था. ज्योंहि वह पहुंचा गोलीबारी शुरू हो गई. 4-5 गोली मेरे बेटे को लगी है, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई है. जिसके बाद हमलोगों को सूचना दी गई."- तुलसी राय, मृतक सुदर्शन राय के पिता

**पुलिस ने दिया कार्रवाई का भरोसा :** इधर, ताबड़तोड़ गोलीबारी की सूचना मिलते ही पुलिस भी एक्शन में आ गयी. रढ नीरज कुमार सिंह, कोईलवर रउ्रढ रंजीत कुमार सिंह और कोईलवर थाना अध्यक्ष नरोत्तम चंद्र काफी संख्या में पुलिस बल के साथ कमालूचक बालू घाट पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए. पुलिस का कहना है कि, "मामले में कार्रवाई की जा रही है. जो भी इसमें दोषी होंगे उनपर सख्त कार्रवाई की जाएगी."

**पहले भी बालू को लेकर हुई हैं फायरिंग :** बता दें कि यह पहला मामला नहीं है. इससे पहले भी बालू घाटों पर वर्चस्व को लेकर बंदूकें गरजी हैं. इससे पहले भी कई लोग काल के गाल में समा चुके हैं. ऐसे में सवाल उठता है कि अवैध बालू खनन पर प्रशासन की लाख कोशिशों के बावजूद भी रोक क्यों नहीं लग पाता है.

## कर्नाटक अश्लील वीडियो केस में एसआईटी का एक्शन

# जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी

■ **प्रज्वल ने एसआईटी के आगे पेश होने के लिए 7 दिन का समय मांगा था**

**एजेंसी । 2 मई**

**बंगलुरू :** जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि हासन सेक्स स्कैंडल की जांच कर रही एसआईटी ने प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। एसआईटी की तरफ से ये एक्शन तब लिया गया है, जब प्रज्वल रेवन्ना और उसके विधायक पिता एच डी रेवन्ना मंगलवार (30 अप्रैल) को जारी नोटिस पर पेश नहीं हुए। दरअसल, कर्नाटक राज्य महिला आयोग की सिफारिश पर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने यौन उत्पीड़न की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रज्वल ने एसआईटी के आगे पेश होने के लिए 7 दिन का समय मांगा था, जिससे इनकार कर दिया गया। इसके बाद ही लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। नोटिस जारी होने के बाद जैसे ही जेडीएस सांसद भारत में एंट्री या इमिग्रेशन प्वाइंट्स पर रिपोर्ट करता है, वैसे ही उसे हिरासत में ले लिया जाएगा। वहीं, कई महिलाओं के साथ कथित यौन उत्पीड़न की जांच का सामना कर रहे प्रज्वल रेवन्ना ने खुद को पाक साफ बताया है। जेडीएस सांसद ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों से इनकार किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में रेवन्ना ने कहा कि सच्चाई जल्द ही सबसे सामने होगी। 26 अप्रैल को हासन में चुनाव खत्म होते ही जेडीएस नेता देश छोड़कर भाग निकला। रेवन्ना से जुड़े 3000 के करीब आपत्तिजनक वीडियो सामने आए हैं, जिसमें वह महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न कर रहा है।



### *कैसे सामने आई रेवन्ना की काली करतूत !*

*दरअसल, प्रज्वल रेवन्ना के घर काम करने वाली एक महिला ने अपने साथ हुए यौन उत्पीड़न की शिकायत पुलिस से की। इसके बाद पुलिस ने जेडीएस सांसद पर आईसीपी के सेक्शन 354ए (यौन शोषण), 354डी (पीछा करना), 506 (धमकी) और 509 (महिला की गरिमा का अपमान) के तहत केस दर्ज किया। इसके बाद रेवन्ना से जुड़े वीडियो भी वायरल होने लगे। बताया गया कि रेवन्ना ने एक दो नहीं, बल्कि कई महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न किया है।*

### *मामले में सियासत भी शुरू*

*इस मामले में सियासत भी शुरू हो गई है। कांग्रेस नेताओं ने जेडीएस के साथ-साथ बीजेपी को भी निशाने पर लिया। लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी और जेडीएस ने कर्नाटक में गठबंधन किया हुआ है। रेवन्ना से जुड़े वीडियो वायरल होने पर महिला आयोग ने सीएम सिद्धारमैया को चिट्ठी लिखी और उनसे एसआईटी गठित करने की मांग की। वहीं, आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) बी के सिंह के नेतृत्व में एसआईटी अब इस मामले की जांच कर रही है।*

## कोविशील्ड मामले में सीरम इंस्टीट्यूट पर मुकदमे की तैयारी

■ **परिजनों का दावा- टीका लेने के बाद बेटी की हो गई मौत**

**एजेंसी । 2 मई**

**नई दिल्ली :** ब्रिटेन की अदालत में कोविशील्ड वैक्सीन निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका ने हाल ही में स्वीकार किया है कि उसकी वैक्सीन दुर्लभ स्थितियों में थ्रोम्बोसिस विद थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस) नामक समस्या का कारण बन सकती है। टीटीएस रक्त का थक्का बनाने वाली समस्या है जिसके कारण हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक होने का खतरा बढ़ जाता है। हालांकि स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि वैक्सीन के कारण होने वाले इस तरह के दुष्प्रभाव काफी दुर्लभ हैं, 10 लाख में से एक-दो व्यक्तियों में इसका खतरा हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कंपनी द्वारा वैक्सीन के कारण होने वाले दुष्प्रभावों को स्वीकार करने के कुछ ही दिनों बाद भारत में भी एक परिवार सीरम इंस्टीट्यूट के खिलाफ कोर्ट जाने की तैयारी कर रहा है। कथित तौर पर जुलाई 2021 में वैक्सीन लेने के बाद करुण्या नाम की एक महिला की मौत हो गई थी। परिजनों का कहना है कि मौत वैक्सीन लेने के कारण हुई है, जिसको लेकर उन्होंने सीरम इंस्टीट्यूट के खिलाफ अदालत जाने का फैसला किया है। गौरतलब है कि सीरम इंस्टीट्यूट देश में कोविशील्ड वैक्सीन की निर्माता है।

## दिल्ली महिला आयोग के 223 कर्मचारी बर्खास्त

■ **40 पद ही स्वीकृत लेकिन स्वाति मालीवाल ने 223 को कर लिया था नियुक्त**

**एजेंसी । 2 मई**

**नई दिल्ली :** दिल्ली के उपराज्यपाल ने दिल्ली महिला आयोग के कर्मचारियों पर बड़ी कार्रवाई की है। एलजी विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली महिला आयोग के 223 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है। दरअसल, इन सभी कर्मचारियों की नियुक्ति दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने की थी। आरोप है कि दिल्ली महिला आयोग की तत्कालीन अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने नियमों के खिलाफ जाकर बिना इजाजत उनकी नियुक्ति की थी। आदेश में दिल्ली महिला आयोग अधिनियम का हवाला दिया गया है। इसमें कहा गया है कि आयोग में केवल 40 पद ही स्वीकृत हैं और डीसीडब्ल्यू को अनुबंध पर कर्मचारी रखने का अधिकार नहीं है। दिल्ली महिला आयोग विभाग के एडिशनल डायरेक्टर की ओर से जारी इस आदेश में यह भी कहा गया है कि नई नियुक्तियों से पहले जरूरी पदों का कोई मूल्यांकन नहीं किया गया और न ही अतिरिक्त वित्तीय बोझ के लिए अनुमति ली गई। बता दें कि यह कार्रवाई फरवरी 2017 में तत्कालीन उपराज्यपाल को सौंपी गई जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है।



### *200 से ज्यादा कर्मचारियों को कैसे नियुक्त कर लिया !*

*दिल्ली महिला आयोग के कर्मचारियों को हटाने के आदेश ऐसे समय में आया है, जब लोकसभा इलेक्शन चल रहे हैं। साफ तौर पर आप की तरफ से उपराज्यपाल की इस कार्रवाई पर विरोध के स्वर उठ सकते हैं। अब सवाल यह खड़ा होता है कि हर सरकारी नियुक्ति के लिए वित्त विभाग समेत कई दूसरे विभगों से परमिशन लेनी होती है। ऐसे में किस तरह से 200 से ज्यादा कर्मचारियों की नियुक्त कर लिया गया। उल्लेखनीय है कि दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने 5 जनवरी, 2024 को डीसीडब्ल्यू के पद से इस्तीफा दे दिया था। उनको आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा भेजा था।*

## गुजरात : ऑनलाइन मंगाए गए पार्सल को खोलते वक्त विस्फोट, पिता-बेटी की मौत

■ **2 लोगों की हालत नाजुक**

**एजेंसी । 2 मई**

**साबरकांठा :** गुजरात के साबरकांठा में ऑनलाइन से मंगाए गए पार्सल में विस्फोट से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मरने वाले लोगों की पहचान पिता-पुत्री के रूप में हुई है। ब्लास्ट में एक शख्स की दो बेटियां,9 साल की और दूसरी 10 साल गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि जितेंद्र हीराभाई वंजारा नाम के शख्स की मौत हो गई। जितेंद्र की बेटी भूमिका वंजारा की भी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, साबरकांठा के वडाली तालुका के वेदा छावनी गांव में जीतेंद्रभाई हीराभाई वंजारा के नाम से एक पार्सल आया। उन्होंने होम थिएटर साउंड सिस्टम का ऑर्डर दिया था जो खुलते ही फट गया। विस्फोट में 30 वर्षीय जीतूभाई वंजारा और उनकी 14 वर्षीय बेटी की मौत हो गई। दो अन्य लड़कियां, शिल्पाबेन विपुलभाई वंजारा और छायाबेन जीतूभाई वंजारा भी गंभीर रूप से झुलस गईं और उन्हें इलाज के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया। घटना की रिपोर्ट मिलने पर डीवाईएसपी और जिला एलसीबी सहित वडाली पुलिस का एक काफिला मौके पर पहुंचा और आगे की जांच शुरू की। पुलिस फिलहाल इस बात की जांच कर रही है कि पार्सल कैसे, किसने पहुंचाया और कैसे फटा। जीतूभाई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक लड़की की इलाज के लिए अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई।



## 'इंडिया' के सत्ता में आते ही 10-15 राज्यों में गिर जाएगी भाजपा सरकार : पवन खेड़ा

**एजेंसी । 2 मई**

**पणजी :** लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा के दावे से सियासी पारा चढ़ गया है। दो चरणों में हुए मतदान के बाद ही उन्होंने चार जून को इंडिया ब्लॉक के सत्ता पर काबिज होने का दावा कर दिया है। वहीं, उन्होंने दावा किया है कि इंडिया ब्लॉक के सत्तासीन होते ही 10-15 राज्यों में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारें गिर जाएंगी। पवन खेड़ा ने कहा, चार जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद इंडिया गठबंधन के सत्ता में आते ही 10-15 राज्यों में भाजपा की सरकारें जुलाई तक गिर जाएंगी। सत्ता में आने के बाद हम दल-बदल की राजनीति पर प्रतिबंध लगाएंगे, इसके लिए संविधान की 10वीं अनुसूची में संशोधन करेंगे। जो कोई भी एक पार्टी से दूसरी पार्टी में जाएगा, उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। कांग्रेस नेता खेड़ा ने गुरुवार को पत्रकारों से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा ने दल-बदल में शामिल होकर पूरे देश में लोकतंत्र का मजाक उड़ाया है। इंडिया ब्लॉक के सत्ता में आते ही हम दल-बदल पर प्रतिबंध लगाने के लिए संविधान की 10वीं अनुसूची में संशोधन करेंगे। उन्होंने कहा कि जब भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्र के गृहमंत्री अमित शाह चुनावी रैली को संबोधित करने के लिए गोवा पहुंचें तो उनसे मीडिया को 10वीं अनुसूची के बारे में सवाल पूछना चाहिए। इस दौरान खेड़ा ने महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे कर्नाटक की हासन लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद और जेडीएस नेता प्रज्जवल रेवन्ना पर भी हमला बोला। उन्होंने इसे दुनिया का सबसे बड़ा यौन शोषण मामला बताया।



## खबरें एक नजर में

### राजस्थान में बाल विवाह होने पर पंच-सरपंच होंगे जिम्मेदार : हाई कोर्ट

**जयपुर :** राजस्थान में अक्षय तृतीया से पहले हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि राज्य में कोई बाल विवाह नहीं हो। इसके साथ ही अदालत ने कहा कि बाल विवाह होने पर सरपंच और पंच को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। बाल विवाह की कई घटनाएं मुख्य रूप से अक्षय तृतीया पर होती हैं। अक्षय तृतीया इस बार 10 मई को है। हाई कोर्ट ने बाल विवाह को रोकने के लिए हस्तक्षेप की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अपने आदेश में कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 लागू होने के बावजूद, राज्य में बाल विवाह अब भी हो रहे हैं। अदालत ने कहा कि हालांकि अधिकारियों के प्रयासों के कारण बाल विवाह की संख्या में कमी आई है, लेकिन अब भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। याचिकाकताओं के वकील आरपी सिंह ने कहा कि अदालत को एक सूची भी उपलब्ध कराई गई जिसमें बाल विवाह और उनकी निर्धारित तिथियों का विवरण था। खंडपीठ ने कहा कि राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के अनुसार, बाल विवाह को प्रतिबंधित करने का कर्तव्य सरपंच पर डाला गया है। इस प्रकार, एक अंतरिम उपाय के रूप में, हम राज्य को निर्देश देंगे कि वह राज्य में होने वाले बाल विवाह को रोकने के लिए की गई जांच के संबंध में रिपोर्ट मांगे और उस सूची पर भी पैनी नजर रखे जो जनहित याचिका के साथ संलग्न है।

### 'जाओ फांसी लगा लो', ऐसा कहना आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं : हाईकोर्ट

**उडुपी (कर्नाटक):** कर्नाटक हाईकोर्ट ने चर्च के पादरी की मौत के मामले में अहम टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि केवल ऐसा कहना कि 'जाओ फांसी लगा लो', आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रयास नहीं माना जा सकता। अदालत में जस्टिस एम नागप्रसन्ना ने विवादास्पद बयानों से जुड़े मामलों में आत्महत्या के लिए उकसाने की मंशा से जुड़े जटिल सवाल पर स्पष्ट किया कि जाओ फांसी लगा लो जैसा बयान फांसी के लिए उकसाने की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। तटीय कर्नाटक के इस मामले में याचिकाकर्ता पर आरोप है कि उसने उसकी पत्नी के साथ कथित संबंधों को लेकर पादरी से आक्रामक बहस की। खबर के मुताबिक पादरी के साथ आक्रामक बहस के दौरान उसने आवेश में पादरी से पीछा छुड़ाने के लिए 'जाओ फांसी लगा लो' जैसे कथन का इस्तेमाल कर डाला। बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि पादरी ने केवल उनके मुवक्किल के कहने पर ही आत्महत्या जैसा कदम उठाया। ऐसा नहीं माना जा सकता।

### सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण लागू

नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को महिला आरक्षण को लेकर एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनावों में महिला आरक्षण लागू करना अनिवार्य कर दिया है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में एक तिहाई महिला आरक्षण लागू करने का आदेश दिया है। पीठ ने कहा कि कोषाध्यक्ष का पद आगामी 2024-2025 कार्यकाल में एक महिला के लिए आरक्षित किया जाएगा। पीठ ने निर्देश दिया है कि इस बार के चुनाव में कोषाध्यक्ष पद महिला के लिए आरक्षित होगा। पीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की कार्यसमिति के 9 में से तीन पद महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगे और वरिष्ठ कार्यकारी समिति में छह में से दो महिलाएं शामिल होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों में अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष में से कोषाध्यक्ष पद महिलाओं के लिए आरक्षित होगा। पीठ ने कहा कि कैंडिडेट्स की योग्यता और शर्तों में जरूरी बदलाव-सुधार के लिए आठ प्रस्ताव आए थे, जो नाकाम हो गए हैं। साथ ही उम्मीदवार की जमानत राशि को लेकर लाए गए प्रस्ताव भी जनरल बॉडी मीटिंग में गिर गए।

### टैंकर से हो रही थी शराब की तस्करी पुलिस ने 702 पेटियां की जब्त

**ग्वालियर :** पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि अवैध शराब से भरा हुआ आइसर कंपनी का टैंकर मुरैना तरफ से आने वाला है। उक्त सूचना पर महाराजपुर थाना पुलिस को बाईपास रोड हाइवे पर कार्रवाई हेतु भेजा गया। इसी दौरान टैंकर चालक ने पुलिस टीम को देखकर टैंकर वापस लौटाने का प्रयास किया, परन्तु मुस्तैदी से खड़े पुलिस टीम द्वारा टैंकर की घेराबंदी कर टैंकर चालक को पकड़ लिया गया। पकड़े गये चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम व पता अचलाराम पुत्र राजूराम निवासी ग्राम धीरासर जिला बाड़मेर राजस्थान का रहने वाला बताया। पुलिस टीम द्वारा टैंकर के ऊपर चढ़कर ढक्कन खोलकर चेक किया तो उसके अंदर शराब की 702 पेटियां रखी हुई मिली। जिसमें ऑफीसर च्वाइस की 175 पेटी, ऑफीसर च्वाइस के क्वॉटर की 200 पेटी, ग्रीन लेवल की 100 पेटी, ग्रीन लेवल क्वाटर की 40 पेटी, व्हाइटलेस वोदका की 165 पेटी, रॉयल वोदका की 09 पेटी, ड्यून वोदका की 03 पेटी, किंगफिशर बीयर की 10 पेटी कुल 702 पेटी अवैध शराब रखी मिली।

## शक्सगाम घाटी हमारी : चीन के सड़क निर्माण पर भारत सख्त

■ **हाल में ही सैटेलाइट इमेज में हुआ चीन के कारनामे का खुलासा**

**एजेंसी । 2 मई**

**सियाचिन :** चीन सियाचिन ग्लेशियर के करीब अवैध रूप से पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के शक्सगाम घाटी में एक सड़क का निर्माण कर रहा है। हाल में सैटेलाइट इमेज में इसका खुलासा हुआ है। शक्सगाम घाटी में चीन द्वारा सड़क निर्माण किए जाने पर भारत सरकार ने सख्त आपत्ति जताई है। सियाचिन के पास चीनी गतिविधियों पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने गुरुवार को प्रेंस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हम शक्सगाम घाटी को अपना क्षेत्र मानते हैं। हमने 1963 के तथाकथित चीन-पाकिस्तान सीमा समझौते को कभी स्वीकार नहीं किया है, जिसके माध्यम से पाकिस्तान ने अवैध रूप से इस क्षेत्र को चीन को सौंपने का प्रयास किया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि मैंने लगातार इसके प्रति अपनी अस्वीकृति व्यक्त की है। हमने जमीनी स्तर पर तथ्यों को बदलने के अवैध प्रयासों के खिलाफ चीनी पक्ष के साथ अपना विरोध दर्ज कराया है। हम अपने हितों की रक्षा के लिए आवश्यक उपाय करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। बता दें कि शक्सगाम घाटी को पाकिस्तान ने 1963 में चीन को सौंप दिया था। यह पाकिस्तान के कब्जे वाली कश्मीर का हिस्सा है। यह चीन के झिंजियांग में राजमार्ग जी-219 के विस्तार से निकलती है और एक स्थान पर पहाड़ों में गायब हो जाती है।



### *चीन कर रहा है सड़क निर्माण*

*हाल में यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा ली गई सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला है सड़क का मूल मार्ग का निर्माण पिछले साल जून और अगस्त के बीच किया गया था। चीनी सड़क अघिल दर्रे से होकर गुजरती है, जो 1947 से पहले तिब्बत के साथ भारत की सीमा के रूप में कार्य करती थी। उल्लेखनीय है कि यह सड़क ट्रांस-काराकोरम ट्रैक्ट में स्थित है और यह क्षेत्र ऐतिहासिक रूप से कश्मीर का हिस्सा है। भारत इस पर लगातार दावा करता रहा है। भारत सरकार ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के निरस्त कर दिया है। उसके बाद केंद्र सरकार आधिकारिक मानचित्र जारी किया गया था। उसमें इस क्षेत्र को भारतीय क्षेत्र के रूप में दिखाया गया है।*

### *चीन के दावे को भारत ने नकारा*

*यह मार्ग लगभग 5,300 वर्ग किलोमीटर तक फैला है। साल 1947 के युद्ध में पाकिस्तान ने इस मार्ग पर कब्जा कर लिया था और 1963 में इसे चीन को सौंप दिया था, जिसे भारत द्वारा मान्यता नहीं दी गई है। भारतीय रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि कब्जे वाले कश्मीर के इस हिस्से में यथास्थिति में यदि कोई भी बदलाव होता है, तो वह भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता क न केवल उल्लंघन है, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी सही नहीं है। इस तरह की और बुनियादी ढांचा परियोजनाएं इस पर्वतीय क्षेत्र में मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य को खतरे में डाल सकती हैं। अब भारत सरकार ने भी चीन की इस गतिविधि पर कड़ी आपत्ति जताई है।*

## 123 साल में सबसे गर्म रहा अप्रैल

■ **मई में 11 दिनों तक लू की संभावना**

■ **टूटा औसत न्यूनतम तापमान का रिकॉर्ड**

**एजेंसी । 2 मई**

**नई दिल्ली :** इस साल अप्रैल का महीना सबसे गर्म रहा। 1901 के बाद से पहली बार ऐसा हुआ कि देश के अधिकतर भागों में अप्रैल में सबसे अधिक दिनों तक लू चली। मई में भी प्रचंड गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली। इस महीने देश के ज्यादातर क्षेत्रों में पारा और चढ़ेगा और लू के दिन भी बढ़कर 11 दिन तक हो सकते हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने मई महीने के लिए मौसम का पूर्वानुमान जारी करते हुए कहा कि अप्रैल के महीने में 5 से 7 और फिर 15 से 30 तारीख के बीच दो दौर में लू चली। औसत अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। महापात्र ने कहा कि 1901 से दर्ज किए जा रहे तापमान में यह पहला मौका था कि इन क्षेत्रों में अप्रैल में इतना अधिक न्यूनतम तापमान रहा। महापात्र ने कहा कि दक्षिण राजस्थान, पश्चिम मध्य प्रदेश, विदर्भ, मराठवाड़ा और गुजरात क्षेत्र में मई में करीब 8-11 दिनों तक लू चल सकती है। राजस्थान के शेष भाग, पूर्वी मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों, आंतरिक ओडिशा, गांगेय पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, उत्तर आंतरिक कर्नाटक और तेलंगाना में इस महाने 5-7 दिन लू चलने की संभावना है। आमतौर पर उत्तर भारत के मैदानी इलाकों, मध्य भारत और प्रायद्वीपीय भारत के आसपास के क्षेत्रों में मई में लगभग तीन दिन लू चलती है। आईएमडी के मुताबिक, मई के महीने में सामान्य बारिश होने का अनुमान है। उत्तर पश्चिम भारत, मध्य भारत के कुछ क्षेत्रों, प्रायद्वीपीय और पूर्वोत्तर भारत के अधिकतर हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश हो सकती है।



# टी20 वर्ल्ड कप 2024 : अभी तक 9 देशों ने किया टीम का एलान



एजेंसी। 2 अप्रैल

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 की शुरूआत 1 जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज की धरती पर हो रही है। इस बार टी20 वर्ल्ड कप में 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इन टीमों को पांच-पांच के चार ग्रुप में बांटा गया है। हर ग्रुप से दो टीमें सुपर-8 के लिए क्वालीफाई करेंगी। फैंस इसके लिए बहुत ही ज्यादा उत्साहित हैं। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए अभी तक 9 टीमों ने अपने स्क्वाड का ऐलान कर दिया है। कनाडा की इसमें नई एंट्री हुई है। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए न्यूजीलैंड ने सबसे पहले अपने स्क्वाड का ऐलान किया था। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए अभी तक न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, भारत, साउथ अफ्रीका, ओमान, नेपाल, कनाडा और अफगानिस्तान ने अपनी टीमों का ऐलान कर दिया है।

## टी-20 विश्व कप 2024 के लिए अभी तक घोषित हुई टीमों की लिस्ट

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मो. सिराज।
**रिजर्व :** शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और आवेश खान

**अफगानिस्तान :** रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, करीम जनत, राशिद खान (कप्तान), नांग्याल खरोती, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, नवीन-उल-हक , फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक।
**रिजर्व :** सेदिक अटल, हजरतुल्लाह जजई, सलीम सफी।

**ऑस्ट्रेलिया :** मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम जम्पा।

**इंग्लैंड :** जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, जोफ्रा आर्चर, जोनाथन बेयरस्टो, हैरी ब्रुक, सैम कुरेन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, रीस टॉपले, मार्क वुड।

**नेपाल :** रोहित पौडेल (कप्तान), आसिफ शेख, अनिल कुमार साह, कुशल भुर्टेल, कुशल मल्ला, दीपेंद्र सिंह ऐरी, ललित राजबंशी, करण केसी, गुलशन झा, सोमपाल कामी, प्रतीस जीसी, संदीप जोरा, अविनाश बोहरा, सागर ढकाल, कमल सिंह ऐरी।

**कनाडा :** साद बिन जफर (कप्तान), एरोन जॉनसन, दिलन हेइलिगर, दिलप्रीत बाजवा, हर्ष ठाकेर, जेरेमी गॉर्डन, जुनैद सिद्दीकी, कलीम सना, कंवरपाल ताथगुर, नवनीत धालीवाल, निकोलस किरटन, परगट सिंह, रविंदरपाल सिंह, रेयानखान पठान, श्रेयस मोव्वा .
**रिजर्व :** तजिंदर सिंह, आदित्य वरदराजन, अम्मार खालिद, जतिंदर मथारू, परवीन कुमार।

**न्यूजीलैंड :** केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलन, ट्रेंट बोल्ट, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउथी . ट्रैवलिंग
**रिजर्व :** बेन सियर्स।

**ओमान :** आकिब इलियास (कप्तान), जीशान मकसूद, कश्यप प्रजापति, प्रतीक अठावले (विकेटकीपर), अयान खान, शोएब खान, मोहम्मद नदीम, नसीम खुशी (विकेटकीपर), मेहरान खान, बिलाल खान, रफीउल्लाह, कलीमुल्लाह, फैयाज बट, शकील अहमद , खालिद कैल।
**रिजर्व :** जतिंदर सिंह, समय श्रीवास्तव, सुफियान महमूद, जय ओडेद्रा।

**साउथ अफ्रीका :** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डी कॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को जानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नॉर्टजे, कैगिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स।

# हैदराबाद ने राजस्थान को दिया 202 रनों का लक्ष्य

**आईपीएल 2024**

## नीतीश कुमार रेड्डी ने खेली 76 रनों की नाबाद पारी



एजेंसी। 2 अप्रैल

**नई दिल्ली।** नीतीश रेड्डी और ट्रेविस हेड के अर्धशतक और हेनरिच क्लासेन की शानदार पारी के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स के सामने जीत के लिए 202 रनों का लक्ष्य रखा है। हैदराबाद ने नीतीश के 42 गेंदों पर तीन चौके और आठ छक्कों की मदद से नाबाद 76 रन और ट्रेविस हेड के 44 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्के के सहारे 58 रन की पारी के दम पर 20 ओवर में तीन विकेट पर 201 रन बनाए। हैदराबाद की ओर से क्लासेन ने 19 गेंदों पर तीन चौके और तीन छक्के की मदद से नाबाद 42 रनों का योगदान दिया। राजस्थान के लिए तेज गेंदबाज आवेश खान ने दो विकेट लिए। इससे पहले, सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और आवेश खान ने अभिषेक शर्मा को आउट कर हैदराबाद को शुरूआत झटका दिया। अगले ओवर में अनमोलप्रीत सिंह संदीप शर्मा का शिकार बने जिससे हैदराबाद पर दबाव बढ़ गया। हैदराबाद की बल्लेबाजी पावरप्ले में धीमी पड़ गई और हैदराबाद ने इस सीजन पावरप्ले में अपना न्यूनत स्कोर बनाया। पावरप्ले में हैदराबाद की टीम दो विकेट पर 37 रन ही बना सकी थी। हालांकि, हेड ने नीतीश रेड्डी के साथ मिलकर पारी को गति दी और दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 96 रन जोड़कर हैदराबाद को संभाला। इस बीच, हेड ने इस सीजन का अपना चौथा अर्धशतक भी जड़ा। हालांकि आवेश खान ने हेड को बोल्ड कर उनकी पारी का अंत कर दिया। हेड के आउट होने के बाद नीतीश रेड्डी ने अपना गियर बदला और आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए अपना पचासा पूरा किया। उन्हें दूसरे छोर पर हेनरिच क्लासेन का अच्छा साथ मिला जो लगातार बड़े शॉट लगाते रहे। हैदराबाद ने पहले 10 ओवर में 75 रन बनाए थे, लेकिन हेड, नीतीश और क्लासेन की विस्फोटक पारी से हैदराबाद ने अगली 60 गेंदों पर 126 रन बटोरे और सिर्फ एक ही विकेट गंवाया। क्लासेन और नीतीश के बीच इस दौरान चौथे विकेट के लिए 70 रनों की साझेदारी हुई। स्पिन गेंदबाज युजवेंद्र चहल इस मैच में खासे महंगे साबित हुए और उन्होंने चार ओवर के अपने स्पैल में 62 रन लुटाए। इस दौरान चहल की इकॉनोमी 15.50 की रही। नीतीश रेड्डी और हेनरिच क्लासेन ने धुआंधार बल्लेबाज कर हैदराबाद को धीमी शुरूआत से उबारा।

**स्कोर बोर्ड**

| सनराइजर्स हैदराबाद 201/3 (20 ओवर) | रन | गेंद | चार | छह |
|---|---|---|---|---|
| ट्रैविस हेड बो आवेश | 58 | 44 | 6 | 3 |
| अभिषेक शर्मा के जुरेल बो आवेश | 12 | 10 | 0 | 1 |
| अनमोलप्रीत सिंह के जायसवाल बो संदीप | 5 | 5 | 1 | 0 |
| नितीश कुमार रेड्डी नाबाद | 76 | 42 | 3 | 8 |
| हाइनरिक क्लासन नाबाद | 42 | 19 | 3 | 3 |

अतिरिक्त (बा0, लेबा0, वा8,नोबा0,पी0) 8 रन कुल 20 ओवर में 3 विकेट पर 201 रन, **विकेटों का पतन** : 1-25, 2-35, 3-131 **गेंदबाजी :** ट्रेंट बोल्ट 4-0-33-0, रवि अश्विन 4-0-36-0, आवेश खान 4-0-39-2, संदीप शर्मा 4-0-31-1, युजवेंद्र चहल 4-0-62-0

हैदराबाद ने 18 ओवर की समाप्ति पर तीन विकेट पर 174 रन बना लिए हैं। रेड्डी 40 गेंदों पर 74 रन और क्लासेन नौ गेंदों पर 17 रन बनाकर खेल रहे हैं। नीतीश रेड्डी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक जड़ दिया है। नीतीश ने राजस्थान के खिलाफ 30 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया। तेज गेंदबाज आवेश खान ने ट्रेविस हेड को बोल्ड कर हैदराबाद को तीसरा झटका दिया। हेड 44 गेंदों पर 58 रन बनाकर आउट हुए। अब क्रीज पर हेनरिच क्लासेन उतरे हैं और उनके साथ नीतीश रेड्डी मौजूद हैं। हैदराबाद ने 15 ओवर की समाप्ति के बाद तीन विकेट पर 131 रन बना लिए हैं। ट्रेविस हेड ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इस सीजन का अपना चौथा अर्धशतक जड़ा। उनके बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर हैदराबाद ने 12 ओवर की समाप्ति के बाद दो विकेट पर 92 रन बना लिए हैं। हेड के साथ नीतीश रेड्डी भी मौजूद हैं जो 22 रन बनाकर खेल रहे हैं। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी भी पूरी हो चुकी है। ट्रेविड हेड ने कुछ आक्रामक शॉट खेलकर हैदराबाद की पारी को संभाला। हेड अर्धशतक लगाने के करीब पहुंच गए हैं। 10 ओवर की समाप्ति के बाद हैदराबाद ने दो विकेट पर 75 रन बनाए हैं। हेड 44 रन और नीतीश रेड्डी 12 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। शुरूआती झटके लगने के बाद हैदराबाद की पारी धीमी हो गई है और टीम ने आठ ओवर की समाप्ति तक दो विकेट पर 48 रन बनाए हैं। हैदराबाद ने इस सीजन पावरप्ले में अपना न्यूनत स्कोर बनाया। पावरप्ले में हैदराबाद की टीम दो विकेट पर 37 रन ही बना सकी थी।

**ऑरेंज कैप**
ऋतुराज गायकवाड़
चेन्नई सुपरकिंग्स
509 रन, 10 मैच

**पर्पल कैप**
जसप्रीत बुमराह
मुंबई इंडियंस
14 विकेट, 8 मैच

**अंक तालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 | +0.694 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 | -0.147 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.841 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 | +0.376 |
| हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 | -0.577 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.898 |
| पंजाब | 10 | 4 | 6 | 8 | -0.510 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 | +0.638 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.620 |
| बेंगलुरु | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.139 |

# निखिल सहित चार और मुक्केबाज सेमीफाइनल में



एजेंसी। 2 अप्रैल

**अस्ताना।** मांदेंगबाम जादुमणि सिंह (51 किग्रा), निखिल (57 किग्रा), अजय कुमार (63.5 किग्रा) और अंकुश (71 किग्रा) ने गुरुवार को एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के अंडर-22 सेमीफाइनल में जगह बना ली। साथ ही पदक भी पक्के कर लिए। जादुमणि ने क्वार्टर फाइनल में भूटान के फुंटशो किनलेको 5-0 से और निखिल ने उज्बेकिस्तान के बख्ति योरोव अयूबखोन को 4-0 से पराजित किया। अजय और अंकुश ने रेफरी के मुकाबले रोकने (आरएससी) पर अपने-अपने मुकाबले जीते। अजय नेमंगोलिया के दमदिंडोरज पी के खिलाफ पहले दौर मेंही मुकाबला जीत लिया जबकि अंकुश ने कोरिया के ली जूसांग के खिलाफ तीसरे दौर मेंजीत दर्ज की। आशीष हालांकि (54 किग्रा) को क्वार्टर फाइनल में मंगोलिया के ओयुन एर्डेन ई के खिलाफ 2-3 सेहार का सामना करना पड़ा।

**केएल राहुल को टीम इंडिया में नहीं लेने पर बोले अजित अगरकर**

# मिडिल ऑर्डर के बल्लेबाज की थी जरूरत



एजेंसी। 2 अप्रैल

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए चुने गए स्क्वाड पर पर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और चीफ सेलेक्टर अजित अगरकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। टी20 वर्ल्ड कप के लिए केएल राहुल को भारतीय टीम में जगह क्यों नहीं मिली है। जबकि पिछले टी20 वर्ल्ड कप में वह भारतीय टीम का हिस्सा थे। अब अजित अगरकर ने केएल राहुल पुर बड़ा बयान दिया है। चीफ सेलेक्टर अजित अगरकर ने कहा कि हमें मिडिल ऑर्डर में एक प्लेयर की जरूरत थी। केएल राहुल टॉप पर बल्लेबाजी कर रहे थे। संजू सैमसन ने अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे। यहां तक ऋषभ पंत भी टॉप-5 में बैटिंग कर रहे थे। यह इस बारे में नहीं है कि कौन बेहतर है और कौन नहीं। मिडिल ऑर्डर में पंत और संजू ने ज्यादा समय बैटिंग की है। केएल राहुल ने आईपीएल 2024 में ओपनिंग की है। जबकि टीम इंडिया के पास ओपनर के तौर पर रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल मौजूद हैं।

***रिंकू को बाहर रखना सबसे कठिन फैसला था, उसकी कोई गलती नहीं थी : अगरकर***

*मुंबई। मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत की टी20 विश्व कप टीम से रिंकू सिंह को बाहर रखना सबसे कठिन फैसला था क्योंकि उसने कुछ गलत नहीं किया था लेकिन टीम संयोजन के आधार पर चुनी गई ।*

# थॉमस कप : प्रणय ने ओलिंपिक मेडलिस्ट को दी मात

■ **फिर भी थॉमस कप में इंडोनेशिया को नहीं हरा पाया भारत**



एजेंसी। 2 अप्रैल

**चेंगदू (चीन)।** गत चैंपियन भारत बुधवार को थॉमस कप बैडमिंटन टूनामेंट में इंडोनेशिया की मजबूत टीम के खिलाफ 1-4 से हार गया और अपने ग्रुप में शीर्ष पर नहीं पहुंच पाया। भारत और इंडोनेशिया दोनों पहले ही अपने शुरूआती दोनों मैच जीतकर इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं लेकिन इंडोनेशिया ग्रुप सी के विजेता के रूप में नॉकआउट में जाएगा। इस मुकाबले में हार के बावजूद भारत के लिए सकारात्मक पक्ष एच एस प्रणय रहे जिन्होंने स्वास्थ्य समस्याओं से उबरकर वापसी करते हुए जीत दर्ज की। अब क्वार्टर फाइनल में भारत की भिड़त चीन से होगी। थॉमस कप 2022 के फाइनल भारत ने इंडोनेशिया को ही 3-0 से हराकर खिताब जीता था। पुरुष एकल में भारत के नंबर एक खिलाड़ी प्रणय ने शुरूआती मैच में पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए एंथनी गिंटिंग को 13-21, 21-12, 21-12 से हराकर टीम को 1-0 से आगे कर दिया। पहले पुरुष युगल मैच में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और बागस मौलाना से हार गई। इसी जोड़ी ने पिछली ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में भारतीय जोड़ी को हराया था। इंडोनेशिया की जोड़ी ने सात्विक और चिराग को 22-24, 24-22, 21-19 से हराया जिससे मुकाबला 1-1 से बराबर हो गया। लक्ष्य सेन इसके बाद ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के पुरुष एकल विजेता जोनाथन क्रिस्टी से 18-21, 21-16, 17-21 से हार गए जिससे भारत 1-2 से पिछड़ गया।

***उबर कप क्वार्टर फाइनल में जापान से हारी भारतीय महिला टीम***

*चेंगडू (चीन)। अष्मिता चालिहा ने कड़ा संघर्ष किया लेकिन युवा और अनुभवहीन भारतीय महिला टीम को उबर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में बृहस्पतिवार को जापान ने 3 . 0 से हराया ।*

# भारतीय महिला टीम ने जीता दूसरा टी20

**राधा और हेमलता ने किया बेहतरीन प्रदर्शन**



एजेंसी। 2 अप्रैल

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ खेली जा रही पांच मैचों टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन जारी रखा। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम ने बांग्लादेश को सिलहट में खेले गए वर्षा से बाधित दूसरे टी20 मैच में 19 रनों से हराया। बारिश के कारण मैच का फैसला डकवर्थ लुइस प्रणाली के तहत किया गया। इस मैच में भारत के लिए बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव और डी हेमलता ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। भारत पांच मैचों की सीरीज में 2-0 से आगे चल रहा है। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया, लेकिन तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने दूसरी ही गेंद पर दिलारा अख्तर को आउट कर बांग्लादेश को शुरूआती झटका दिया।

# देवघर को हराकर धनबाद बना चैम्पियन

**जेएससीए अंडर - 16 क्रिकेट**




आवाज प्रतिनिधि। 2 अप्रैल

**धनबाद।** धनबाद की टीम जेएससीए अंतर जिला अंडर-16 क्रिकेट टूनामेंट की चैंपियन बन गई है। लातेहार के डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स स्टेडियम में बुधवार को खेले गए एकतरफा फाइनल में धनबाद ने देवघर को 141 रनों के अंतर से हरा दिया। धनबाद की जीत के हीरो रहे कुणाल कुमार सिंह, जिन्होंने पहले तो 49 रनों की अविजित पारी खेली। फिर बाद में आठ ओवर में 13 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द फाइनल चुना गया। इसके पहले सुबह टॉस धनबाद ने जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए पूरी टीम 49 ओवर में 261 रनों पर आउट हो गई। युवराज कुमार और कुणाल ने नौवें विकेट के लिए 82 रनों की साझेदारी कर धनबाद को मजबूत स्थिति में ला दिया। युवराज ने 51 गेंदों में 53 रन बनाए तो कुणाल ने 49 रन बनाने में 44 गेंदों का सामना किया। इसके अलावा लक्ष्य राज सिंह ने 26, आनंद राज ने 22, मो कफील ने 19, सौविक भट्टाचार्य ने 17, हर्ष कुमार ने 16 और स्वरित सिंह ने 16 रन बनाए। देवघर के यश सिन्हा ने 45 पर तीन, हिमांशु राज ने 27 पर दो और शिवम कुमार मिश्रा ने 43 पर दो विकेट लिए। बाद में देवघर की टीम 36.2 ओवर में 120 रनों पर ढेर हो गई। यश सिन्हा ने 57, श्रेष्ठ राज ने 14 और हिमांशु राज ने 14 रन बनाए। मो कफील ने 20 पर चार, कुणाल ने 13 पर तीन और दिव्यांशु ने 16 पर दो विकेट लिए।बाद में विजेता व उपविजेता टीम को जेएससीए के सचिव देवाशीष चक्रवर्ती व संयुक्त सचिव पीएन सिंह ने ट्राफी प्रदान किया। अवसर पर जेएससीए के कार्यकारिणी सदस्य बिनय कुमार सिंह, धनबाद क्रिकेट संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार, महासचिव उत्तम विश्वास व अन्य उपस्थित थे।

# पाकिस्तान ने आयरलैंड-इंग्लैंड टी-20 सीरीज के लिए टीम घोषित की

एजेंसी। 2 अप्रैल

**नई दिल्ली।** आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए पाकिस्तान ने टीम का ऐलान कर दिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के तीन सदस्यीय सिलेक्शन कमेटी ने प्रेस कांफ्रेंस कर आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के लिए टीम की घोषणा की।पाकिस्तान क्रिकेट टीम के चीफ सिलेक्टर वहाब रियाज ने कहा, दोनों देशों के खिलाफ सीरीज के बाद वर्ल्ड कप की टीम फाइनल करेंगे। पाकिस्तान क्रिकेट टीम में पेसर हसन अली की दो साल बाद वापसी हुई है। उन्होंने अपना आखिरी टी-20 साल 2022 में सितंबर में खेला था। वहीं पाकिस्तान क्रिकेट लीग के दौरान चोटिल हुए हारिस रऊफ को भी टीम में जगह दी गई है। अली और रऊफ के अलावा आगा सलमान की भी टीम में आए हैं। चोट की वजह से न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से बाहर रहे मोहम्मद रिजवान, आजम खान और इरफान खान भी नामित किए गए हैं। पाकिस्तान ने टी-20 वर्ल्ड कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा नहीं की है। ऐसा माना जा रहा है कि आयरलैंड और इंग्लैंड के लिए घोषित की गई टीम ही वर्ल्ड कप में खेलती नजर आएगी। टी-20 वर्ल्ड कप के लिए 1 मई तक 15 खिलाड़ियों की सूची इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल को सौंपनी थी।

## मार्केट सूचकांक

**भारतीय**

| | | |
|---|---|---|
| निफ्टी | 22648.20 | +43.35 |
| सेंसेक्स | 74611.11 | +128.33 |

**अमेरिका**

| | | |
|---|---|---|
| नैस्डेक | 15,717.67 | +111.61 |
| डाओ जोंस | 38,022.91 | +124.60 |

**यूरोप**

| | | |
|---|---|---|
| FTSE (BRITAIN) | 8,162.48 | +43.62 |
| CAC (FRANCE) | 7,934.13 | -50.80 |

**एशिया**

| | | |
|---|---|---|
| NIKKEI 225 (JAPAN) | 38,236.07 | -37.98 |
| शंघाई (CHINA) | 3,104.82 | -8.22 |

**कमोडिटी**

| | | |
|---|---|---|
| सोना 24 कैरेट/10 ग्राम प्रति | 70,540.00 | -226.00 |
| चांदी प्रति किलो | 79,440.00 | -430.00 |
| अल्यूमीनियम प्रति किलो | 240.45 | +6.25 |
| तांबा प्रति किलो | 846.70 | -8.90 |
| लेड प्रति किलो | 0.00 | -190.20 |
| जिंक प्रति किलो | 0.00 | -257.75 |
| मेंथा तेल प्रति लीटर | 0.00 | -950.00 |

**मुद्रा**

| | | |
|---|---|---|
| डॉलर प्रति रुपये | 83.4752 | +0.0685 |
| पाउंड प्रति रुपये | 104.2451 | -0.2347 |
| यूरो प्रति रुपये | 89.1570 | -0.2345 |
| दीनार प्रति रुपये | 271.1978 | +0.5529 |
| रियाल प्रति रुपये | 22.2565 | +0.0189 |
| ऑस्ट्रेलियन डॉलर प्रति रुपये | 54.4478 | -0.0417 |
| सिंगापुर डॉलर प्रति रुपये | 61.3998 | +0.0752 |
| दिरहम प्रति रुपये | 22.7265 | +0.0178 |

**क्रूड ऑयल**

| | | |
|---|---|---|
| डब्ल्यूटीआई क्रूड बैरल/ यूएस $ | 79.18 | +0.18 |
| ब्रेंट क्रूड बैरल/ यूएस $ | 83.39 | -0.05 |
| मरबन क्रूड बैरल/ यूएस $ | 83.74 | +0.16 |

### जीएसटी कलेक्शन में आई रेकॉर्ड उछाल

# अप्रैल में 2.10 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचा




**एजेंसी। 2 मई**

**नई दिल्ली।** देश में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (GST) कलेक्शन में रेकॉर्ड तेजी देखने को मिली है। यह अब तक के अपने सर्वाधिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल 2024 में सकल वस्तु एवं सेवा कर संग्रह 2.10 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। इस बार रेकॉर्ड जीएसटी कलेक्शन से सरकार का खजाना खूब भरा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस आंकड़े को अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करके खुशी जाहिर की है। रिपोर्ट के मुताबिक, पहली बार किसी महीने में जीएसटी राजस्व 2 लाख करोड़ रुपये के पार चला गया है। इससे पहले मार्च महीने में भी छप्परफाड़ जीएसटी कलेक्शन हुआ था। यह सालाना आधार पर 11.5 फीसदी बढ़ा था। मार्च में गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) कलेक्शन 1.78 लाख करोड़ रुपये हो गया था। यह उछाल घरेलू लेनदेन से जीएसटी संग्रह में 17.6 फीसदी की जोरदार बढ़ोतरी के कारण आया था। मार्च 2024 के लिए रिफंड का जीएसटी रेवेन्यू शुद्ध 1.65 लाख करोड़ था।

ग्रास रेवेन्यू ने साल दर साल आधार पर 12.4 फीसदी की शानदार ग्रोथ हासिल की है। वहीं रिफंड के बाद के नेट रेवेन्यू को देखें तो ये 1.92 लाख करोड़ रुपये रहा है जो कि सीधे-सीधे सालाना आधार पर 17.1 फीसदी की बढ़ोतरी है।

**इससे पहले था ये रेकॉर्ड :** इस बार अप्रैल में रेकॉर्ड जीएसटी कलेक्शन से पहले मार्च महीने में भी जीएसटी से सरकारी खजाना भरा था। मार्च 2024 में मासिक आधार पर 1.78 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी कलेक्शन हुआ था। अगर इससे पहले के सबसे बड़े जीएसटी कलेक्शन की बात करें तो यह पिछले साल यानी 2023 के अप्रैल महीने में दर्ज किया गया था। जीएसटी खजाने में तब 1.87 लाख करोड़ रुपये पहुंचे थे। आंकड़ों के मुताबिक, फाइनेंशियल ईयर 2023-24 के लिए कुल ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन 20.18 लाख करोड़ रुपये रहा है। यह पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में 0.18 लाख करोड़ रुपये ज्यादा है, तब 20 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी कलेक्शन हुआ था।

**आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है**

ईवाई इंडिया के टैक्स पार्टनर सौरभ अग्रवाल का कहना है कि जीएसटी के सभी अंगों सीजीएसटी, एसजीएसटी, आईजीएसटी और सेस सेगमेंट, सभी ने महत्वपूर्ण योगदान और अच्छा प्रदर्शन किया है। इससे हमारी आर्थिक स्थिति और भी मजबूत हुई है। जीएसटी के अधिकारियों के संयुक्त प्रयासों ने गैर-फाइलर्स के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और झूठी चालानों के खिलाफ लड़ाई में बड़ा योगदान दिया है।

**तेजी से बढ़ रही है अर्थव्यवस्था**

टैक्स कनेक्ट एडवाइजरी सर्विसेज एलएलपी के पार्टनर विवेक जालान का कहना है कि जुलाई 2017 में 0.9 लाख करोड़ रुपये के औसत मासिक संग्रह की शुरूआत से अप्रैल 2024 में 2.1 लाख करोड़ रुपये के औसत संग्रह तक जीएसटी राजस्व ने लगभग 13% वार्षिक की औसत वृद्धि दर्ज की है। मंहगाई की 5% और जीडीपी की 7% वृद्धि को देखते हुए विगत सात वर्षों में वार्षिक आधार पर औसतन 1% की उछाल देखी गई है, जिसमें कोविड19 बंदी के दौरान दो वर्षों की अप्रत्याशित भारी गिरावट शामिल रही। अन्य कारणों के साथ यह दशार्ता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था तीव्र गति से औपचारिकता की राह पर है और बिजनेस तेजी से संगठित होकर मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं।

### गो फर्स्ट एयरलाइन को लगा बड़ा झटका

# गो एयर के सभी 54 विमानों का रजिस्ट्रेशन रद्द




**एजेंसी। 2 मई**

**नई दिल्ली।** गो फर्स्ट एयरलाइन को बड़ा झटका लगा है. एविएशन रेगुलेटर डीजीसीए ने गो फर्स्ट एयरलाइन के सभी 54 विमानों का रजिस्ट्रेशन कैंसिल कर दिया है. इससे पट्टेदारों को राहत मिली है. हाल ही में दिल्ली हाईकोर्ट ने एयरलाइन के 54 विमानों का रजिस्ट्रेशन कैंसिल करने का आदेश दिया था. पिछले शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के बाद ये कदम उठाया गया है. दिल्ली हाई कोर्ट ने आदेश दिया था कि रजिस्ट्रेशन कैंसिलेशन को पांच वर्किंग दिनों के भीतर करना है. इससे अटके हुए विमानों से संबंधित तमाम अन्य मुद्दों पर पट्टेदारों को राहत प्रदान करने की जरूरत बताई गई थी.

**गो फर्स्ट एयरलाइन ने पिछले साल बंद कर दी उड़ानें :** टाटा की एयर इंडिया और वित्तीय रूप से मजबूत इंडिगो दोनों ने लगभग 15 एयरबस अ320 फैमिली प्लेन्स को खरीदने के लिए पट्टादाताओं से संपर्क किया है. उन्हें अपेक्षाकृत जल्दी उड़ान भरने योग्य बनाया जा सकता है. बाकी विमानों को प्रैट एंड व्हिटनी से अपने खराब इंजन/पुर्जों के रिप्लेसमेंट के लिए प्रतीक्षा करनी होगी. वह कई महीनों से इंडिगो को उन्हें उपलब्ध कराने में असमर्थ है. इसके चलते इंडिगो के 75 से अधिक विमान खड़े हैं. बता दें, गो फर्स्ट एयरलाइन ने पिछले साल 2 मई, 2023 को परिचालन बंद कर दिया था और कंपनी जमीन पर आ गई थी.

**दिल्ली हाईकोर्ट ने क्या कहा था!**

दिल्ली हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति तारा वितस्ता गंजू ने पिछले शुक्रवार को पट्टेदारों को लंबे समय से खड़े विमानों को लेकर रखरखाव की मंजूरी दे दी थी. बशर्ते उन्हें भारतीय कानून के अनुसार डी-रजिस्टर और निर्यात नहीं कर दिया जाता.कोर्ट ने कहा था, ह्यप्रतिवादी डीजीसीए और भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण (एएआई) याचिकाकर्ता पट्टेदारों की सहायता करेंगे और उन्हें हवाई अड्डों तक पहुंच प्रदान करेंगे।

**गो फर्स्ट पर इस कारण लगी थी रोक**

गो एयर और एयरलाइन के रेजोल्यूशन प्रफेशनल्स (आरपी) को किसी भी विमान तक पहुंचने, उसमें प्रवेश करने या उसे संचालित करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है. साथ ही विमान से सहायक उपकरण, स्पेयर पार्ट्स, दस्तावेज और रिकॉर्ड को हटाने, बदलने से भी रोक दिया गया है.

## कोल इंडिया का शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में 26 प्रतिशत बढ़कर 8,682 करोड़ रुपये पर



**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 26.2 प्रतिशत बढ़कर 8,682.20 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। देश की सबसे बड़ी कोयला कंपनी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को इस तिमाही नतीजे की सूचना दी। एक साल पहले की समान तिमाही में कोल इंडिया ने 6,875.07 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। हालांकि, कोल इंडिया की एकीकृत आय जनवरी-मार्च, 2024 तिमाही में घटकर 39,654.50 करोड़ रुपये रह गई। वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में यह 40,371.51 करोड़ रुपये रही थी।

## भारत के मसालों से डरा दुनिया का बाजार

# बाजारों में दांव पर 45 हजार करोड़ का कारोबार

**एजेंसी। 2 मई**

**नई दिल्ली।** भारत के मसाले दुनियाभर में खाए और बेचे जाते हैं. लेकिन जिस तरह के क्वालिटी से संबंधित मामले कई देशों से निकलकर सामने आए हैं, उससे देश के मसाला कारोबार को बड़े संकट में डाल दिया है. आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव की रिपोर्ट के अनुसार विदेशों में भारत का मसाला कारोबार काफी बड़ा है. अगर ये जांच की आंच चीन से लेकर यूरोप तक फैलती है तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है. इन तमाम बाजारों में करीब 45 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा दांव पर लगे हैं. विदेशी सरकारों की ओर से कार्रवाई की गई तो भारत के मसाला एक्सपोर्ट को 50 फीसदी से ज्यादा नुकसान उठाना पड़ सकता है. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर किस तरह की रिपोर्ट सामने निकलकर सामने आई है.



**हो सकता है मोटा नुकसान**

भारत को अपने मसाला एक्सपोर्ट के संबंध में क्वालिटी संबंधी मामले आने के बाद देश की काफी किरकिरी हुई है. सिंगापुर और हॉन्गकॉन्ग के बाद ऑस्ट्रेलिया ने भी मसालों की जांच शुरू कर दी है. वहीं दूसरी ओर अमेरिका ने भी इसे वॉचलिस्ट में डाल दिया है. अगर इन देशों में कार्रवाई होती है तो देश के मसाला एक्सपोर्ट को मोटा नुकसान हो सकता है. आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव यानी जीटीआरआई ने कहा कि हर दिन नए देश भारतीय मसालों की क्वालिटी को लेकर चिंता जाहिर कर रहे हैं.

**चार देशों में 5800 करोड़ दांव पर**

रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया के जिन 4 देशों में इस तरह के मामले निकलकर सामने आए हैं, उन महत्वपूर्ण बाजारों में 70 करोड़ डॉलर यानी 5800 करोड़ का निर्यात दांव पर लगा है. कई देशों में रेगुलेटरी कार्रवाई से संभावित रूप से मसाला निर्यात में आधे का नुकसान हो सकता है. रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत को क्वालिटी संबंधी मुद्दों को जल्द और पारदर्शिता के साथ हल करने की आवश्यकता है. रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि भारतीय मसालों में ग्लोबल विश्वास को फिर से स्थापित करने के लिए त्वरित जांच और निष्कर्षों का पब्लिश होना काफी जरूरी है. गलती करने वाली फर्मों पर तत्काल कार्रवाई होना जरूरी है.

## इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार उत्पादों के आयात में चीन हांगकांग की 56 प्रतिशत हिस्सेदारी

**नयी दिल्ली।** भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार और इलेक्ट्रिकल उत्पादों का आयात 2023-24 में बढ़कर 89.8 अरब डॉलर हो गया जिनमें से आधे से अधिक आयात चीन और हांगकांग से होता है। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने अपनी रिपोर्ट में यह बात कही है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने इस रिपोर्ट में कहा है कि भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार और इलेक्ट्रिकल क्षेत्र के कुल आयात में सर्वाधिक 43.9 प्रतिशत हिस्सेदारी चीन की है।

रिपोर्ट के अनुसार, चीन और हांगकांग पर इन उत्पादों के मामले में गहरी निर्भरता दिखती है और यह पिछले कुछ साल में नाटकीय रूप से बढ़ी है। इसके मुताबिक, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार आयात के मामले में चीन और हांगकांग पर निर्भरता को कम करना जरूरी है। यह न केवल आर्थिक लचीलापन बढ़ाने के लिए बल्कि तेजी से परस्पर जुड़ती जा रही दुनिया में भारत की डिजिटल और तकनीकी संप्रभुता की रक्षा के लिए भी जरूरी है। रिपोर्ट कहती है, ये क्षेत्र लाखों लोगों के दैनिक जीवन का अभिन्न अंग हैं। हालांकि चीन से आयात पर भारत की अत्यधिक निर्भरता देश की रणनीतिक स्वायत्तता और आर्थिक सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौतियां पेश करती है।

## कोल्हापुरी चप्पल असंगठित मजूदरों के कंधों पर टिका है सदियों पुराना बिजनेस

**एजेंसी। 2 मई**

**नई दिल्ली।** कोल्हापुरी चप्पल, नंबर- नौ, देखने में नौ और फटके में सौ साल 1979 में अमिताभ बच्चन की एक फिल्म सुहाग का ये डायलॉग आज भी उतना ही मशहूर है जितना उस वक्त हुआ था. फिर चाहे राजनीति में बयानबाजी हो या घर में एक दूसरे के साथ नोक झोंक अक्सर तैश में कोल्हापुरी चप्पल का जिक्र आ ही जाता है. इसका एक कारण ये भी है कि कोल्हापुरी चप्पल अपनी मजबूती के लिए भी काफी मशहूर है. इसके अलावा इस चप्पल की खूबसूरती, कलाकारी के कारण आज के दौर में भी यह युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक, पुरुषों-महिलाओं तक सबकी पहली पसंद बना हुआ है. ऐसे में इस रिपोर्ट में विस्तार से समझते हैं कि आखिर कोल्हापुरी चप्पल में ऐसा क्या है कि इसे बाकी चप्पलों से खास माना जाता है.



**700 साल पुराना है कोल्हापुरी का इतिहास**

कोल्हापुरी चप्पल को सबसे पहली बार 13वीं शताब्दी में बनाया गया था, उस वक्त इसे केवल राजा-महाराजाओं के पैरों में देखा जाता था. उस दौर से ही हस्तकला का यह खूबसूरत नमूना साल दर साल, पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ता रहा और आज कोल्हापुरी पहनना किसी फैशन स्टेटमेंट से कम नहीं माना जाता है. वहीं अलग अलग मीडिया रिपोर्टस के अनुसार बिजनेस के दृष्टिकोण से कोल्हापुरी चप्पल बनाने की शुरूआत 18वीं शताब्दी में की गई थी. उस वक्त इस तरह के चप्पल को कपाशी, पाई-तान, बक्कलनाली जैसे नाम दिए गए थे. ये नाम उन कलाकरों के गांव के नाम पर रखा जाता था जो इस तरह के चप्पल बनाया करते थे.

## सिम ब्लॉक करने की धमकी देकर पैसा जुटाने की कोशिश में कंगाली से जूझ रही पाकिस्तान सरकार

**एजेंसी। 2 मई**

**नई दिल्ली।** आर्थिक तंगी से जूझ रहा पाकिस्तान अब अपने नागरिकों की जेब से पैसे निकालने की तैयारी कर रहा है। दरअसल पाकिस्तान की सरकार उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने जा रही है, जिन लोगों ने टैक्स नहीं भरा है। पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, पाकिस्तान के संघीय राजस्व बोर्ड ने आयकर आदेश जारी किया है। इसके मुताबिक देश में 5,06,671 लोगों को मोबाइल सिम कार्ड ब्लॉक किए जाएंगे। यह कार्रवाई उन लोगों के खिलाफ की जाएगी, जिन्होंने साल 2023 में टैक्स नहीं भरा है।

**टैक्स कलेक्शन बढ़ाने की कवायद :** आदेश में कहा गया है कि जब तक ये लोग टैक्स फाइल नहीं करेंगे, तब तक उनके सिम कार्ड ब्लॉक ही रहेंगे। पाकिस्तान की टेलीकम्युनिकेशन अथॉरिटी ने सभी टेलीकॉम ऑपरेटर्स को आयकर विभाग के आदेश का पालन करने का निर्देश दिया है। साथ ही टेलीकम्युनिकेशन अथॉरिटी ने सभी टेलीकॉम ऑपरेटर्स को 15 मई तक आदेश के पालन संबंधी रिपोर्ट सौंपने को भी कहा है। पाकिस्तान के संघीय राजस्व बोर्ड ने देश में 24 लाख ऐसे लोगों की पहचान की है, जिन्होंने टैक्स रिटर्न फाइल नहीं किया है। इन सभी को नोटिस जारी किया गया है। इनमें से संघीय राजस्व बोर्ड ने पांच लाख लोगों के खिलाफ सिम कार्ड ब्लॉक करने की कार्रवाई करने का फैसला किया है।

**पाकिस्तान में बढ़ी करदाताओं की संख्या**



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक संघीय राजस्व बोर्ड को 1 मार्च 2024 तक 42 लाख लोगों ने टैक्स का भुगतान किया है, जो कि पिछले साल के 38 लाख की तुलना में ज्यादा है। संघीय राजस्व बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि हर हफ्ते सोमवार को बोर्ड एक्टिव टैक्सपेयर लिस्ट जारी करेगा, जिसमें टैक्स जमा करने वाले करदाताओं के नाम ऑटोमैटिक तरीके से अपलोड होंगे। जैसे करदाताओं के नाम संघीय राजस्व बोर्ड की लिस्ट में आएंगे तो टेलीकम्यूनिकेशन विभाग उनके सिम फिर से चालू कर देगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पाकिस्तान में वेतनभोगी और गैर वेतनभोगी लोगों को अलग-अलग टैक्स देना होता है। पाकिस्तान में छह लाख रुपये की कमाई पर कोई टैक्स नहीं देना होता। वहीं छह लाख से 12 लाख रुपये तक की सालाना कमाई वाले नौकरीपेशा लोगों को ढाई फीसदी टैक्स देना होता है। 12 से 24 लाख पर साढ़े 12 फीसदी, 24 लाख से 36 लाख पर 20 फीसदी, 36 लाख से 60 लाख तक 25 फीसदी और 60 लाख से 1.20 करोड़ की सालाना कमाई पर 32.5 फीसदी टैक्स देना पड़ता है। इससे ज्यादा कमाई पर 35 फीसदी टैक्स का प्रावधान है।

## धनबाद कोक/ कोयला मंडी

**हार्ड कोक की दर (रु/प्रति टन)**

**हार्डकोक की कीमत में गिरावट**

| | |
|---|---|
| 1नं0 | 11,000 |
| सेमी | 12,000 |
| लो एश 30% | 13,000 |

**पर्ल कोक का दर (रु/प्रति टन)**

| | |
|---|---|
| 58-60% FC | 12,000 |
| 65% FC | 14,500 |
| 70% FC | 16,500 |

नोट :*कर अतिरिक्त

**प्रमुख शहरों का धनबाद से भाड़ा (रु/प्रति टन)**

| | |
|---|---|
| रायपुर | 1650 |
| रायगढ़ | 1450 |
| हल्दिया | 1200 |
| कोलकाता | 1050 |
| विशाखापतनम | 2600 |
| होसपेट | 4200 |
| नागपुर | 2600 |
| फरीदाबाद | 3000 |
| बटाला | 3500 |
| अहमदाबाद | 2800 |
| पटना | 1500 |
| राजकोट | 3400 |
| रुड़की | 2650 |
| कटक | 1500 |
| दिल्ली | 3000 |
| चेन्नई | 3800 |
| राउरकेला | 1250 |

## जॉनसन पाउडर से कैंसर के मामलों में 648 करोड़ का मुआवजा देगी सहायक कंपनी

**एजेंसी। 2 मई**

**नई दिल्ली।** जॉनसन एंड जॉनसन (जेएंडजे) के टैल्कम युक्त बेबी पाउडर से ओवेरियन कैंसर के मामलों में समझौते के तहत जेएंडजे की एक सहायक कंपनी एलटीएल मैनेजमेंट 25 वर्षों में करीब 648 करोड़ डॉलर का मुआवजा देगी। जेएंडजे के खिलाफ दायर मुकदमों में आरोप था कि इसके टैल्कम से ओवेरियन व मेसोथेलियोमा कैंसर होता है। कंपनी ने इन मामलों के निपटारे के लिए एक सहायक कंपनी के पुनर्गठन को कहा। इस बार कंपनी की योजना में 3 माह की आग्रह अवधि रखी गई। इस दौरान ओवेरियन कैंसर के दावेदार योजना के पक्ष-विपक्ष में मत दे सकते हैं। यदि 75% दावेदार पक्ष में हुए, तो एक सहायक कंपनी दिवालियापन दायर कर सकती है। इसके बाद मेसोथेलियोमा के लंबित केस योजना के बाहर निपटाए जाएंगे।

**अदालत के बाहर पीड़ितों से समझौते की इच्छा**



कंपनी के खिलाफ 60 हजार से ज्यादा ऐसे केस दर्ज हैं, जिनमें इसके बेबी पाउडर के इस्तेमाल से कैंसर होने का दावा किया गया है। कंपनी इन दावेदारों को भुगतान के लिए अपनी एक सहायक कंपनी को दिवालियापन में ले जाना चाहती है, ताकि अदालत के बाहर पीड़ितों के साथ समझौता कर इस मामले को निपटाया जा सके। हालांकि, कंपनी ने अब तक इस तथ्य को स्वीकार नहीं किया है कि उनके पाउडर में कोई खराबी थी और उससे कैंसर होने के आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

## ऑस्ट्रेलियन कोकिंग कोल का भाव (प्लेट के अनुसार)

| मेटालर्जिकल कोयला | रेट (एफ.ओ.बी ऑस्ट्रेलिया) | |
|---|---|---|
| पीक डाउन रिजन | 245 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| प्रीमियम लो वोलाटाइल (PLV) | 245 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| लो वोलाटाइल हार्ड कोकिंग कोल | 208.5 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| लो वोलाटाइल पीसीआई (PCI) | 156 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| मिड वोलाटाइल पीसीआई (PCI) | 151 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सेमी सॉफ्ट | 150 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |

**कोक प्राइस**

| | ASH | CSR | Rate | *CFR India |
|---|---|---|---|---|
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 66/65 | 350 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 65/63 | 335 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 64/62 | 325 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |
| सीएफआर इंडिया | 12.5% | 62/60 | 320 | यूएस डॉलर/प्रतिटन |

# ट्रूडो के सहयोगी का आतंकी कनेक्शन... कनाडाई नेता ने खोली जस्टिन ट्रूडो के खालिस्तान प्रेम की पोल

**एजेंसी। 2 मई**

**ओटावा :** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो खालिस्तान समर्थक आतंकियों का समर्थन करने के चलते अपने ही देश में घिरने लगे हैं। कनाडा के पूर्व विदेश मंत्री और पीपल्स पार्टी ऑफ कनाडा (ढढउ) के प्रमुख मैक्सिम बर्नियर ने खालिस्तान समर्थक आतंकियों को बढ़ावा देने के लिए जस्टिन ट्रूडो और कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पियरे पोइलिवरे को निंदा की। इसके साथ ही उन्होंने ट्रूडो के गठबंधन सहयोगी न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता जमगीत सिंह को भी निशाने पर लिया। बीते दिनों खालसा दिवस पर टोरंटों में आयोजित एक कार्यक्रम में जस्टिन ट्रूडो और पियरे पोइलिवरे के अलावा जगमीत सिंह भी शामिल हुए थे। इस कार्यक्रम में ट्रूडो की मौजूदगी के दौरान ही खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगे थे।



## वोट के लिए खालिस्तानियों के समर्थन का आरोप

*स्पुतनिक इंडिया से बातचीत में मैक्सिम बर्नियर ने कहा, कनाडा की राजनीति में इन दिनों जातीय तत्व हावी हो गए हैं। मुख्यधारा के नेता जातीय वेशभूषा में आ रहे हैं। खास जातीय समूहों को लुभाने के लिए विदेशी भाषाओं में नारे लगा रहे हैं। जस्टिन ट्रूडो और पियरे पोइलिवरे ने बीते सप्ताह टोरंटो में खालसा दिवस कार्यक्रम में ऐसा ही किया था। इसके साथ ही बर्नियर ने ट्रूडो के सहयोगी जगमीत सिंह पर खालिस्तान समर्थक आतंकियों से संबंध रखने का आरोप लगाया।*

## जगमीत सिंह के आतंकी कनेक्शन

*बर्नियर ने कहा, जगमीत सिंह खुद सिख हैं और उन्हें सिख वोटों को पाने के लिए ही उनकी पार्टी का नेता चुना गया है। उन्होंने आगे कहा, वह खालिस्तान समर्थक आतंकियों के साथ घूमता था, जिसके चलते उसे एक प्रमुख कनाडाई राजनीतिक दल के नेता के रूप में अवैध ठहराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वो अकेले कनाडाई नेता हैं जो किसी खास जातीय समूह को बढ़ावा देने से इनकार करते हैं और सभी कनाडाई लोगों को समान नीतियों का समर्थन करते हैं।*

# अमेरिका में नहीं हुई गोल्डी बरार की हत्या

## यूएसए की पुलिस ने दावों को फर्जी बताया



**एजेंसी। 2 मई**

**नई दिल्ली।** बीते बुधवार को सोशल मीडिया समेत विभिन्न वेबसाइट्स पर दावा सामने आया था कि अमेरिका में कुख्यात गैंगस्टर गोल्डी बरार की हत्या कर दी गई है। आपको बता दें कि गोल्डी बरार पर पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या में शामिल होने का आरोप है। भारत सरकार द्वारा उसे आतंकवादी के रूप में भी नामित किया गया है। हालांकि, गुरुवार को अमेरिकी पुलिस ने गोल्डी बरार की हत्या की बात को खारिज कर दिया है। पुलिस ने कहा है कि सोशल मीडिया पर गलत सूचना फैली है।

### क्या है पूरा मामला !

*दरअसल, बुधवार को अमेरिका के कैलिफोर्निया में स्थित फ्रेस्नो के फेयरमोंट और होल्ट एवेन्यू में एक विवाद के बाद दो लोगों पर गोलीबारी हुई थी। इसमें एक शख्स की मौत हो गई थी। इसी घटना का हवाला देकर कई रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था किजिस शख्स की मौत हुई है वह गैंगस्टर गोल्डी बरार है। फ्रेस्नो पुलिस विभाग ने उन रिपोर्टों का खंडन किया है जिसमें कहा गया है कि घटना में गोल्डी बरार की हत्या की गई थी।*

### पुलिस ने क्या बताया !

*पुलिस विभाग के लेफ्टिनेंट विलियम जे डूले ने क्अठर को बताया है कि गोल्डी बरार के मारे जाने की खबर बिल्कुल सच नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें नहीं पता है कि यह अफवाह किसने शुरू की, लेकिन इसने सोशल मीडिया पर जोर पकड़ लिया और जंगल की आग की तरह फैल गई। हालांकि, पुलिस ने अभी तक उन व्यक्तियों की पहचान नहीं की है जिनपर हमला हुआ और एक शख्स की जान चली गई।*

## यूएई में फिर मूसलाधार बारिश और भंयकर तूफान ने मारी एंट्री

# कई उड़ानें रद्द होने के साथ इंटरसिटी बस सेवाएं भी ठप

**एजेंसी। 2 मई**



**दुबई :** संयुक्त अरब अमीरात में एक बार फिर भारी बारिश और तूफान के चलते अफरातफरी मच गई है। यूएई में भारी बारिश और तूफान के कारण गुरुवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। इसके साथ ही दर्जनों उड़ानों को रद्द कर दिया गया और इंटरसिटी बस सेवाओं को बंद कर दिया गया। दफ्तरों में काम करने वाले लोगों को घर से बाहर नहीं निकलने का निर्देश दिया गया। इस वक्त दुबई में भारी बारिश और तूफान दस्तक दे चुका है। दुबई के तमाम इलाकों में मूसलाधार बारिश होने के साथ तेज तूफान उमड़ रहा है। इससे लोगों में दहशत फैल गई है। गल्फ न्यूज और खलीज टाइम्स के अनुसार पिछले कुछ दिनों से यूएई मौसम की इस अस्थिर लहर से निपटने की तैयारी कर रहा है। अगले 48 घंटे दुबई में भारी बारिश औत तूफान का अनुमान लगाया गया है।

### दुबई में आधी रात से जारी है तेज बारिश

*राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (एनसीएम) द्वारा जारी अलर्ट के अनुसार यूएई में आधी रात से भारी बारिश हो रही है। दुबई में आज सुबह 2.35 बजे बारिश के साथ बिजली भी गिरी। अब अगले 48 घंटे के लिए बड़ा अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि कहा जा रहा है कि अगले दो दिनों में होने वाली बारिश इस महीने की शुरूआत में देश में हुई अभूतपूर्व बारिश से कम गंभीर रहेगी। जनता से सावधानी बरतने का आग्रह किया गया है। बच्चों की पढ़ाई को ऑनलाइन कर दिया गया है।*

# फिलिस्तीन को यूएन मेंबरशिप : यूएस का वीटो और 1974, 88 के बाद 24 में भी अडिग खड़ा भारत



**एजेंसी। 2 मई**

**नई दिल्ली।** भारत ने उम्मीद जताई है कि संयुक्त राष्ट्र का पूर्ण सदस्य बनाए जाने के फलस्तीन के जिस आवेदन के खिलाफ अमेरिका ने पिछले महीने वीटो का इस्तेमाल किया था, उस पर पुनर्विचार किया जाएगा और वैश्विक संगठन का सदस्य बनने की उसकी कोशिश को समर्थन मिलेगा. संयुक्त राष्ट्र की पूर्ण सदस्यता हासिल करने के फलस्तीन के प्रयासों के संबंध में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव के खिलाफ अमेरिका ने पिछले महीने वीटो का इस्तेमाल किया था ।

### यूएन में क्यों रूका फलस्तीन का अप्रूवल !

*संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने यहां कहा, 'हम जानते हैं कि संयुक्त राष्ट्र में सदस्यता के लिए फलस्तीन के आवेदन को वीटो के कारण सुरक्षा परिषद ने अनुमोदित नहीं किया, लेकिन मैं भारत की दीर्घकालिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए शुरूआत में ही यह बताना चाहती हूं कि हम आशा करते हैं कि उचित समय पर इस पर पुनर्विचार किया जाएगा और संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बनने के फलस्तीन के प्रयास का समर्थन किया जाएगा।*

### यूएन में कब-कब फिलिस्तीन के लिए खड़ा हुआ भारत !

*भारत 1974 में फलस्तीन मुक्ति संगठन को फलस्तीनी लोगों के एकमात्र और वैध प्रतिनिधि के रूप में मान्यता देने वाला पहला गैर-अरब देश बना था. भारत 1988 में फलस्तीन देश को मान्यता देने वाले शुरूआती देशों में से एक था और 1996 में दिल्ली ने गाजा में फलस्तीन प्राधिकरण के लिए अपना प्रतिनिधि कार्यालय खोला, जिसे बाद में 2003 में रामल्ला में स्थानांतरित कर दिया गया।*

## संक्षिप्त खबर

### बारिश के बाद आई बाढ़ से भारी तबाही; हाईवे का एक हिस्सा ढहा, 48 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** चीन के गुआंगदोंग प्रांत में राजमार्ग का एक हिस्सा ढहने से मरने वालों की संख्या गुरुवार को बढ़कर 48 हो गई। चीन के सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। मीझोउ शहर प्रशासन ने बताया कि बुधवार देर रात लगभग दो बजे मीझोऊ-डाबू राजमार्ग का 17.9 मीटर लंबा हिस्सा भूस्खलन के कारण ढह गया जिससे 20 से अधिक वाहन एक गड्ढे में गिर गए थे। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के मुताबिक अब तक 48 लोगों की मौत हो चुकी है और कई अन्य घायल हुए हैं। बुधवार को मृतकों की संख्या 24 थी। गुआंगदोंग प्रांत के कुछ हिस्सों में पिछले दो हफ्तों में बारिश और बाढ़ आने के साथ ही ओलावृष्टि हुई है। खबरों के अनुसार चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने इस दुर्घटना के बाद बचाव अभियान को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। चिनफिंग ने निर्देश दिया कि लोगों के बचाव और घायलों के इलाज के लिए हर संभव प्रयास किया जाए। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत और यातायात व्यवस्था को जल्द से जल्द बहाल करने के प्रयास किए जाने चाहिए।

### रूस ने अंतरिक्ष में हथियारों पर प्रतिबंध संबंधी यूएन में पेश किया प्रस्ताव

**इंटरनेशनल डेस्क :** रूस ने संयुक्त राष्ट्र में एक प्रस्ताव पेश किया है जिसमें सभी देशों से बाह्य अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती हमेशा के लिए रोकने" के वास्ते तत्काल कदम उठाने की अपील की गई है। दिलचस्प बात यह है कि एक सप्ताह पहले कमोबेश इसी प्रकार का एक प्रस्ताव अमेरिका और जापान ने संयुक्त रूप से विश्व निकाय में पेश किया था जिसपर रूस ने वीटो कर दिया था। रूस के इस प्रस्ताव में अमेरिका और जापान के प्रस्ताव से इतर बाह्य अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती हमेशा के लिए रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने की बात है वहीं अमेरिका और जापान के प्रस्ताव में अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों की तैनाती रोकने के लिए कदम उठाने की बात की गई थी। संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वासिली नेबेंजिया ने जब अमेरिका-जापान के प्रस्ताव पर वीटो किया था तब उन्होंने सुरक्षा परिषद में कहा था कि यह अंतरिक्ष में सभी प्रकार के हथियारों पर प्रतिबंध लगाने के लिए असरदार नहीं है। रूस ने जिस प्रस्ताव पर वीटो किया था उसमें पूरा ध्यान केवल परमाणु हथियारों सहित सामूहिक विनाश के हथियारों पर केन्द्रित था और उसमें अंतरिक्ष में अन्य हथियारों की तैनाती के संबंध में कोई उल्लेख नहीं था।

# अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर अमेरिकी आयोग की रिपोर्ट को भारत ने किया खारिज



**कहा-पक्षपाती है यूएसए**

**एजेंसी। 2 मई**

**नई दिल्ली :** भारत ने अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर को लेकर अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) की रिपोर्ट को खारिज कर दिया है। साथ ही उसे पक्षपाती भी बताया है। भारत ने कहा कि अमेरिका के यूएससीआईआरएफ को एक पक्षपाती संगठन के रूप में जाना जाता है। विदेश मंत्रालय ने अमेरिका की इस रिपोर्ट को भारत के खिलाफ दुष्प्रचार बताया है। भारत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग का वार्षिक रिपोर्ट के नाम पर हिंदुस्तान के खिलाफ दुष्प्रचार प्रकाशित करना जारी है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमें यह उम्मीद नहीं है कि अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग भारत के बहुलवादी, लोकतांत्रिक लोकाचार को समझने की कोशिश भी करेगा, क्योंकि वह एक पक्षपाती संगठन है। ऐसे में उससे उम्मीद भी क्या की जा सकती है। बता दें कि अमेरिकी आयोग ने अपनी रिपोर्ट में भारत पर धर्म को लेकर पक्षपाती होने का आरोप लगाया है।

# तय हो गया कौन जीतेगा यूएस राष्ट्रपति चुनाव !

**एजेंसी। 2 मई**

**नई दिल्ली।** अमेरिका में इस साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में असल टक्कर मौजूदा प्रेसिडेंट जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच मानी जा रही है. इस बीच, अमेरिकन यूनिवर्सिटी में इतिहास के जाने-माने प्रोफेसर ऐलन जे लिचमैन ने इस इलेक्शन को लेकर अहम भविष्यवाणी की है. हालांकि, सियासी गलियारों में 'यूएस राष्ट्रपति चुनाव के नास्त्रेदमस' कहलाने वाले प्रोफेसर लिचमैन ने यह तो नहीं बताया कि कौन विजेता होगा पर अनुमान के आधार पर उन्होंने आगे की संभावित परिस्थितियों को लेकर संकेत दिए हैं. अंग्रेजी न्यूज चैनल 'एनडीटीवी' से बातचीत के दौरान ऐलन जे लिचमैन ने बताया, मैंने अभी तक फाइनल प्रेडिक्शन (अनुमान लगाना या भविष्यवाणी करना) नहीं दिया है लेकिन मेरे पास व्हाइट हाउस से जुड़ा 13 बिंदुओं का मॉडल है, जो कि साल 1984 (लगातार 10 चुनाव शामिल) से सही साबित हो रहा है।




### सर्वे को लेकर क्या बोले ऐलन जे लिचमैन !

*ऐलन जे लिचमैन के मुताबिक, जो बाइडन इस चुनाव में तभी हारेंगे, जब अभी उनके खिलाफ बहुत कुछ गड़बड़ होगा. मौजूदा समय में जो बाइडन दो बिंदुओं से नीचे चल रहे हैं. इतिहास के प्रोफेसर की ओर से आगे कहा गया- शुरूआती सर्वे का पहले से अनुमान लगाने वाला मूल्य शून्य होता है. वे क्षणिक स्नैपशॉट हैं. मसलन वे कहते हैं कि अगर आज चुनाव होते हैं तब उम्मीदवार यहीं खड़े होते हैं पर इलेक्शन आज नहीं हो रहा है. ऐसे में भविष्यवाणी के लिए सर्वे की कोई अहमियत नहीं है. शुरूआत के सर्वे अक्सर आपको भटकाते हैं।*

### एलन जे लिचमैन की डिजाइन किए 13 बिंदु कौन-कौन से हैं !

*पार्टी मैंडेट (जनादेश), नॉमिनेशन कॉन्टेस्ट, शॉर्ट टर्म इकनॉमिक स्टेबिलिटी, लॉन्ग टर्म इकनॉमिक ग्रोथ, पॉलिसी शिफ्ट, सोशल स्टेबिलिटी, स्कैंडल फ्री, फॉरेन/मिलिट्री मिसहैप्स, फॉरेन/मिलिट्री ट्रायंफ, इंकंबेंट चार्म और चैलेंजर अपील.*

### वर के सिर्फ एक चुनाव में गलत हुई भविष्यवाणी

*ऐलन जे लिचमैन ने यूएस के इस राष्ट्रपति चुनाव को लेकर भविष्यवाणी की है. वह पिछले 10 राष्ट्रपति चुनावों को लेकर पूर्वानुमान लगा चुके हैं, जिनमें नौ बार वह सही साबित हुए हैं. साल 2000 का राष्ट्रपति चुनाव में उनकी भविष्यवाणी गलत साबित हुई थी. उन्होंने तब कहा था कि जॉर्ज बुश के बजाय एल गोर जीतेंगे लेकिन असल में तब नतीजा कुछ और रहा था।*

# अरबों डॉलर की संपत्ति के मालिक चांगपेंग झाओ दुनिया के सबसे अमीर कैदी

**एजेंसी। 2 मई**

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो की दुनिया के जाने-माने नाम चांगपेंग झाओ के नाम एक ऐसा रिकॉर्ड दर्ज होने जा रहा है, जो शायद ही किसी को पसंद आए. अरबों डॉलर की दौलत के मालिक चांगपेंग झाओ के नाम दुनिया के सबसे अमीर कैदी का रिकॉर्ड दर्ज होने वाला हैं।

### इन मामलों में हुई जेल की सजा



*प्रमुख ग्लोबल क्रिप्टो एक्सचेंज बाइनेंस के फाउंडर एवं पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी चांगपेंग झाओ को अमेरिका की एक अदालत ने जेल की सजा सुनाई है. उनके खिलाफ पिछले साल मुकदमा दर्ज हुआ था. मुकदमा अमेरिका के एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग कानूनों और प्रतिबंधों के उल्लंघन से जुड़ा हुआ है. झाओ ने मामले में खुद को दोषी मान लिया है. उन्हें इसी सप्ताह मंगलवार को 4 महीने की जेल की सजा सुनाई गई।*

### फ्रायड से बहुत कम है चांगपेंग की सजा

*हालांकि बाइनेंस फाउंडर का मामला बिलकुल अलग है और उन्हें सजा भी मामूली मिली है. प्रोसेक्यूटर चांगपेंग को 3 साल की कैद की सजा दिए जाने की मांग कर रहे थे. सैम बैंकमैन फ्रायड को 25 साल के कारावास की सजा मिली हुई है. फ्रायड के ऊपर ग्राहकों के साथ 8 बिलियन डॉलर की धोखाधड़ी करने का आरोप है. उनकी क्रिप्टो एक्सचेंज कंपनी एफटीएक्स दिवालिया हो चुकी है।*

### 36.4 बिलियन है बाइनेंस फाउंडर की दौलत

*ब्लूमबर्ग के अनुसार, बाइनेंस फाउंडर चांगपेंग झाओ की मौजूदा नेटवर्थ लगभग 36.4 बिलियन डॉलर है. अरबों डॉलर की दौलत के साथ ब्लूमबर्ग की दुनिया के सबसे अमीर लोगों की लिस्ट में चांगपेंग अभी 42वें स्थान पर हैं. वहीं फोर्ब्स की लिस्ट में उनकी नेटवर्थ 33 बिलियन डॉलर बताई गई है और सबसे अमीर लोगों की सूची में 50वें स्थान पर रखा गया है।*

### क्रिप्टो इंडस्ट्री का दूसरा बड़ा मामला

*ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इतनी दौलत के साथ बाइनेंस फाउंडर न सिर्फ अमेरिका के इतिहास में, बल्कि संभवतः पूरी दुनिया के इतिहास में अब तक के सबसे अमीर कैदी बनने वाले हैं. यह बीते कुछ समय में क्रिप्टो इंडस्ट्री के दूसरे हाई-प्रोफाइल व्यक्ति को जेल की सजा हुई है. इससे पहले एफटीएक्स के सैम बैंकमैन-फ्रायड को धोखाधड़ी के मामले में जेल भेजा जा चुका है।*

# यूएन : क्या कोविड-19 महामारी और बच्चों में मोटापे में सीधा संबंध !

**एजेंसी। 2 मई**

**नई दिल्ली।** यूरोपीय क्षेत्र में विश्व स्वास्थ्य संगठन कार्यालय ने अपनी एक नई रिपोर्ट में कोविड-19 महामारी और 7 से 9 वर्ष की आयु के बच्चों में मोटापे की बढ़ती दर के बीच संबंध की पुष्टि की है। ये दर्शाता है कि वैश्विक महामारी के कारण बच्चों की शारीरिक सक्रियता पर असर हुआ है।यूएन विशेषज्ञों के अनुसार, बच्चों ने फोन, लैपटॉप या अन्य उपकरणों की स्क्रीन पर कहीं अधिक समय बिताया, उनके शारीरिक रूप से सक्रिय होने में कमी आई और वजन जरूरत से ज्यादा बढ़ने के मामलों में उछाल आया। यूएन स्वास्थ्य एजेंसी के इस सर्वेक्षण के लिए यूरोपीय क्षेत्र में स्थित 53 सदस्यों में से 17 देशों में 2021 से 2023 के दौरान राय जानने का प्रयास किया गया। 50 हजार से अधिक बच्चों ने इस सर्वेक्षण में हिस्सा लिया।



### शारीरिक सक्रियता पर बल

*उन्होंने उम्मीद जताई कि यह रिपोर्ट एक चेतावनी के रूप में काम करेगी, जिससे क्षेत्र में पोषण स्थिति बेहतर बनाने, शारीरिक सक्रियता रुझानों में सुधार करने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने ऐसा माहौल सृजित करने का आग्रह किया, जहां स्वस्थ व्यवहार को समर्थन दिया जा सके। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि बाल मोटापे से जल्द से जल्द निपटा जाना अहम है। यूरोपीय क्षेत्र में स्थित देशों को सभी आयु वर्ग के बच्चों के लिए बेहतर खान-पान और शारीरिक सक्रियता को प्राथमिकता देनी होगी। इसके लिए यह जरूरी है कि बाजारों में अस्वस्थ उत्पादों पर पाबंदी लगाई जाएगी। खाने-पीने की सामग्री पर स्पष्ट रूप से पोषण सम्बन्धी जानकारी मुहैया कराई जाए और स्कूली कार्यक्रमों के जरिए आहार में सुधार लाने और शारीरिक सक्रियता को बेहतर बनाया जाए। यूएन स्वास्थ्य एजेंसी ने कहा है कि इस डेटा से ऐसी नीतियों को बेहतर बनाने और भावी आपात स्थिति व महामारी से निपटने के लिए आपात योजनाएं तैयार किए जाने की जरूरत है।*

### डब्लूएचओ के अध्ययन के अनुसार वैश्विक महामारी के दौरान निम्न रुझान देखे गए हैं:

- **36 प्रतिशत बच्चों के लिए टेलिविजन देखने, ऑनलाइन गेम खेलने या सप्ताह के दौरान सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने के समय में वृद्धि हुई ।**
- **34 प्रतिशत बच्चों ने सप्ताहांत में मनोरंजन के लिए अपना स्क्रीन टाइम बढ़ाया।**
- **28 प्रतिशत बच्चों द्वारा घर से बाहर जाकर बिताए गए समय में गिरावट आई, और 23 फीसदी बच्चों के लिए सप्ताहांत में इसमें कमी देखी गई।**
- **परिवारों ने बताया कि घर में तैयार भोजन को खाने, परिवार के रूप में एक साथ बैठकर खाने और बच्चों के साथ खाना पकाने में भी स्थिति बेहतर हुई है।**
- **42 प्रतिशत बच्चों ने बताया कि वे पहले से कम खुश हैं और उनके कल्याण पर असर हुआ है।**
- **हर पांच में से एक बच्चा अक्सर दुखी रहने का अनुभव महसूस करता है। हर चार में से एक बच्चा स्वयं को अकेला समझ रहा है।**

### देशों के लिए सबक

*डब्लूएचओ यूरोपीय कार्यालय में पोषण, शारीरिक सक्रियता व मोटापे पर क्षेत्रीय सलाहकार डॉक्टर क्रेमलिन विक्रमासिंघे ने बताया कि कुछ देशों में सकारात्मक बदलाव आए हैं, जैसे कि परिवार एक साथ मिलकर खाना खा रहा है। मगर, ऐसे भी देश हैं जहां हालात चिंताजनक है। बच्चों में अस्वस्थ ढंग से खाने-पीने की प्रवृत्ति बढ़ी है और उनके शारीरिक रूप से शिथिल बने रहने की अवधि भी बढ़ी है।*

वर्ष 6 अंक 19 अखबार के स्वामी आवाज प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक - मुद्रक नवीन कुमार सिन्हा द्वारा आवाज प्रकाशन प्रा.लि. नवाडीह, बिरसा मुंडा पार्क के निकट, बी0 पोलिटेक्निक, धनबाद 828130 से मुद्रित एवं आवाज प्रकाशन प्रा. लि.ओम भवन, झौंसागढ़ी, दुमका रोड, नजदीक गौशाला, देवघर 814112 से प्रकाशित। संपादक - अमित कुमार सिन्हा। स्थानीय संपादक उदय शंकर खवाड़े* सम्पादकीय व विज्ञापन विभाग - 7319894441, फैक्स (06432) 240300 RNI No. JHAHIN/2019/78205 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिये जिम्मेवार) E-mail - awazdesk@gmail.com